www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

नई दिल्ली, शनिवार, 18 मई , 2024 | वर्ष-17 | अंक -42 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए

पाक अधिकृत कश्मीर पर अपना दावा नहीं छोड़ेगा... 02

■ दिल्ली में प्रदूषण के खिलाफ प्राथमिकता से काम...
■ विश्व में विशेषकर चिकित्सा जगत में नैतिक... 03

■ अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में इजरायल को हथियार...
■ ईरान में बाढ़ से सात लोगों की मौत 07

भाजपा की चुनाव को सांप्रदायिक रंग देने ... 10

रायबरेली में राहुल के लिए सोनिया की भावुक अपील

मैं आपको अपना बेटा सौंप रही हूं

■ जैसे आपने मुझे अपना माना, वैसे ही राहुल को अपना मानकर रखना ■ सोनिया ने कहा, राहुल आपको निराश नहीं करेंगे ■ रायबरेली की जनसभा में अखिलेश भी रहे मौजूद

रायबरेली, 17 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी ने शुक्रवार को रायबरेली में एक जनसभा में भावुक अपील करते हुए कहा कि मैं आपको अपना बेटा सौंप रही हूं। जैसे आपने मुझे अपना माना, वैसे ही राहुल को अपना मानकर रखना। राहुल आपको निराश नहीं करेंगे।

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने शुक्रवार को रायबरेली में एक संयुक्त जनसभा में कहा, रायबरेली के मेरे परिवारजनों, मुझे खुशी है कि आज काफी समय के बाद आपके बीच आने का मौका मिला है। मैं हृदय से आपकी आभारी हूं। आपके सामने मेरा सिर श्रद्धा से झुका हुआ है। 20 साल तक एक सांसद के रूप में आपने मुझे सेवा का मौका दिया। ये मेरे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। रायबरेली मेरा परिवार है, वैसे ही अमेठी भी मेरा घर है। यहां से न केवल मेरे जीवन की कोमल यादें जुड़ी हुई हैं, बल्कि पिछले 100 साल से हमारे परिवार की जड़ इस मिट्टी से जुड़ी हुई है।

> 20 साल तक एक सांसद के रूप में आपने मुझे सेवा का मौका दिया। ये मेरे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। जैसे रायबरेली मेरा परिवार है, वैसे ही अमेठी भी मेरा घर है : **सोनिया गांधी**

इंदिरा जी के दिल में रायबरेली के लिए एक अलग जगह थी। मैंने उन्हें काम करते हुए करीब से देखा है। राहुल और प्रियंका को भी वही शिक्षा दी है, जो इंदिरा जी और रायबरेली की जनता ने मुझे दी। सबका आदर करो, कमजोर की रक्षा करो। अन्याय के खिलाफ लड़ जाओ।

रायबरेली व अमेठी को बराबर की तवज्जो दी जाएगी : राहुल

अमेठी/रायबरेली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि गठबंधन की सरकार आने पर रायबरेली और अमेठी के विकास में बराबर की तवज्जो दी जाएगी। अमेठी संसदीय क्षेत्र के गौरीगंज-नंदमहर में गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा के पक्ष में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होने कहा मैं आपका हूं,अमेठी का हूं, था और रहूंगा। मैं भले रायबरेली से सांसद बनूं, लेकिन अमेठी मेरा परिवार है और हमेशा रहेगा। जो काम/योजना रायबरेली आएगी वह अमेठी आएगी ये मेरी गारंटी है।

रायबरेली में अखिलेश का मोदी पर तंज

'खटाखट से घबराए लोगों को जनता हटाएगी फटाफट

रायबरेली। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव भी राहुल गांधी के समर्थन में रायबरेली पहुंचे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम लिए बगैर उन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोग बड़े घबराए हुए हैं। बीजेपी वालों ने जब से सुना है कि इंडिया गठबंधन गरीबों के लिए काम करने जा रहा है, तब से वह राहुल गांधी के 'खटाखट-खटाखट' की नकल करने लगे हैं। सपा प्रमुख ने कहा, वो लोग कहते हैं कि चुनाव के बाद हम लोग विदेश चले जाएंगे लेकिन देश की जनता जानती है कि उन्होंने अपने कुछ खास लोगों को एक के बाद एक विदेश भेजने का काम किया था। उनके लोग एक के बाद एक खटाखट-खटाखट विदेश भाग गए। अखिलेश यादव ने रायबरेली में कहा, जो लोग देश को बड़ा बनाने का सपना दिखा रहे थे, उन्होंने देश को कर्ज में डुबा दिया, जो कहते थे, 'न खाएंगे-न खाने देंगे', वह सब डकार गए। इसलिए आज जनता इनसे कह रही है, हम आपको हटा देंगे- फटाफट, फटाफट, फटाफट।'

रायबरेली व अमेठी दोंनो सीटें भाजपा जीतेगी : शाह

अमेठी। लोकसभा चुनाव के बीच समाजवादी पार्टी (सपा) को बड़ा झटका लगा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को ऊंचाहार से विधायक मनोज पांडेय को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। इस दौरान शाह ने दावा किया कि इस बार रायबरेली और अमेठी दोनों सीटें भाजपा की झोली में जाने वाली है। दरअसल, गृह मंत्री अमित शाह से चर्चा के बाद सपा विधायक मनोज कुमार पांडेय ने शुक्रवार को भाजपा का दामन थाम लिया। मनोज पांडेय के भाजपा में आने से लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी की राह आसान होगी। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि परिवारवादी लोग चाहते हैं कि उनके परिवार के लोग ही मुख्यमंत्री बने। बंगाल में ममता बनर्जी अपने भतीजे को मुख्यमंत्री बनाना चाहती हैं, बिहार में लालू यादव अपने बेटे को सीएम बनाना चाहते हैं। वो कहते हैं कि रायबरेली और अमेठी की सीट गांधी परिवार की सीट है, ये सीट किसी की नहीं बल्कि जनता की है।

प्रधानमंत्री पद के लिए ये सब मुंगेरी लाल को भी पीछे छोड़ रहे : मोदी

बाराबंकी, 17 मई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्षी दलों पर एक बार फिर जोरदार निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पीएम पद को लेकर ये सब मुंगेरी लाल को भी पीछे छोड़ रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को बाराबंकी में एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

> प्रधानमंत्री बोले, सिर्फ दमदार सरकार भाजपा ही दे सकती है

इस दौरान उन्होंने कहा कि पीएम पद को लेकर ये सब मुंगेरी लाल को भी पीछे छोड़ रहे हैं। इनके सपनों की इंतहा देखिए, कांग्रेस के एक नेता ने कहा कि रायबरेली के लोग प्रधानमंत्री चुनेंगे। ये सुनते ही समाजवादी शहजादे का दिल टूट गया, बस आंसू नहीं निकले, लेकिन दिल के सारे अरमान बह गए।

पीएम ने कहा कि आज एक तरफ देश हित के लिए समर्पित भाजपा-एनडीए गठबंधन है और दूसरी तरफ देश में अस्थिरता पैदा करने के लिए इंडी गठबंधन मैदान में है। जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ रहा है, ये इंडी वाले ताश के पत्तों की तरह बिखरने शुरू हो गए हैं।

उन्होंने कहा कि 100 सीसी के इंजन से आप 1,000 सीसी की रफ्तार ले सकते हैं क्या? आपको विकास की तेज रफ्तार चाहिए तो वो सिर्फ दमदार सरकार ही दे सकती है। भाजपा सरकार ही दे सकती है।

पीएम मोदी ने कहा कि आपको काम करने वाले और आपका भला करने वाले सांसद चाहिए। पांच साल मोदी को गाली देने वाले नहीं, क्षेत्र का विकास करने वाले सांसद चाहिए। इसके लिए आपके पास एक ही विकल्प है - कमल का निशान। उन्होंने तंज करते हुए कहा कि जो बबुआ जी यानी समाजवादी शहजादे हैं, अब उन्होंने एक नई बुआ की शरण ली है। उनकी ये नई बुआ बंगाल में हैं। उनकी बंगाल वाली बुआ जी ने इंडी गठबंधन वालों को कहा है कि मैं आपको बाहर से सपोर्ट करूंगी। इंडी गठबंधन की एक और पार्टी ने दूसरे को कह दिया कि खबरदार अगर हमारे खिलाफ पंजाब में बोला।

सार संक्षेप

भारत और मंगोलिया रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढाने पर सहमत

नई दिल्ली। भारत और मंगोलिया ने रक्षा क्षेत्र में सहयोग को महत्वपूर्ण बताते हुए इसका दायरा बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है और इस बारे में गहन विचार विमर्श किया है। दोनों देशों के रक्षा मंत्रालयों के संयुक्त कार्य समूह की 12वीं बैठक गुरुवार और शुक्रवार को मंगोलिया की राजधानी उलानबटार में हुई।

मुंबई होर्डिंग में बिलबोर्ड के मालिक भावेश भिंडे गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई पुलिस की एक टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए 13 मई को घाटकोपर में दुर्घटनाग्रस्त हुए होर्डिंग वाली कंपनी के मालिक भावेश भिंडे को राजस्थान के उदयपुर स्थित उनके ठिकाने से गिरफ्तार कर लिया है। इस हादसे में 16 लोगों की जान चली गई और 88 अन्य घायल हो गए थे।

मतदान के आंकड़ों में देरी पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

नई दिल्ली, 17 मई (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से एक याचिका पर एक सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। अदालत में एक गैर सरकारी संगठन ने यह याचिका दायर की। याचिका में चुनाव आयोग से प्रत्येक चरण की वोटिंग के 48 घंटे के भीतर मतदान का डेटा वेबसाइट पर अपलोड करने की मांग की गई है। यह भी मांग की गई है कि इस बारे में शीर्ष अदालत द्वारा चुनाव आयोग को निर्देश दिए जाएं। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पादरीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिसरा की पीठ ने इस याचिका पर शाम 6.30 बजे सुनवाई की। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) एनजीओ द्वारा अदालत में यह याचिका दायर की गई थी। अदालत ने इस मामले को 24 मई के लिए सूचीबद्ध किया है। 24 मई के ठीक एक दिन बाद छठे चरण के तहत मतदान होना है।

■ चुनाव आयोग से एक सप्ताह के भीतर जवाब मांगा

केजरीवाल की याचिका पर फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। याचिका में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से उनकी गिरफ्तारी और उसके बाद दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में उनकी रिमांड को चुनौती दी गई थी। हालांकि, कोर्ट ने उन्हें नियमित जमानत के लिए निचली अदालत का रुख करने की छूट दे दी।

तेजस्वी यादव का बड़ा दावा

पुलिस में भी अग्निवीर योजना लाएगी भाजपा सरकार

पटना, 17 मई (एजेंसियां)। बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने केंद्र की बीजेपी सरकार को एक बार फिर निशाने पर लिया है। उन्होंने पुलिस विभाग में भी सेना की तरह अग्निवीर योजना लाने की मंशा रखने का बीजेपी पर आरोप लगाया है। पत्रकारों से बात करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि पूरे देश भर में युवाओं के बीच जो सबसे बड़ा मुद्दा बन रहा है वह अग्निवीर योजना है। हमारी अधिकारियों से बात हुई है। सरकार पुलिस में भी अग्निवीर योजना लाना चाहती है। केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि पहले तो ओल्ड पेंशन स्कीम को खत्म कर दिया गया। 2000 में भाजपा सरकार ने ही सबसे पहले पेंशन खत्म की थी।

स्वाति ने कोर्ट में दर्ज कराया बयान

नई दिल्ली, 17 मई (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आधिकारिक आवास पर हुए कथित हमले के मामले में शुक्रवार को दिल्ली की तीस हजारी अदालत में अपना बयान दर्ज कराया। मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट कात्यायनी शर्मा कंडवाल ने अपने कक्ष में मालीवाल का बयान दर्ज किया।

देश के कई इलाके भीषण गर्मी से जूझ रहे

दिल्ली में इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा

नई दिल्ली, 17 मई (एजेंसियां)। इन दिनों देश के कई इलाके भीषण गर्मी से जूझ रहे हैं। राजधानी दिल्ली में गुरुवार को इस सीजन का सबसे गर्म दिन रिकॉर्ड किया गया। दिल्ली में गुरुवार को अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। वहीं हरियाणा के सिरसा में अधिकतम तापमान 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। शुक्रवार को देश के कई इलाकों में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। शनिवार को अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की आशंका जताई गई है।

मौसम विभाग के अनुसार, गुरुवार को देश के कई स्थानों पर तापमान 43 डिग्री सेल्सियस से लेकर 46 डिग्री सेल्सियस तक रहा। खासकर राजस्थान के अधिकतर इलाकों में, दक्षिणी हरियाणा के कुछ जिलों में, गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश में भी कुछ स्थानों पर तापमान 43 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा दर्ज किया गया। यह सामान्य तापमान से 2-4 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। मौसम विभाग (आईएमडी) ने गुरुवार को कहा कि 18 मई से पूर्वी और मध्य भारत में भी गर्मी का दौर शुरू हो जाएगा। विभाग ने हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और दिल्ली के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसमें बच्चों, बुजुर्गों और पुरानी बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए स्वास्थ्य संबंधित चिंता पर जोर दिया गया है। चेतावनी में कहा गया है कि लंबे समय तक धूप में रहने वाले या भारी काम करने वाले लोगों में गर्मी से संबंधित बीमारियां बढ़ने की आशंका है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले पांच दिनों तक राजस्थान के कुछ इलाकों, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में 21 मई तक गर्म हवाएं चलेंगी। उत्तर मध्य प्रदेश में 18 मई से 21 मई तक लू (हीट वेव) चलने की चेतावनी जारी की गई है। पश्चिमी राजस्थान, पंजाब और हरियाणा और दिल्ली के कुछ इलाकों में 18-21 मई के बीच जानलेवा लू चलने की आशंका है।

आने वाले दिनों में और सताएगी लू व गर्मी

देश

उवाच

स्वाति मालीवाल आप पार्टी की बड़ी नेता हैं। हमारे यहां तो महिलाएं देवी स्वरूपा मानी जाती हैं। इस प्रकरण को लेकर न तो आप पार्टी और न ही उनके किसी पदाधिकारी को जनता माफ करेगी। अभी भी समय है, उनको माफी मांग कर इस पूरे मामले में अपनी स्थिति स्पष्ट करना चाहिए।

-डॉ.मोहन यादव, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री

तापमान	अधिकतम	न्यूनतम
दिल्ली	43.0	29.0
मुंबई	33.0	30.0
कोलकाता	35.0	30.0
चेन्नई	30.0	29.0

पाक अधिकृत कश्मीर पर अपना दावा नहीं छोड़ेगा भारत : राजनाथ सिंह

लोकसभा के चार चरणों के चुनावों में चार सौ सीटें जीतने की ओर अग्रसर

■ चुनावी सभा में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में मांगे वोट

लखनऊ/देवरिया, 17 मई (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के देवरिया में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता तथा केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में हालात ऐसे बन रहे हैं कि वहां लोगों के तरफ से मांग उठेगी कि वह भारत में विलय करना चाहते है। रक्षा मंत्री ने देवरिया से बीस किलोमीटर दूर गौरी बाजार में भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी के समर्थन में एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) पर अपना दावा कभी नहीं छोड़ेगा लेकिन इसे बलपूर्वक अपने कब्जे में करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी क्योंकि इसके लोग कश्मीर में विकास को देखने के बाद स्वयं इसमें शामिल होना चाहेंगे। यह सब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व फल है। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने आधी सदी देश में चुनी हुई सरकारों को गिराने में लगा दी। उन्होंने कहा कि अब तक देश में अनुच्छेद 356 के तहत 132 बार राष्ट्रपति शासन लगाया गया है, इनमें से 90 बार कांग्रेस के शासनकाल में राष्ट्रपति शासन लगाया गया था।

पीओके के लोगों के तरफ से मांग उठेगी कि वह भारत में विलय चाहते हैं : राजनाथ सिंह

जम्मू-कश्मीर में पहले से ज्यादा शांति व्यवस्था लौटी

रक्षा मंत्री ने कहा कि जम्मू कश्मीर में काफी सुधार हुआ है तथा क्षेत्र में काफी आर्थिक प्रगति हो रही है और वहां पहले से ज्यादा शांति व्यवस्था लौटी है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन भाजपा पर लोकतंत्र को कमजोर करने का आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस से पूछा कि क्या हमारी सरकार के प्रधानमंत्री किसी चुनी हुई सरकार को गिराने में शामिल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जब भी भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई होती है तो विपक्षी कहते हैं कि लोकतंत्र खतरे में है। सिंह ने कहा कि चार चरणों के चुनावों को देखते हुए हम कह सकते हैं कि भाजपा 400 के जीत की ओर अग्रसर होती दिख रही है। उन्होंने केन्द्र सरकार की भाजपा सरकार द्वारा की गई विकास कार्यों की सराहना करते हुए कि आज देश में लोगों को पक्का मकान, स्वास्थ्य सुविधा, आयुष्मान मान कार्ड, गरीबों को राशन, सड़कों का विस्तार, उज्जवला गैस योजना ये सब भाजपा सरकार की देन हैं। उन्होंने कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में रूकी हुई विकास कार्यों की निंदा करते हुए कांग्रेस के घोषणापत्र की विभाजनकारी प्रकृति की आलोचना की और कांग्रेस पार्टी की तुष्टिकरण की राजनीति की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि आज दुनिया में भारत का मान बढ़ा है।

कांग्रेस के सरकारों में अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जब भारत का बोलने का समय आता था, तो अधिकांश कुर्सियां खाली रहती थी। आज स्थिति यह है कि भारत जब बोलता है, तो दुनिया के देश बड़े ही गौर भारत की बात को सुनते है। यह सब देश के प्रधानमंत्री के कारण ही आज संभव हुआ है।

बस्ती में वोट मांगेंगे रक्षामंत्री

बस्ती। उत्तर प्रदेश के बस्ती लोकसभा क्षेत्र में केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित करने के लिए आएंगे। शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लोकसभा क्षेत्र बस्ती के प्रत्याशी हरीश द्विवेदी ने बताया कि 18 मई को हर्रैया विधानसभा क्षेत्र के बीआर इण्टर कालेज परिसर में आयोजित चुनावी जनसभा होगी। इस जनसभा को केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह सम्बोधित करेंगे, जिसको लेकर तैयारियां तेजी से चल रहीं हैं।

ओडिशा में नौकरशाह चला रहे सरकार : शाह

नई दिल्ली, 17 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि मुख्यमंत्री नवीन पटनायक राज्य में कोई प्रगति करने में विफल रहे हैं और उसे नौकरशाह चला रहे हैं। ओडिशा में अधिकारी सरकार चला रहे हैं और लोगों से पूछा कि वे क्या चाहते हैं, राज्य की सरकार कोई उड़िया चलाए या कोई तमिल। शाह ने ओडिशा की राउरकेला स्टील सिटी में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव के पहले चार चरणों ने स्पष्ट रूप से संकेत दिया है कि मोदी पहले ही 270 का आंकड़ा पार कर चुके हैं और जब देश में चुनाव खत्म होंगे तो आसानी से 400 का आंकड़ा पार कर जाएंगे। उन्होंने यह भविष्यवाणी भी की कि ओडिशा में भारतीय जनता पार्टी 15 से अधिक लोकसभा सीटें और 75 विधानसभा सीटें जीतेगी, जिससे वह राज्य में नवीन पटनायक सरकार को हटाकर पार्टी की सरकार बनाने में सक्षम होगी। उन्होंने यह भी सवाल किया कि श्रीजगन्नाथ मंदिर के चारों द्वार भक्तों के लिए क्यों नहीं खोले गए हैं और श्रीजगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार मुद्दे पर जांच आयोग की रिपोर्ट को सरकार ने क्यों दबा दिया है।

जम्मू-कश्मीर की चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप न करें शाह : महबूबा

श्रीनगर, 17 मई (एजेंसियां)। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से जम्मू-कश्मीर की चुनावी प्रक्रिया में 'हस्तक्षेप करने से बचने' की अपील की। महबूबा ने दावा किया कि शाह की शुक्रवार को संपन्न हुई कश्मीर यात्रा के दौरान एक बैठक बुलाई गई, जहां पर्वतीय अधिकारियों को बारामूला में पीपुल्स कॉन्फ्रेंस और अनंतनाग-राजौरी सीट पर अपनी पार्टी का समर्थन करने या फिर गंभी परिणाम भुगतने के निर्देश दिए गए थे। पीडीपी अध्यक्ष ने उत्तरी कश्मीर में एक चुनावी रैली के दौरान कहा कि आज स्थिति यह है कि भाजपा की प्रोक्सी (छद्म) पार्टियां लोगों के साथ जबरदस्ती दवाब डाल रही हैं, उनको धमका रही हैं और भारी रकम खर्च कर रही हैं। केंद्रीय गृह मंत्री को गलत जानकारी दे रही हैं। उन्होंने कहा कि एक रिपोर्ट के अनुसार गृह मंत्री ने अपने जम्मू-कश्मीर दौरे के दौरान पर्वतीय अधिकारियों की एक बैठक में उन्हें फोन करके निर्देश दिया कि यदि वे बारामूला में पीपुल्स कॉन्फ्रेंस और अनंतनाग-राजौरी सीट पर अपनी पार्टी का समर्थन नहीं करते हैं, तो इसका परिणाम परेशानी भरा होगा। मुफ्ती ने कहा कि मैं पर्वतीय क्षेत्र से आने वाले उन अधिकारियों से अनुरोध करती हूं कि आप साहसी लोग हैं। जम्मू-कश्मीर में कठिन हालात दिख रहे हैं। कृपया, जम्मू-कश्मीर के पहले से ही परेशान लोगों की परेशानियां न बढ़ाएं। कृपया दृढ़ और तटस्थ रहें और हम आपके साथ हैं। किसी को भी आपको डराने-धमकाने की अनुमति नहीं देंगे। मैं गृह मंत्री सहित केंद्र सरकार से भी अपील करती हूं कि कृपया जम्मू-कश्मीर के चुनाव में हस्तक्षेप न करें। मुफ्ती ने कहा कि जिस तरह से देश के बाकी हिस्सों में चुनाव होते हैं, कृपया यहां भी उसी तरह से होने दें। चुनाव पूर्व धांधली में शामिल न हों और अधिकारियों को डराना बंद करें। चुनाव में लोगों की सक्रिय भागीदारी नई दिल्ली के लिए एक कड़ा संदेश है, जो अगस्त 2019 के उस फैसले का विरोध कर रही है जिसने जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा निरस्त कर दिया था। उन्होंने अपनी पार्टी के बारामूला लोक सभा उम्मीदवार फयाज मीर के समर्थन में उत्तरी कश्मीर के वात्रगाम, रफियाबाद, क्रालगुंड, पोशपोरा, त्रेहगाम, कावारी, अवूरा और कई अन्य इलाकों में कई रोड शो किए।

उत्तरी कश्मीर में एक चुनावी रैली को किया संबोधित

सार संक्षेप

बोरियो से विधायक लोबिन हेंब्रम झामुमो से निष्कासित

रांची। झामुमो के वरिष्ठ नेता व बोरियो से विधायक लोबिन हेंब्रम को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से 6 वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया गया है। पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि हेंब्रम ने राजमहल सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला करके गठबंधन धर्म के विपरित कार्य किया है। इसलिए इनको पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से 6 सालों के लिए निष्कासित किया जाता है। उल्लेखनीय है कि लोबिन हेंब्रम ने राजमहल लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर नामांकन किया है।

मिजोरम में जमीन घोटाले मामले में 23 दोषी

आइजोल। आइजोल विशेष अदालत (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) ने शुक्रवार को जमीन घोटाले मामले में दक्षिण मिजोरम के लांगतलाई जिले के 23 लोगों को दोषी ठहराया। आरोपियों ने 35 फर्जी भूमि निपटान प्रमाण पत्र (एलएससी) जमा करके मुआवजा प्राप्त करने, अधिकारियों को धोखा देने और आधिकारिक पदों का दुरुपयोग किया है। विशेष न्यायाधीश एचटीसी लालरिंचना ने 23 लोगों को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) सहित विभिन्न धाराओं के तहत दोषी ठहराया। दोषी ठहराए गए लोगों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया, जहां से उन्हें सोमवार को अदालत में पेश किया जाएगा।

तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस में लगी आग

शिवपुरी। मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले के कोलारस थाना क्षेत्र में आज दोपहर तीर्थयात्रियों को जा रही एक निजी बस में आग लग गई। इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि एक निजी बस महाराष्ट्र से केदारनाथ, बद्रीनाथ धाम की यात्रा पर जा रही थी। इसी दौरान कोलारस थाना क्षेत्र के गुना-शिवपुरी मार्ग पर बस से धुआं उठता देख यात्रियों में हड़कंप मच गया। तुरंत बस को रोककर यात्रियों को नीचे उतारा गया। बस में 30 यात्री सवार थे।

प्रज्वल को देश वापस लाने के प्रयास जारी : जी.परमेश्वर

बेंगलुरु। कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने शुक्रवार को कहा कि यौन शोषण कांड में फंसे हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना को देश में वापस लाने के लिए सक्रिय कदम उठाए जा रहे हैं। फिलहाल, रेवन्ना देश से बाहर हैं। डॉ. परमेश्वर ने कहा कि हम उनकी वापसी और उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू होने तक इस प्रक्रिया के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने मामले को संभालने में कांग्रेस सरकार के अटूट संकल्प को दोहराया और कहा कि हम कार्यवाही में कोई बाधा या रुकावट नहीं आने देंगे।

राहुल गांधी पर झारखंड हाईकोर्ट ने लगाया जुर्माना

गृह मंत्री अमित शाह से जुड़े मामले पर हुई कार्रवाई

रांची, 17 मई (एजेंसियां)। झारखंड हाई कोर्ट में मानहानि मामले में चाईबासा स्थित एमपी/एमएलए की विशेष अदालत द्वारा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को समन जारी करने के आदेश को निरस्त करने को लेकर दायर याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में हाईकोर्ट ने राहुल गांधी की ओर से समय मांगे जाने पर उन पर 1000 रुपए का जुर्माना लगाया है। इससे पहले सुनवाई के दौरान प्रार्थी राहुल गांधी की ओर से दो सप्ताह के समय की मांग की गई थी। उल्लेखनीय है कि यह मामला वर्ष 2018 का है। राहुल ने वर्ष 2018 में कांग्रेस के एक अधिवेशन में कहा था कि भाजपा में कोई भी हत्यारा अध्यक्ष बन सकता है, लेकिन कांग्रेस में ऐसा नहीं है। जिसे लेकर भाजपा के नेता प्रताप कटियार ने चाईबासा कोर्ट में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में शिकायतवाद दायर किया गया था। बाद में मामले को चाईबासा में एमपी/एमएलए कोर्ट में ट्रांसफर कर दिया गया था। मामले में अप्रैल 2022 में चाईबासा एमपी/एमएलए कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया था। जिस पर उनके द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया गया। इसके बाद 27 फरवरी 2024 को कोर्ट ने राहुल के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था।

राहुल गांधी के वकील ने कोर्ट में आवेदन देकर सशरीर उपस्थित होने से छूट मांगी थी, लेकिन अदालत ने उनके आवेदन को खारिज करते हुए सशरीर उपस्थित होने का आदेश जारी किया था।

कर्नाटक में अंजली हत्याकांड का आरोपी गिरफ्तार

हुबली, 17 मई (एजेंसियां)। कर्नाटक पुलिस ने हुबली शहर की अंजली की उसके घर पर हत्या करने के मुख्य संदिग्ध आरोपी गिरीश उर्फ विश्वा को गिरफ्तार कर लिया है। अंजलि ने आरोपी के प्रोपोज को मानने से इनकार कर दिया था, जिसके कारण उस पर चाकू से जानलेवा हमला किया गया और उसकी मौत हो गई। हुबली धारवाड़ पुलिस आयुक्त रेणुका सुकुमार ने बताया कि गिरीश को उस समय गिरफ्तार गया जब वह बेंगलुरु से गोवा भाग कर मुंबई पहुंचने की योजना बना रहा था। उन्होंने कहा कि आरोपी गिरीश उर्फ विश्वा को गिरफ्तार कर लिया गया है। वह अंजली की 15 मई को हत्या करने के बाद से फरार था।

पुलिस आयुक्त ने कहा कि गिरीश के चेहरे और सिर पर गंभीर चोटें आईं और आगे की जांच के लिए पूरी तरह से हिरासत में लेने से पहले चिकित्सा उपचार की आवश्यकता है। आरोपी ने दावा किया कि अंजलि की अस्वीकृति और बाद में उसे ब्लॉक करने से वह क्रोधित हो गया, हालांकि मामला अभी भी अधिकारियों द्वारा जांच के दायरे में है। पुलिस ने ड्यूटी में लापरवाही के आरोप में बेंडिगेरी पुलिस इंस्पेक्टर चंद्रप्पा चिक्कोडी और महिला कांस्टेबल रेखा हवरेड्डी को निलंबित कर दिया है। यह अनुशासनात्मक कार्रवाई उन रिपोर्टों के बाद हुई है कि अंजलि ने पहले बेंडिगेरी पुलिस से मदद मांगी थी, जो कथित तौर पर उचित कार्रवाई करने में विफल रही और इसके बजाय उसे वापस भेज दिया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को अंजलि के लिए न्याय की मांग करते हुए हुबली में चेन्नम्मा सर्कल के पास विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार ने कर्नाटक में कानून व्यवस्था ध्वस्त होने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस सरकार की आलोचना की। उल्लेखनीय है कि हुबली में हाल ही में एक कांग्रेस पार्षद की 23 वर्षीय बेटी नेहा हिरेमथ की उसके पूर्व सहपाठी द्वारा कॉलेज परिसर में हत्या कर दी गई थी। उल्लेखनीय है कि यह भयावह घटना बेंडिगेरी पुलिस स्टेशन क्षेत्र में वीरापुरा ओनी इलाके में बुधवार सुबह 5.30 बजे हुई। विश्वा, अंजलि के घर में घुस गया। उसने अंजलि पर कई बार चाकू से वार किए, उसे घर की चारों ओर घसीटा, और उसकी दादी और दो बहनों द्वारा उसे रोकने के प्रयासों के बावजूद अपना क्रूर हमला जारी रखा।

■ बेंगलुरु से गोवा भागकर मुंबई पहुंचने की योजना बना रहा था आरोपी

■ अंजली की 15 मई को हत्या करने के बाद से था फरार

हत्याकांड में कर्नाटक सरकार ने पुलिस की लापरवाही की जांच के दिए आदेश दिए

बेंगलुरु। कर्नाटक के गृह मंत्री जी.परमेश्वर ने शुक्रवार को कहा कि हुबली में अंजलि अंबिगेरा हत्याकांड में पुलिस की कथित लापरवाही के मामले में अतिरिक्त पुलिस उप महानिदेशक (एडीजीपी) रैंक के एक अधिकारी से रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट के अनुसार अंजलि की बुधवार को उसके कथित प्रेमी ने बेरहमी से चाकू मारकर हत्या कर दी थी। इन आरोपों को देखेते हुए डॉ. परमेश्वर ने कहा कि मैं यह आकलन करने के लिए एक समीक्षा बैठक बुलाऊंगा कि क्या पुलिस अधिकारियों ने कोई चूक की है। यदि ये अपराध अक्सर हो रहे हैं तो हमें अंतर्निहित कारकों की पहचान करने और उनसे निपटने की आवश्यकता है। गृह मंत्री ने पुष्टि की कि विश्वा नाम के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और आश्वासन दिया कि उसे कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी।

ओडिशा के खलीकोट में चुनाव पूर्व हिंसा की जांच करेगी एसआईटी : अरुण शारंगी

भुवनेश्वर, 17 मई (एजेंसियां)। ओडिशा के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अरुण शारंगी ने खलीकोट में चुनाव पूर्व हिंसा के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक कार्यकर्ता की निर्मम हत्या के मामले की जांच विशेष जांच दल (एसआईटी) को आदेश दिए। हिंसा में कुछ अन्य घायल भी हुए थे। डीजीपी ने शुक्रवार को बताया कि एसआईटी इस घटना में शामिल अन्य आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करेगी और उनके खिलाफ पुख्ता सबूत एकत्र करेगी। इसके अलावा, एसआईटी मामले की जल्द सुनवाई के लिए 30 दिनों के भीतर आरोप पत्र दाखिल करेगी। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने चुनावी हिंसा की कड़ी निंदा की और कहा कि ऐसी घटनाओं का हमारे लोकतंत्र और नागरिक समाज में कोई स्थान नहीं है। उन्होंने पुलिस से इस जघन्य अपराध के अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की उम्मीद जताई। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी निकुंज बिहारी ढल ने चुनावी हिंसा पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा है कि ओडिशा कभी भी किसी भी तरह की हिंसा बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने पहले ही गंजम के जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को हिंसा को नियंत्रित करने और क्षेत्र में शांति बहाल करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

■ डीजीपी ने दिए मामले की जांच के आदेश

गत 15 मई को हुई थी हिंसा

राज्य में पहले चरण के मतदान के दो दिन बाद 15 मई को खलीकोट में हुई हिंसा के सिलसिले में पहले ही आठ लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। सूत्रों ने बताया कि राज्य में गंजम जिले के खलीकोट ब्लॉक के अंतर्गत श्रीकृष्णशरणपुर पंचायत में बुधवार रात को चुनाव से पहले यह हिंसा की घटना हुई, जहां चुनावी हिंसा के दौरान भाजपा का एक कार्यकर्ता दिलीप पाहन की मौत हो गई और अन्य तीन घायल हो गए। ऐसा कहा जा रहा है कि बीजू जनता दल (बीजद) के कुछ कार्यकर्ताओं ने कथित तौर पर भाजपा समर्थकों पर उस समय हमला कर दिया जब वे जिले के खलीकोट ब्लॉक के अंतर्गत श्रीकृष्णशरणपुर गांव में चुनाव प्रचार में व्यस्त थे।

आलमगीर आलम की ईडी रिमांड शुरू

रांची, 17 मई (एजेंसियां)। झारखंड में कांग्रेस विधायक दल के नेता और राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम की ईडी रिमांड शुक्रवार से शुरू हो गई और उनसे पूछताछ की जा रही है। आलम को होटवार जेल से हिनू स्थित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के क्षेत्रीय कार्यालय लाया गया और यहां उनसे पूछताछ की जा रही है। राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को पीएमएलए कोर्ट ने गुरुवार को 6 दिन की ईडी की हिरासत में दिया है।

उल्लेखनीय है कि राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को लगातार दो दिन तक पूछताछ के बाद ईडी ने रिश्वतखोरी के एक मामले में गिरफ्तार कर लिया था। झारखंड में कांग्रेस विधायक दल के नेता और राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उनके सहायक जहांगीर आलम के घर 32 करोड़ रुपए से अधिक की राशि मिली थी।

भाजपा की नाटकबाजी व जुमलेबाजी अब समझ गई जनता : मायावती

प्रतापगढ़, 17 मई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के प्रताप गढ़ जिले में पहुंची बसपा सुप्रीमो मायावती ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नाटकबाजी, जुमलेबाजी को देश की जनता समझ गई है अब जवाब देने का समय आ गया है, इस बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने वाली नहीं है। प्रतापगढ़ संसदीय संसदीय क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी प्रथमेश मिश्र के समर्थन में विश्वनाथ गंज कस्बे के पास आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए मायावती ने कहा कि ब्राह्मणों पर सरकार ने बहुत अत्याचार किया है, इस सरकार ने गरीबों मजदूरों और व्यापारियों का जीना मुहाल कर दिया है। चुनावी घोषणा पत्र जुमला होता है जिसे कोई भी पार्टी कभी भी अमल में नहीं लाती है इसलिए हम चुनावी घोषणापत्र में काम करने में विश्वास नहीं करते है। उन्होंने मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जिनको भी मुफ्त राशन मिल रहा है उसे मोदी सरकार अपनी जेब से नहीं देती है। यह संघ और भाजपा की जेब से नहीं खर्च होता है। केंद्र की सरकार संविधान व आरक्षण की विरोधी है।

■ केंद्र सरकार को बताया संविधान व आरक्षण विरोधी

■ बसपा प्रत्याशी के समर्थन में मांगे वोट

मायावती ने कहा कि बसपा बिना गठबंधन के दमदारी से चुनाव लड़ रही है, बसपा ने सर्वसमाज की भागीदारी टिकट बंटवारे में करते हुए सबका सम्मान किया है।

चुनाव *त्रिकोणीय मुकाबले में फंसी कश्मीर की बारामूल्ला सीट*

अपना गढ़ छोड़ किस्मत अजमा रहे उमर की राह नहीं आसान

■ सुरेश एस डुग्गर

जम्मू, 17 मई (देशबन्धु)। यह पूरी तरह से सच है कि पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला बारामुल्ला में कड़े मुकाबले में उलझे हुए हैं, जहां तीखे राजनीतिक नारे और झड़पें चुनावी माहौल की विशेषता हैं। उड़ी, कुपवाड़ा और हंदवाड़ा जैसे प्रमुख क्षेत्रों सहित निर्वाचन क्षेत्र में लगभग 17 लाख मतदाताओं के साथ, इस सीट पर बहुत कड़ा मुकाबला है।

अपना गढ़ श्रीनगर छोड़कर नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला पहली बार बारामूल्ला सीट पर चुनाव लड़ रहे हैं। उन्हें टक्कर देने के लिए पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के चेयरमैन सज्जाद गनी लोन और अवामी इत्तेहाद पार्टी के इंजीनियर रशीद चुनाव मैदान में उतरे हैं।

पिछले चुनाव में नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के अकबर लोन ने यह सीट हासिल की थी। इस बार उमर अब्दुल्ला अपनी पारंपरिक सीट श्रीनगर छोड़कर खुद बारामुल्ला से चुनाव लड़ रहे हैं। उन्हें पीपुल्स कांफ्रेंस के सज्जाद लोन और इंजीनियर राशिद से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि पीडीपी ने भी इस क्षेत्र में अपनी ताकत दिखाई है। उसके कार्यकर्ता ने अपनी पार्टी के चुनाव चिह्न कलम के समर्थन में लगातार नारेबाजी करते दिख रहे हैं। प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार, गुलमर्ग की बर्फीली चोटियों और कश्मीर घाटियों में पर्यटकों की आमद के बावजूद बारामुल्ला वर्तमान में राजनीतिक गतिविधि का केंद्र है। कस्बों और गांवों में चुनावी गर्मी साफ दिख रही है। बारामुल्ला के चौक चौराहों पर उमर के पोस्टरों में उनकी पार्टी का हल चिन्ह प्रमुखता से दिखाई देता है, जो उनकी उपस्थिति को मजबूत करता है। इस बीच, पीडीपी कार्यकर्ताओं ने गुलमर्ग से बारामुल्ला तक रास्ते में पीडीपी हमारी जमात है, कलम याद रखें जैसे नारे लगा कर अपनी उपस्थिति दर्शाने की भरपूर कोशिश की है।

■ बारामूला सीट पर 20 मई को होना है मतदान

इंजीनियर राशिद के बेटे और खुद उम्मीदवार अबरार राशिद ने आतंकी फंडिंग के आरोप में अपने पिता के तिहाड़ जेल में बंद होने के बावजूद समर्थन जुटाया है। कश्मीरी में अभियान के नारे उनके संघर्ष पर जोर देते हैं, मतदाताओं से राशिद की सहायता के लिए अपने प्रेशर कुकर चुनाव चिह्न पर बटन दबाने का आग्रह करते हैं। सज्जाद गनी लोन की पीपुल्स कांफ्रेंस, जिसका प्रतीक सेब है, स्थानीय मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए बारामुल्ला की प्रसिद्ध सेब की खेती का लाभ उठाती है। उनके समर्थकों का दावा है कि यह प्रतीक स्थानीय जनता को सबसे अधिक प्रभावित करता है। कांग्रेस ने उमर अब्दुल्ला के साथ गठबंधन किया है, जबकि भाजपा विशेष रूप से मैदान से अनुपस्थित है, हालांकि उमर अपने भाषणों में उन पर निशाना साधते रहते हैं। स्थानीय राजनीतिक विशेषज्ञों का सुझाव है कि उमर अब्दुल्ला ने नेकां के घटते आधार को फिर से हासिल करने के लिए बारामुल्ला को चुना।

हालांकि, कुपवाड़ा और हंदवाड़ा में सज्जाद लोन का प्रभाव, इंजीनियर राशिद के लिए युवा समर्थन के साथ मिलकर, इसे एक चुनौतीपूर्ण प्रतियोगिता बनाता है।

कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

बेटी : मैं पड़ोसी से प्यार करती हूं और भाग रही हूं उसके साथ..!!
बाप : थैंक गॉड...मेरे पैसे और समय दोनों बच गए..!
बेटी : पापा, मैं लेटर पढ़ रही हूं, जो मम्मी रख के गई है...!!!

दिल्ली में प्रदूषण के खिलाफ प्राथमिकता से काम करेगी इंडिया गठबंधन सरकार : कांग्रेस

नई दिल्ली, 17 मई (देशबन्धु)। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने पर्यावरण प्रदूषण को दिल्ली सहित पूरे देश के लिए अहम मुद्दा बताते हुए कहा कि इंडी गठबंधन की सरकार दिल्ली में प्रदूषण के खिलाफ प्राथमिकता से काम करेगी और तय समय सीमा के अंदर फर्क दिखाएगी। पर्यावरण के मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरते हुए कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि यदि आप दुनिया भर के महानगरों को देखें तो दिल्ली सबसे प्रदूषित शहरों में से एक होगा। कांग्रेस ने कहा है कि दिल्ली में कोयले से चलने वाले 11 बिजली स्टेशन है और इनमें मानकों की धज्जियां उड़ाकर प्रदूषण को बढ़ावा दिया जा रहा है तथा दिल्ली के लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। दिल्ली के आसपास 11 बिजली स्टेशन हैं, जो कोयला उपयोग करते हैं। 2009 में सारे बिजली स्टेशनों के लिए वायु प्रदूषण मानक तय किए गए थे, जो इसको लागू नहीं करते थे, उसे बंद करा दिया जाता था। आज असलियत यह है कि 11 बिजली स्टेशनों में से 9 में किसी न किसी तरह मानकों का उल्लघन हुआ है। मोदी सरकार ने इस पर कोई एक्शन नहीं लिया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार कह रही है कि 2027 तक प्रदूषण के मानकों का पालन किया जा सकता है। दिल्ली के आसपास के 11 बिजली स्टेशनों की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की है, जिनमें मानकों का लगातार उल्लंघन होता रहा है। इसका नतीजा सार्वजनिक स्वास्थ्य पर पड़ा है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने शुक्रवार को यहां पार्टी के प्रदेश कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश में चार चरणों का चुनाव हो चुका है और आने वाली 25 मई को दिल्ली में चुनाव होने वाला है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि इन चार चरणों के बाद यह साफ हो गया है कि इस बार इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने जा रहा है और उसकी प्राथमिकता राष्ट्रीय राजधानी में वायु और यमुना नदी में प्रदूषण सहित पांच पर्यावरणीय मुद्दों पर काम करना होगा। इसमें वायु प्रदूषण, अरावली का वनीकरण, यमुना एक्शन प्लान को पुनर्जीवित करना शामिल है।

> दिल्ली में करीब एक दर्जन बिजली स्टेशनों में मानकों की अनदेखी कर कोयले का हो रहा इस्तेमाल : जयराम रमेश

- इंडिया गठबंधन की सरकार बनने का किया दावा
- राजधानी मे पर्यावरण के मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरा

दिल्ली के पर्यावरण के लिए केंद्र सरकार प्राथमिक रूप से जिम्मेदार : कांग्रेस

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि दिल्ली के पर्यावरण के लिए केंद्र सरकार प्राथमिक रूप से जिम्मेदार है, क्योंकि दिल्ली में प्रदूषण की समस्या आसपास के अलग-अलग राज्यों से भी जुड़ी हुई है। आज सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए वायु प्रदूषण एक बहुत बड़ी समस्या बन गई है। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी हमला किया और कहा कि चार चरणों का चुनाव हो चुका है और आने वाली 25 मई को दिल्ली में चुनाव होने वाला है। इन चार चरणों के बाद यह साफ हो गया है कि इस बार इंडिया समूह की सरकार बनने जा रही है, इसलिए प्रधानमंत्री बौखलाए और बेहद डरे हुए हैं। इसी कारण वह उल्टी-सीधी बातें कर रहे हैं।

विश्व में विशेषकर चिकित्सा जगत में नैतिक गिरावट चिंता का विषय : फजलुल्लाह कादरी

ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस टेक्निकल विंग की बैठक आयोजित

नई दिल्ली, 17 मई (देशबन्धु)। ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस टेक्निकल विंग की एक बैठक प्रोफेसर फजलुल्लाह कादरी की अध्यक्षता में दरियागंज, नई दिल्ली में आयोजित की गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विश्व में बढ़ती नैतिक गिरावट, विशेषकर चिकित्सा जगत में नैतिक गिरावट चिंता का विषय है। उन्होंने आगे कहा कि नैतिकता का हमेशा उच्च स्थान रहा है, लेकिन दुर्भाग्य से आज हर चीज का व्यवसायीकरण हो गया है और मामलों में कोई शफ्फाफियत नहीं है, जिसके कारण नैतिक पतन आधुनिक समय का सबसे खराब मुद्दा बन गया है। प्रोफेसर फजलुल्लाह कादरी ने कहा कि हकीम बुकरात ने मेडिकल पेशे को जो कसम दिलाई थी अगर उस पर पालन नहीं किया तो आने वाले कल में और भी समस्याएं पैदा होंगी।इस अवसर पर मिल्ली रहनुमा और मुफक्किर मुहम्मद खालिद लखनवी ने कहा ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस से जुड़े लोगों के निरंतर प्रयास से यूनानी चिकित्सा को बढ़ावा और विकास हो रहा है। केंद्र सरकार के आयुष विभाग के कुछ सर्कुलरों, अध्यादेशों के कारण अक्सर गलतफहमियां पैदा हो जाती हैं, जिसके कारण कई केंद्रीय और प्रांतीय योजनाओं से यूनानी चिकित्सा गायब है। हाल ही में पद्मश्री के संबंध में गृह मंत्रालय द्वारा जारी एक सर्कुलर में आयुर्वेद,योग सीधा और होम्योपैथी डॉक्टरों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, इसमें यूनानी चिकित्सा का उल्लेख नहीं है, जो यूनानी चिकित्सा को जानबूझ कर नज़र अंदाज़ करने वाला काम है। ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के महासचिव डॉ. सैयद अहमद खान ने कहा कि ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस की टेक्निकल विंग विशेष रूप से आयुष मंत्रालय की योजनाओं पर कड़ी नजर रखती है और समय-समय पर यूनानी चिकित्सा विज्ञप्ति के अधिकार वापस लेने के लिए आयुष मंत्रालय को पत्र भी लिखती है उन्होंने आगे कहा कि प्रांतीय स्तर पर संगठन के सक्रिय सदस्य बधाई के पात्र हैं क्योंकि वे बिना किसी लालच के ईमानदारी से अपनी नैतिक जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

सार संक्षेप

लैंक्सेस को वर्ष 2024 में आय में 10 से 20 फीसदी की वृद्धि की उम्मीद

नई दिल्ली। रसायन उद्योग के कमजोर वैश्विक आर्थिक माहौल से पहली तिमाही के नतीजों के प्रभावित होने के बावजूद विशेष रसायन कंपनी लैंक्सेस को चालू वित्त वर्ष में आय में 10 से 20 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। पहली तिमाही में, बिक्री में 15.4 प्रतिशत की गिरावट आई और यह पिछले वर्ष की अपेक्षाकृत मजबूत तिमाही के 1.899 बिलियन यूरो की तुलना में 1.607 बिलियन यूरो तक पहुंच गई। एबिटा 101 यूरो मिलियन रहा, जो पिछले वर्ष के 189 मिलियन यूरो के आंकड़े से 46.6 प्रतिशत कम है। आय में गिरावट का मुख्य कारण कम बिक्री मूल्य और कई ग्राहक उद्योगों में लगातार कमजोर मांग रही। लैंक्सेस एजी के सीईओ मैथिएस जैशर्ट ने कहा कि ऐसा लगता है कि हम रसायन उद्योग में निचले आर्थिक छू चुके हैं।

राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम के जन स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू और इसकी रोकथाम के तरीकों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए राष्ट्रीय डेंगू दिवस-2024 मनाया। मच्छर जनित बीमारियों की समस्याओं के समाधान के लिए सामुदायिक भागीदारी एक महत्वपूर्ण रास्ता है। सामुदायिक भागीदारी के बिना डेंगू की रोकथाम, नियंत्रण और उन्मूलन संभव नहीं है। जन स्वास्थ्य विभाग के सभी 12 जोनों ने राष्ट्रीय डेंगू दिवस को मनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए हैं। एमसीडी के सेंट्रल जोन ने एब्सोल्यूट ह्यूमन केयर फाउंडेशन और इंद्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी दिल्ली के सहयोग से वेक्टर नियंत्रण उपायों के लिए समुदाय की भूमिका पर चर्चा का आयोजन किया और डेंगू नियंत्रण में राष्ट्रीय परिदृश्य और चुनौतियों के बारे में जानकारी दी।

स्वाति मालीवाल मामले में आतिशी का भाजपा पर आरोप

केजरीवाल को फंसाने के लिए रचा षड्यंत्र

नई दिल्ली, 17 मई (देशबन्धु)। वरिष्ठ आप नेता आतिशी ने शुक्रवार को भाजपा पर सीएम को फंसाने का आरोप लगाया। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए साझा किया कि, भाजपा ने सीएम अरविंद केजरीवाल को फंसाने के लिए षड्यंत्र रचा और इसमें स्वाति मालीवाल को मोहरा बनाया। उन्होंने कहा कि, सीएम अरविंद केजरीवाल को साजिशन फंसाने का इरादा था लेकिन वीडियो के जरिए षड्यंत्र का हुआ पर्दाफाश। आतिशी ने कहा कि स्वाति मालीवाल के पास सीएम से मिलने का कोई अपॉइंटमेंट नहीं था लेकिन वो पुलिस कर्मियों से जोर-जबरदस्ती कर सीएम आवास में घुस गई। स्वाति मालीवाल का दावा था कि उनके साथ मारपीट हुई, वो बोलने की स्थिति में नहीं थी लेकिन वीडियो में स्वाति मालीवाल पुलिस कर्मियों को धमकाते दिखी। बिना अपॉइंटमेंट न मिलने देने पर स्वाति मालीवाल ने पुलिस कर्मियों को रौब भी दिखाया कहा- मैं राज्यसभा सांसद, रोकने की कोशिश करोगे तो नौकरी से निकलवा दूंगी। आतिशी ने कहा कि, विभव कुमार ने ड्राइंग रूम में सीएम के उपलब्ध न होने की बात कही तो जबरदस्ती स्वाति मालीवाल ने घर में घुसने का प्रयास किया व अभद्रता की। उन्होंने कहा कि भाजपा की इस साजिश का एक और सबूत ये है कि, स्वाति मालीवाल सीएम आवास के बाद पुलिस स्टेशन गई, पर पुलिस ने एमएलसी करवाने के लिए कहा पर स्वाति मालीवाल ने मना कर दिया। उन्होंने कहा कि, स्वाति मालीवाल 13 मई को मुख्यमंत्री आवास पहुंची, उनका इरादा मुख्यमंत्री पर आरोप लगाना था लेकिन सीएम उस दौरान उपलब्ध नहीं थे, इसलिए वो बच गए। फिर स्वाति मालीवाल ने विभव कुमार पर आरोप लगाए लेकिन शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास का एक वीडियो सामने आया है, उस वीडियो ने स्वाति मालीवाल के झूठ को पूरे देश के सामने रख दिया है। आतिशी ने कहा कि स्वाति मालीवाल ने दिल्ली पुलिस में दर्ज अपने एफआईआर में कहा था कि, उनकी बेरहमी से पिटाई हुई, उनके सिर पर चोट लगी, पिटाई के बाद वो दर्द में कराह रही थी, उनसे बोला नहीं जा रहा था, वो पुलिस को बार-बार कह रही थी कि, उन्हें मारा गया है।

> केजरीवाल से बिना अपॉइंटमेंट न मिलने देने पर स्वाति मालीवाल ने पुलिस कर्मियों को रौब दिखाया : आतिशी

मालीवाल द्वारा लगाए सारे आरोप निराधार

आतिशी ने कहा कि, वीडियो में दिख रहा है स्वाति मालीवाल सोफे पर आराम से बैठी है, न दर्द में कराह रही है, न उनके कपड़े फटे है, न उनके सिर पर चोट लगी है बल्कि वो ऊंची आवाज में सबको धमका रही है। उन्होंने कहा कि, वीडियो से साफ हुआ स्वाति मालीवाल द्वारा लगाए सारे आरोप बिलकुल निराधार, झूठ है और पूरी तरह एक साजिश है। वरिष्ठ आप नेता आतिशी ने कहा कि, जब से अरविंद केजरीवाल को बेल मिली है, भाजपा द्वारा लगाए गए झूठे केस में वो तिहाड़ जेल से बाहर आए है, तबसे भाजपा बौखलाई हुई है। इसी बौखलाहट में भाजपा ने एक षड्यंत्र रचा और उस षड्यंत्र के तहत स्वाति मालीवाल जी को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर 13 मई को सुबह-सुबह भेजा गया। इस षड्यंत्र का इरादा अरविंद केजरीवाल पर झूठे आरोप लगाना था। स्वाति मालीवाल इस षड्यंत्र का चेहरा और मोहरा थी।

दिल्ली में आज एक कलंकित सरकार : भाजपा

आप व कांग्रेस पर दिल्ली भाजपा ने जारी किया आरोप पत्र

नई दिल्ली, 17 मई (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं आरोप पत्र समिति के अध्यक्ष विधायक विजेन्द्र गुप्ता ने संयुक्त प्रेसवार्ता कर दिल्ली भाजपा का आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस पर आरोप पत्र जारी किया। प्रेसवार्ता में मीडिया प्रमुख एवं आरोप पत्र समिति के सदस्य प्रवीण शंकर कपूर ने कहा की आज दिल्ली में एक कलंकित सरकार है जिससे सब शर्मसार हैं। कपूर नए आरोप पत्र समिति के अन्य सदस्यों प्रदेश उपाध्यक्ष कपिल मिश्रा, प्रदेश मंत्री हरीश खुराना, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष सरदार राजा इकबाल सिंह, उपनेता नगर निगम जयभगवान यादव, प्रदेश प्रवक्ता प्रीति अग्रवाल एवं पार्टी नेता गुलशन विरमानी का परिचय कराया जिनके सकारात्मक योगदान से इस आरोप पत्र को तैयार किया गया है। प्रेसवार्ता में मीडिया रिलेशन प्रमुख विक्रम मित्तल भी उपस्थित थे। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि कांग्रेस और आप लूट में भागीदार यह टाइटल दोनों पार्टियों पर बिल्कुल सटीक बैठती है। पिछले 9 सालों में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने किस प्रकार से दिल्ली को लूटने का काम किया है, किस प्रकार से दिल्ली में भ्रष्टाचार का शासन चला है, दंगाईयों को सम्मान देने का काम चला है और जिस प्रकार से कांग्रेस ने घूटने टेकते हुए आम आदमी पार्टी के साथ लूट का बंधन किया है, इन सभी बिंदुओं पर आरोप पत्र में विस्तृत रुप से चर्चा की गई है।

आग की घटना के बाद बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर उठे सवाल

केयर सेंटर में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में की गई चर्चा

नई दिल्ली, 17 मई (देशबन्धु)। अंतारा सीनियर केयर सेंटर में हुई आग की घटना ने देश की वृद्धावस्था व्यवस्था की गहरी कमियों को उजागर करती है। जनवरी 1, 2023 को अंतारा सीनियर केयर सेंटर में हुई आग की घटना में विनीत अरोरा ने अपनी बुजुर्ग मां को खो दिया था। इस घटना ने परिवारों को वृद्धावस्था की लापरवाही से जूझने वाली चुनौतियों को सामने लाया है। जनवरी 1, 2023 को हुए इस घटना ने न केवल विनीत और उनके परिवार को विनाशग्रस्त किया है, बल्कि भारत की वृद्धावस्था प्रणाली में भी गहरी समस्याओं को प्रकट किया है। केयर सेंटर में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में चर्चा करते समय, विनीत बताते हैं कि आग से पहले सेंटर की सुरक्षा के बारे में कोई चेतावनी का प्रतीक नहीं था। हालांकि, उन्होंने अधिकारियों और प्रबंधन के प्रतिक्रिया के बाद निराशा जताई, अपनी मां की मौत के संबंध में पारदर्शिता की कमी की आलोचना भी की। आग की घटना से पहले, विनीत ने अंतारा को वृद्धों के लिए एक सुरक्षित स्थान के रूप में देखा था। उनकी माँ, कंचन अरोरा, ने भी केयर सेंटर को अपने रहने के लिए सुखद एवं आरामदायक महसूस किया जिस कारण उन्होंने दिसंबर 2022 में दो महीनों के लिए वहां जाने का निर्णय लिया। लेकिन उनकी माँ की दुर्भाग्यपूर्ण मौत के बाद, विनीत और उनके परिवार का आरोप है कि अंतारा में सुरक्षा के उचित उपाय नहीं थे। हमारी मां की आग में दुर्भाग्यपूर्ण मौत के बाद, हमें पुलिस चार्जशीट से प्राप्त जानकारी के माध्यम से समझ में आया है कि यह संस्था वृद्धों के परिचालन केंद्र के रूप में सीनियर सेंटर होने का नाटक करती थी, वास्तव में, यह हॉस्टल और पॉलीक्लिनिक लाइसेंस के नाम पर चलती थी, विनीत अरोरा ने आग दुर्घटना के बारे में बातचीत के दौरान एक मीडिया प्रकाशन के साथ साझा किया। कंचन अरोरा के बच्चों ने अंतारा को लाभ के प्रति सुरक्षा के मुकाबले प्राथमिकता देने का आरोप लगाया, सुरक्षा प्रोटोकॉल को कम करने वाली कई उदाहरण देते हुए। एक चित्र 1980 का, कंचन अरोरा अपने चार बच्चों के साथ। मीडिया के साथ बातचीत में, विनीत दुर्भाग्यपूर्ण आग दुर्घटना पर विचार करते हैं, जाहिर करते हैं कि यदि केंद्र के (का) प्रबंधन अधिक सतर्क होता-कमरों में आग भड़काने वाले वस्त्रों की अनुबंधिक प्रतिषेध और सुरक्षा उपकरण के कार्यक्षमता को सुनिश्चित करते-तो उनकी मां को असमय मौत से शायद बचाया जा सकता था।

जल ही जीवन है

उत्तर रेलवे

ई-निविदा (ई-प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ-निविदा आमंत्रण ।

1.	कार्य का नाम	वरिष्ठ मंडल अभियंता – II के अधिकार क्षेत्र में सहायक मंडल अभियंता/गाजियाबाद के अंतर्गत एसएसई/पी.वे/जीजेडबी–II के अनुभाग में वर्ष 2024–25 में अवधि समाप्ति 30.06.2025 तक के लिए ट्रैक के रखरखाव हेतु वार्षिक पी. वे ज़ोन।
2.	कार्य की अनुमानित लागत (रूपये)	आईआरईपीएस पर एनआईटी के अनुसार
3.	बयाना राशि (रूपये)	आईआरईपीएस पर एनआईटी के अनुसार
4.	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये)	Rs. 0.00
5.	निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय	11.06.2024 को 15:00 बजे तक
6.	वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है।	निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध।

• ठेकेदारों को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। सं: 128–डब्ल्यू/280/ई–निविदा सूचना/एनआईटी–25–2024–25/डब्ल्यू–2 दिनांक: 16.05.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1493/24

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, उत्तर रेलवे, कश्मीरी गेट, दिल्ली-6 निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:-

1	कार्य का नाम एवं स्थान:	दिल्ली मण्डल के गाजियाबाद-सहारनपुर सैक्शन पर मौहिउददीनपुर रेलवे स्टेशन के पास कि.मी.55/13-15 पर समपार फाटक सं. 19-सी के बदले सीमित उँचाई भूमिगत मार्ग तथा 1x60 मीटर बाओसीट्रिंग टाइप + 1x 24.55 मीटर कम्पोजिट गर्डर टाइप सहित 2 लेन सड़क उपरी पुल का निर्माण तथा कि.मी. सं. 114/5-6 पर समपान फाटक सं. 50 पर सड़क निचला पुल एवम सीमित उँचाई भुमिगत मार्ग का निर्माण सम्बन्धित कार्य करने हेतु।
2	अनुमानित/निदेषात्मक परियोजना लागत	रुपये 3756.80 लाख
3	कार्य पूरा करने की अवधि	18 माह
4	जमा की जाने वाली जमानती राशि	रुपये 20,28,400.00
5	विस्तृत ई-निविदा सूचना तथा निविदा दस्तावेज	उपर्युक्त निविदा दस्तावेज आई आर ई पी एस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 18.05.2024 से 10.06.2024 के बीच 11.30 बजे तक उपलब्ध होंगे।
6	ई-निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि और समय	निविदा 11.30 बजे दिनांक 27.05.2024 से 10.06.2024 तक आई आर ई पी एस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है तथा उसके बाद केवल तकनीकी सह वाणिज्यिक बिडों को 11.30 बजे दिनांक 10.06.2024 को खोला जाएगा।
7	निविदा खुलने की तिथि और समय	10.06.2024 को 11.30 बजे खोली जायेगी। पात्र निविदाकर्ताओं की वितीय बोली तदनुसार खोली जायेगी जिसकी समय और तिथि की सूचना बाद में दी जायेगी।

सं. – 74-डब्लु/1/2/400/डब्लु.ए/ शिवाजीब्रिज-II दिनांक: 17.05.2024 1502/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या–1, सैक्टर के0पी0–4 ग्रेटर नौएडा सिटी
जि0–गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सिग्मा आवासीय भूखण्डों की योजना के अन्तर्गत भूखण्ड संख्या– 478, BLOCK-H, AREA-40 SQM, SECTOR- ALPHA-02, ALLOTMENT NO.-A013450, GREATER NOIDA, आवंटी SH. ROHITASH SINGH S/O SH. CHHITAR SINGH के पक्ष में आवंटित है। आवंटी SH. ROHITASH SINGH S/O SH. CHHITAR SINGH की मृत्यु दिनांक 23.05.2020 को हो जाने के उपरान्त उक्त भूखण्ड को वारिसान/प्रेष विज्ञाप्ति/शपथ पत्र के आधार पर मृतक आवंटी की पत्नी SMT. SAROJ W/O LATE SH. ROHITASH SINGH उपरोक्त वर्णित भूखण्ड को पूर्ण रूप से अपने पक्ष में नामान्तरण कराने हेतु प्राधिकरण में आवेदन किया है। इस नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में स्वर्गीय SH. ROHITASH SINGH S/O SH. CHHITAR SINGH के स्थान पर भूखण्ड को उनकी को उनकी पत्नी SMT. SAROJ W/O LATE SH. ROHITASH SINGH, R/O H-478, ALPHA-02, GREATER NOIDA, DISTT.-GAUTAM BUDH NAGAR, U.P.-201310 का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

विशेष कार्याधिकारी (सम्पत्ति)
ग्रेटर नोएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्लॉट न0–01, सैक्टर–के0पी0–04, ग्रेटर नौएडा सिटी
जिला–गौतमबुद्धनगर

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Santushti Sahkari Awas Samiti Ltd. के माध्यम से आवंटित भवन संख्या–C-609, 6th Floor, Icon Apartments, Sector-Chi-03, क्षेत्रफल–121.28 वर्ग मीटर, Mrs. Sadhana Bakshi W/o Shri Deepak Bakshi & Mr. Prashant Bakshi S/o Shri Deepak Bakshi के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। सह आवंटी Mr. Prashant Bakshi की मृत्यु दिनांक–04.09.2023 को हो जाने के उपरांत उनके स्थान पर उनकी पत्नी Mrs. Smriti Hajela Bakshi W/o Late Prashant Bakshi ने उक्त भवन को अपने पक्ष में नामान्तरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सूनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में सह आवंटी Mr. Prashant Bakshi के स्थान पर उनकी पत्नी Mrs. Smriti Hajela Bakshi W/o Late Prashant Bakshi के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा। मूल आवंटी Mrs. Sadhana Bakshi W/o Shri Deepak Bakshi का नाम पूर्ववत रहेगा।

प्रभारी (ग्रुप हाउसिंग)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी–2, सैक्टर–ओमेगा–1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर–201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उप जिलाधिकारी, सदर द्वारा जारी परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 1055/एस0टी0–एस0डी0एम0/2022, दिनांक 20.08.2022 अनुसार ग्राम डंगूरपुर रिलका में मृतक श्री सुदेश कुमार पुत्र स्व0 श्री कृपाल सिंह, निवासी ग्राम डूंगरपुर रीलका परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 29.06.2021 को हो चुकी है जिनमें मृतक के स्थान पर उनके पारवारिक सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

ग्राम का नाम	खसरा संख्या	मृतक काश्तकार का नाम	मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम	आयु लगभग	मृतक से संबंध	विशेष
डूंगरपुर रिलका	208	श्री सुदेश कुमार पुत्र स्व0 श्री कृपाल सिंह, निवासी ग्राम डूंगरपुर रीलका, परगना दनकौर, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर	श्रीमती संतोष देवी	38	पत्नी	विधवा
			श्री विपिन कसाना	23	पुत्र	
			श्रीमती निकिता कसाना	22	पुत्र	विवाहित

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर उनके पारिवारिक सदस्यों के नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर या प्राधिकरण द्वारा अन्य अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

उत्तर रेलवे

'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के तहत स्टॉल स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं:

क) स्टॉल: सोनीपत और दिल्ली शाहदरा स्टेशनों पर

ख) ट्राली: आनंद विहार टर्मिनल, पालम, दिल्ली सफदरजंग, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज, देवबंद, जींद, जाखल, मानसा, टोहाना, टपरी, नरवाना, जुलाना, शामली, बादली, परतापुर, मुरादनगर, मोदीनगर और खतौली स्टेशनों पर।

- सोनीपत स्टेशन पर स्टॉल स्थापित करने की अवधि प्रति चरण में 90 दिन होगी।
- उपरोक्त (ख) समूह के अंतर्गत दिए गए स्टेशनों पर ट्राली स्थापित करने की अवधि 30 दिन होगी।
- NSG 1, 2 और 3 स्टेशनों पर रजिस्ट्रेशन शुल्क 2000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा और NSG 4 (पालम और मोदीनगर), NSG 5 (शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज, जिंद, जाखल, मानसा, टोहाना, नरवाना, देवबंद, टपरी, जुलाना, शामली, बादली, मुरादनगर, खतौली और दिल्ली सफदरजंग) & NSG 6 (परतापुर) स्टेशनों के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 1000 रु की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा।
- प्रतिभागी के लिए पात्रता मानदंड निम्नलिखित हैं:
  - क) विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा, या अपेक्षित राज्य/केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगरों/बुनकर आईडी कार्ड धारक।
  - ख) भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड)/राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी)/खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी)/गैर सरकारी संगठन और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर सूक्ष्म उद्यमों के साथ पंजीकृत और सामाजिक संगठनों, राज्य सरकार के साथ निकायों आदि के साथ नामांकित/पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार।
  - ग) पीएमईजीपी (प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह।
  - घ) समाज के हाशिए पर या कमजोर वर्ग।
  - ङ) किसी भी अलग प्रतीक चिन्ह की अनुमति प्रदान नही की जाएगी।
- आवेदक को स्टेशन अधीक्षक को एक वचन पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह संकेत दिया जाएगा कि ट्रेन संचालन, यात्री सुरक्षा और रेलवे की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए कोई गतिविधि नहीं की जाएगी।
- आवेदक द्वारा का आवेदन इस अधिसूचना के जारी होने के बाद 27.05.2024, 15:00 बजे तक स्टेशन अधीक्षक को संबोधित व जमा किया जा सकता है व उसी दिन खोला जाएगा।
- सभी अनुमोदित प्रतिभागियों का प्राथमिकता रोस्टर बनाने के लिए एसएस और स्टेशन प्रबंधक/अनुभागीय सीएमआई और नामांकित वित्त प्रतिनिधि द्वारा सभी अनुमोदित आवेदकों की उपस्थिति में स्टेशन पर आयोजित ड्रा के माध्यम से प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी।
- 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना रेलवे बोर्ड वाणिज्यिक परिपत्र संख्या: 12/2022 एवं 09/2023 के तहत/अधीन मान्य होगी, उपरोक्त परिपत्र वेबसाइट: www.indianrailways.gov.in & URL: https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2022/OSOP%20Policy.pdf और https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2023/_CC%20%2009%20of%202023 पर उपलब्ध है।
- इस से सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए आवेदक संबंधित स्टेशनों के स्टेशन अधीक्षक या सीएमआई से संपर्क कर सकता है।

1495/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

कैपिटल ज़ोन

उवाच "

ट्रैफिक सुबह 6 बजे से रात 11 बजे तक खोला जाएगा। रात 11 बजे से सुबह 6 बजे तक नोएडा अथॉरिटी दूसरी परत बिछाने का काम करवाती रहेगी। जिसकी वजह से रात में 11 बजे से लेकर सुबह 6 बजे तक फ्लाई ओवर बंद रहेगा। इस दौरान जरूरत के हिसाब से वाहनों का डायवर्जन किया जाएगा : **अनिल यादव, डीसीपी ट्रैफिक नोएडा**

वाहनों के लिए खोली गई एलिवेटेड रोड

नोएडा, 17 मई (देशबन्धु)। नोएडा के लोगों को जाम से राहत मिलेगी क्योंकि एलिवेटेड की रिसर्फेसिंग का पूरा कर लिया गया है। इस पर एक परल चढ़ा दी गई है। दूसरी वरत के लिए रात 11 बजे सुबह 6 बजे तक जरुरत के हिसाब से डायवर्जन किया जाएगा। यहां सात अप्रैल से रिसर्फेसिंग का काम किया जा रहा था। इस काम कई चरणों में पूरा किया गया। ऐसे में कई चरणों में यातायात को डावर्जन झेलना पड़ा था। जिससे एलिवेटेड रोड के नीचे लोगो को जाम मिलता था। रोड खुलने से यहां काफी सहुलियत मिलेगी।

नोएडा के एलिवेटेड रोड पर नोएडा अथॉरिटी ने 7 अप्रैल से रिसर्फेसिंग का काम शुरू किया था। नोएडा ट्रैफिक पुलिस की ओर से काम को पूरा करने के लिए प्राधिकरण को 90 दिन का समय दिया गया था, लेकिन प्राधिकरण ने सिर्फ 40 दिन में एलिवेटेड रोड की पुरानी सड़क उखड़कर नई परत बिछा दी है। नोएडा सेक्टर 18 से सेक्टर 60 की तरफ जाने वाली रोड पहले से ही खुली हुई है।

इस प्रोजेक्ट को नोएडा प्राधिकरण के सिविल विभाग की टीम ने काफी तेजी से

■ अब जरुरत पड़ने पर रात 11 से सुबह 6 बजे तक होगा डायवर्जन

किया। नोएडा प्राधिकरण ने मरम्मत में पुरानी सड़क उखाड़ कर एक नई परत बिछाने का काम पूरा कर लिया है। अब नई परत के ऊपर दूसरी परत बिछाई जानी है। इसका काम भी सेक्टर 28 से सेक्टर 60 जाने वाली रोड पर करीब 75 प्रतिशत पूरा हो गया है।

जरुरत के हिसाब से किया जाएगा डायवर्जन

नोएडा के डीसीपी ट्रैफिक अनिल यादव ने बताया कि ऐसे में ट्रैफिक सुबह 6 बजे से रात 11 बजे तक खोला जाएगा। रात 11 बजे से सुबह 6 बजे तक नोएडा अथॉरिटी दूसरी परत बिछाने का काम करवाती रहेगी। जिसकी वजह से रात में 11 बजे से लेकर सुबह 6 बजे तक फ्लाई ओवर बंद रहेगा। इस दौरान जरूरत के हिसाब से वाहनों का डायवर्जन किया जाएगा।

एलिवेटेड रोड पर शुरू होगा रैंप बनाने का काम

नोएडा। डीएससी रोड बन रहे एलिवेटेड रोड पर 15 दिन में रैंप बनाने का काम होगा। इसके कारण भंगेल और नाले के बीच वाहनों के चलने पर प्रतिबंधित रहेगा। ऐसे में वैकल्पिक रास्तों से वाहनों को निकाला जाएगा। पुलिस ने डायवर्जन की योजना तैयार करनी शुरू कर दी है। यह बदलाव निर्माण कार्य के दौरान होगा। भंगेल-सलारपुर रास्ते पर जाम खत्म करने के लिए नोएडा प्राधिकरण एलिवेटेड रोड का निर्माण करा रहा है। अभी निर्माण कार्य के कारण सेक्टर-107 चौराहे से भंगेल तिराहे तक वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित है। यह सड़क काफी जगह से टूटी हुई है। ऐसे में आम वाहन चालक इस रास्ते से नहीं गुजरते हैं। इसी हिस्से में वहीं आते हैं, जिनकी दुकान हैं या घर हैं। भंगेल-सलारपुर रास्ते पर एलिवेटेड रोड का काम चलने के कारण वाहन चालक महर्षि आश्रम के सामने बनी सड़क से सेक्टर-110 मार्केट के पास से होते हुए भंगेल तिराहे तक पहुंच गंदे नाले, फेज टू की ओर जाते हैं। अब भंगेल तिराहे और गंदे नाले के बीच में रैंप बनाने का काम होना है। प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि 15 दिन में यहां रैंप बनाने का काम शुरू होगा। इसके साथ ही वाहनों के रास्तों में बदलाव किया जाएगा। रास्तों में बदलाव इस हिसाब से किया जाएगा कि वाहन चालकों को ज्यादा दिक्कत न हो। इसके लिए पुलिस के साथ मिलकर योजना तैयार की जा रही है।

पुलिस ने डायवर्जन की योजना तैयार करनी शुरू कर दी

गाजियाबाद नगर निगम एयर क्वालिटी सुधार रैंक में भारत में चौथे स्थान पर

गाजियाबाद, 17 मई (देशबन्धु)। दिल्ली से गाजियाबाद के लोगों के लिए शुक्रवार का दिन राहत लेकर आया। दरअसल गाजियाबाद नगर निगम की मेहनत के बल पर अवर एयर क्वालिटी सुधार रैंक में गाजियाबाद देश में चौथे नंबर पर आया जबकि उत्तर प्रदेश में उसे दूसरी रैंक मिली। इस खबर के आने के बाद नगर निगम के अधिकारियों महापौर वह स्टाफ में खुशी का माहौल है। वही नगर आए तो विक्रमादित्य मलिक ने इस बड़ी उपलब्धि के लिए महापौर और समस्त स्टाफ को शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही उन्होंने सहयोग देने के लिए शहर की जनता का भी आभार व्यक्त किया है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि वायु गुणवत्ता सुधार को लेकर भी लगातार कार्य चल रहे हैं। इसी क्रम में गाजियाबाद का भारत में चौथा स्थान केंद्रीय प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के प्राना पोर्टल के अंतर्गत दर्शाया गया है। गाजियाबाद नगर निगम में शहर को धूल मुक्त बनाने के क्रम में सड़कों का सुधार भी कराया है उन्होंने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में अधिकांश कार्य एनवायरमेंट प्रोटक्शन फंड के माध्यम से कराए गए हैं। लगभग 20 करोड़ के कार्य औद्योगिक क्षेत्र में सड़क सुधार में कराए गए एयर क्वालिटी इंडेक्स के अंतर्गत भी लगभग 8 से 10 करोड़ के कार्य कराए गए ।

जिसमें औद्योगिक क्षेत्र को सुधारते हुए धूल मुक्त कर गया है। इसी कार्यवाही को आगे बढ़ते हुए नगर आयुक्त के नेतृत्व में प्लांटेशन के कार्य को बढ़ाया गया है। जिसमें गाजियाबाद नगर निगम की रिक्त भूमि पर मियवकी पद्धति से एक से दो लाख पौधे लगाए गए तथा उनका संरक्षण भी किया जा रहा है। जिससे वायु गुणवत्ता में काफी फर्क पड़ा है। प्लांटेशन का कार्य लगातार उद्यान विभाग द्वारा बढ़ाया जा रहा है और उनके संरक्षण को भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। शहर हित में प्रतिदिन वायु गुणवत्ता सुधार के लिए 8 से 10 एंटी स्मोक गण

■ उत्तर प्रदेश में एयर क्वालिटी सुधार रैंक में दूसरे स्थान पर

■ प्लांटेशन, सड़क सुधार, अमृत सरोवर, एंटी स्मोक गन व वॉटर स्प्रिंकलर का कार्य व अन्य प्रयासों से बदल रही शहर की आबोहवा

तथा लगभग 20 वॉटर स्प्रिंकलर मार्गो पर चलवाए जा रहे हैं। जो कि प्रतिदिन 50 किलोमीटर तक का एरिया कवर कर रहे हैं जिनको चलने के साथ-साथ उनकी मॉनिटरिंग भी प्रबल की गई है। जीपीएस के आधार पर उपकरणों को चलवाया जा रहा है वायु गुणवत्ता में सुधार लाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा वायु गुणवत्ता सुधार को लेकर आगे भी प्लानिंग की हुई है जिसमें पांच अमृत सरोवर का जीर्णोद्धार जलकल विभाग कर रहा है। इसी क्रम में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा बायोडायवर्सिटी पार्क भी शासन से स्वीकृत कर लिया गया है। कुल मिलाकर गाजियाबाद नगर निगम शहर हित में प्लानिंग के तहत कार्य कर रहा है जो की धरातल पर सफल होते दिखाई दे रहे हैं ।

सार संक्षेप

चोरी के सामान व नकदी के साथ आरोपी गिरफ्तार

नोएडा। चोरी के सामान और नकदी के साथ एक शातिर चोर को सेक्टर-49 पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से चोरी का पर्स, आधार कार्ड और पांच हजार रुपए की नकदी समेत अन्य सामान बरामद हुआ है। आरोपी की पहचान होशियारपुर निवासी 22 वर्षीय रज्जफ खान के रूप में हुई है। मुखबिर से मिली सूचना पर उसे सेक्टर-50 स्थित हिटलर पार्क के पास से दबोचा गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसने बुधवार को सेक्टर-50 के पास बनी झुग्गी-झोपड़ी में चोरी की थी। जो पर्स आरोपी ने चुराई थी, उसमें एक पायल और पांच हजार रुपए की नकदी थी। पायल को आरोपी ने राहगीर को 1500 रुपए में बेच दिया था। दूसरी झुग्गी से उसने 700 रुपए चुराए थे। कुछ पैसे आरोपी ने खर्च कर दिए थे, बाकी की रकम को पुलिस ने उसके पास से बरामद कर लिया।

कंपोजिट स्कूल संचालित करवाने की मांग

नोएडा। किसान एकता संघ का प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय संरक्षक चौधरी बाली सिंह के नेतृत्व में बेसिक शिक्षा अधिकारी गौतम बुध नगर से मिला जिसमें संगठन द्वारा गांव निठारी में पुराने प्राथमिक विद्यालय को तोड़कर नई बिल्डिंग बनवाकर कम्पोजिट स्कूल संचालित करवाया जाए। गांव छलेरा में तीनों स्कूलों को मिलाकर एक प्राथमिक विद्यालय रखा जाए। जूनियर हाई स्कूल को इंटर कॉलेज बनाया जाए। प्राइवेट स्कूलों में किसान कोटा शत प्रतिशत लागू करा कर उसे स्कूलों की वेबसाइट पर अपडेट कराया जाए। प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद शर्मा ने बताया कि गांव छलेरा बांगर सेक्टर 44 नोएडा में प्राथमिक विद्यालय नंबर 1 प्राथमिक विद्यालय नंबर दो कंपोजिट स्कूल एवं जूनियर हाई स्कूल संचालित है। लेकिन इंटर कॉलेज न होने की वजह से बालिकाओं को बहुत परेशानी हो रही है स्कूल में बिल्डिंग की व्यवस्था होते हुए भी इंटर कॉलेज संचालित नहीं करवाया जा रहा है। यह बड़े दुर्भाग्य की बात है। अतः जूनियर हाई स्कूल को इंटर कॉलेज बनाकर संचालित कराया जाए।

ठेला लगाने को लेकर हुई मारपीट में चार गिरफ्तार

नोएडा। शिकंजी का ठेला लगाने को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में सेक्टर-39 पुलिस ने चार आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद बोटेनिकल गॉर्डन चौकी प्रभारी की ओर से आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया गया था। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार दोपहर 12 बजे के करीब सेक्टर-37 चौकी के पास मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया के विविध प्लेटफॉर्म पर वायरल हुआ। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि दो पक्षों में गाली गलौज और मारपीट हो रही है। मौके पर लोग जमा हैं और वाहन भी उधर से गुजर रहे हैं। घटनास्थल पर मौजूद एक व्यक्ति ने इसका वीडियो बनाया और इसे वायरल कर दिया। वीडियो में नोएडा पुलिस के अधिकारियों को टैग कर यूजर ने मामले की जांच और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।

वीसी से शिकायत, चंद घंटों में सील हो गई बिल्डिंग

गाजियाबाद, 17 मई (देशबन्धु)।जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स की सख्ती का असर अब जीडीए अधिकारियों पर साफ दिखने लगा। शुक्रवार को दूरभाष पर भूखण्ड संख्या-2/10 सैक्टर-2 राजेन्द्रनगर पर अवैध

निर्माण की शिकायत प्राप्त हुई। जिसका उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने त्वरित संज्ञान लेते हुए सम्बन्धित प्रभारी अधिकारी को नियमानुसार कार्यवाही के लिए निर्देश दिए। उपाध्यक्ष के निर्देशानुसार प्रभारी अधिकारी प्रवर्तन जोन-7 राजकुमार वर्मा दलबल के साथ स्थल पहुंचे और निरीक्षण किया। निरीक्षण में पता चला कि स्वीकृत मानचित्र के विपरीत निर्माण किया जा रहा है। जिसको प्रारम्भिक स्थिति में ही सील करा दिया गया। साथ ही निर्माणकर्ताओं/विकासकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत भूमि पर विधिवत मानचित्र स्वीकृत के अनुसार ही निर्माण किया जाए। इसके साथ ही आम जनमानस को भी सूचित किया गया है कि किसी भी वादग्रस्त/विवादित निर्माण में भवनों का क्रय-विक्रय न करें।

ओलंपिया खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी हुए पुरस्कृत

नोएडा, 17 मई (देशबन्धु)। सेक्टर 62 स्थित एवियर एजुकेशनल हब कॉलेज में आयोजित ओलंपिया 2024 खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य समापन समारोह संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में खेलों के प्रति छात्रों ने अद्वितीय प्रतिभा और समर्पण का प्रदर्शन दिखाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नेक्सजेन एनर्जिया के सीईओ पियूष द्विवेदी और संस्थान की डायरेक्टर कनिका सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने विद्यार्थियों को खेलों के महत्व और जीवन में अनुशासन की भूमिका के बारे में बताया और विभिन्न खेलों क्रिकेट, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, कबड्डी, योगा, रस्साकसी और एथलेटिक्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कॉलेज की निदेशक कनिका सिंह ने सभी प्रतिभागियों के खेल की प्रशंशा करते हुए कहा की इस तरह के आयोजन न केवल छात्रों की शारीरिक क्षमता को बढ़ाते हैं, बल्कि टीम भावना और नेतृत्व के गुणों को भी विकसित करते हैं। डॉ पियूष द्विवेदी ने कहा की आज खेल के छेत्र में जिले को एक अलग पहचान दिलवाने में एवियर एजुकेशनल हब कॉलेज अपना अहम योगदान दे रहा है जिसमे शहर के साथ साथ ग्रामीण छेत्र के खिलाड़ियों को मौका दिलवाया जाता है। कई खिलाड़ी एक अलग मुकाम पर हैं जो हमारे लिए गौरव की बात है।

घर में पति-पत्नी मृत मिले, फैली सनसनी

गाजियाबाद, 17 मई (देशबन्धु)। थाना अंकुर विहार क्षेत्र की शंकर विहार कॉलोनी में शुक्रवार दोपहर का उस समय हड़कम्प मच गया जब पति और पत्नी की लाश बरामद हुई। पत्नी की लाश बेड के ऊपर थी, जबकि पति की लाश फंदे से लटकी मिली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लाशों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच पड़ताल में प्रतीत हो रहा है कि युवक ने किसी विवाद के चलते पहले पत्नी की हत्या कर दी और बाद में फांसी के फंदे पर झूल गया हो। पुलिस मामले की हर सम्भावित बिंदु पर गहराई से जांच पड़ताल कर रही है।

एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा ने बताया कि मूल रूप से एटा

गांव गादूरी में रहने वाले श्याम (28) अपनी पत्नी प्रिया (25)और बेटी कृष्ण के साथ लोनी के शंकर विहार कॉलोनी में रहते थे। वह करावल नगर दिल्ली में एक दुकान पर काम करते थे जबकि प्रिया नोएडा की एक कंपनी में नौकरी करती थी। परिजनों ने बताया कि दोनों में कई दिनों से विवाद चल रहा था। घटना की जानकारी उस समय लगी जब श्याम का भाई जब घर पहुंचा। उसने तत्काल घटना की

■ पत्नी की लाश बेड पर तो पति की लाश फंदे से लटकी मिली

सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इससे पहले श्याम की बड़ी बहन रूमा ने अपने भाई और भाभी को फोन किया था। फोन नहीं उठने पर उसने अपने भाई प्रवीण को उनके घर भेजा।

प्रवीण जब घर पहुंचा तो गेट अंदर से बंद था। उसने अपने भाई और भाभी को आवाज लगाई। अंदर से कोई आवाज ना आने पर प्रवीण घर की दीवार पर सीढ़ी लगाकर घर में दाखिल हुआ। अंदर जाकर देखा तो प्रिया मृतक अवस्था में बेड पर और श्याम फंदे पर लटका हुआ था।

छात्राओं को दी सुरक्षा संबंधी जानकारी

नोएडा, 17 मई (देशबन्धु)। पुलिस और चैलेंजर्स ग्रुप के संयुक्त प्रयासों से कम्युनिटी अवेयरनेस प्रोग्राम शहर की अलग-अलग जगहों पर चलाया जा रहा है। इसके तहत बरौला के रागिनी बस्ती क्षेत्र में आत्मरक्षा, जुंबा और महिला एवं बाल सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन एसीपी महिला सुरक्षा सौम्या सिंह की अगुवाई में किया गया। कंपोजिट विद्यालय कुलेसरा में सड़क सुरक्षा जागरूकता, सीपीआर फर्स्ट एड और मेडिटेशन सत्रों द्वारा बच्चों को जागरूक किया गया। सेक्टर-10 स्थित पार्क और झुग्गी बस्ती क्षेत्र में आत्मरक्षा पीडियाट्रिक्स हैप्पीनेस कैंप और महिला एवं बाल सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्टैलर ग्रीन पार्क और झुग्गी बस्ती में स्वॉट एनालिसिस, गुड टच-बैड टच, लाइफ स्किल की जानकारी पुलिस टीम ने दी। प्राथमिक पाठशाला सलारपुर में सड़क सुरक्षा जागरूकता और महिला एवं बाल सुरक्षा जागरूकता सत्रों का आयोजन किया गया। सभी छात्राओं को महिला सुरक्षा टीम द्वारा मिशन शक्ति पम्पलेट वितरित किए गए एवं महिला हेल्पलाइन नंबर-1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर-1076, साइबर हेल्पलाइन नंबर-1930, आपातकालीन सेवा-112, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर-1098, वन स्टॉप सेंटर नंबर-181 के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया।

सेफ सिटी योजना : औद्योगिक संगठनों व शिक्षा संस्थानों ने नगर निगम के साथ बढ़ाया कदम

गाजियाबाद, 17 मई (देशबन्धु)। शहर की सुरक्षा को लेकर उद्योग बंधुओ ने भी अपना कदम आगे बढ़ाया है। जिसमें औद्योगिक क्षेत्र में लगे हुए कैमरा को जो कि बाहर की तरफ लगे हैं उनको गाजियाबाद नगर निगम के साथ इंटीग्रेट करने के लिए सहमति दी। जिसके लिए गाजियाबाद नगर निगम टीम तथा औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारी के बीच बैठक हुई। बैठक में किस प्रकार कैमरा का इंटीग्रेशन किया जाना है विस्तार से बताया भी गया। इसी के साथ गाजियाबाद के अन्य शिक्षा संस्थान भी सेफ सिटी योजना के अंतर्गत बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं, जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी शहर के शिक्षा संस्थानों को विद्यालयों आगमन तथा निकासी गेट पर लगे हुए कैमरा को इंटीग्रेट करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने बताया कि सेफ सिटी योजना के अंतर्गत शहर के अधिक से अधिक कैमरा को गाजियाबाद नगर निगम आई ट्रिपल सी सेंटर से इंटीग्रेशन का कार्य तेजी से चल रहा है, जिसके क्रम में संबंधित निगम के अधिकारी व अन्य टीम व्यापारी वर्ग से औद्योगिक क्षेत्रीय संगठनों से, शिक्षा संस्थानों से, शहर के

शहर के अधिक से अधिक कैमरों को निगम आई ट्रिपल सी सेंटर से इंटीग्रेशन का कार्य तेजी से चल रहा है : विक्रमादित्य मलिक, नगर आयुक्त

अस्पताल, व अन्य प्रतिष्ठानों से लगातार समन्वय स्थापित कर कैमरा इंटीग्रेशन के कार्य को तेजी से कर रहे हैं। जिसमें सफलता भी प्राप्त हो रही है लगभग 600 से अधिक कैमरा इंटीग्रेशन के लिए कार्यवाही चल रही है। इसी क्रम में औद्योगिक बंधुओ से भी बैठक हुई।

जीडीए मुख्य अभियंता ने किया प्रधानमंत्री आवास योजना व शूटिंग रेंज का निरीक्षण

गाजियाबाद, 17 मई (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए)के प्रभारी मुख्य अभियन्ता मानवेन्द्र सिंह ने जोन-2 के अन्तर्गत मोदीनगर स्थित ग्राम-निवाड़ी में प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत निर्माणाधीन भवनों एवं स्थल के विकास कार्यों व मुरादनगर स्थित शूटिंग रेन्ज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्य में उपयोग किए जा रहे मेटेरियल के गुणवत्ता की जांच की गई। इसके साथ ही संबंधित स्टाफ को निर्देशित किया गया कि कार्य को गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। निरीक्षण के समय अधिशासी अभियन्ता लवकेश कुमार एवं सम्बन्धित स्टाफ के साथ-साथ अनुबंधित फर्म के स्टाफ भी स्थल पर मौजूद रहे।

■ बिल्डिंग मेटेरियल की गुणवत्ता भी जांची

छह माह में बारह चक्कर, नहीं मिला समाधान

खोड़ा, 17 मई (देशबन्धु)। इसे व्यवस्था की बदहाली कहे या अधिकारियों की लापरवाही। छह माह के अंदर विद्युत निगम कार्यालय के दर्जनों चक्कर लगाने के बाद भी 2 किलोवाट से स्वत: छह किलोवाट बढ़े विद्युत अधिभार को दुरुस्त नहीं कराया जा सका। कारण वही उनसे मिलो। अवर अभियंता के साइन कराओ। लाइनमैन जांच करेगा। सारी जांच पूरी होने के बाद उपखंड अधिकारी के कार्यालय के पास लोग लगाते है चक्कर। कांति देवी 40 वर्ग गज जमीन में निर्मित मकान में पिछले 20 वर्षो से खोड़ा कालोनी के प्रताप विहार में निवासरत है। नवंबर माह से पहले इनका मीटर 2 किलोवाट का अधिभार स्वीकृत था। नवंबर माह में इनके मीटर का अधिभार

■ सारी जांच पूरी होने के बाद कार्यालय के पास लोग लगाते है चक्कर

बढ़ाकर 6 किलोवाट कर दिया गया। कांति देवी ने बताया कि घर में सिर्फ पंखा फ्रिज और इन्वर्टर और बोर से पानी निकालने के लिए सबमर्सिबल पम्प का इस्तेमाल किया जाता है। नवंबर माह के बाद इनका बिल ग्यारह बारह सौ की बजाय आठ हजार छह से ऊपर आने लगा। विद्युत निगम कार्यालय से संपर्क करने पर बताया गया कि बिजली की खपत ज्यादा होती है। इसलिए बिल ज्यादा भरना पड़ेगा। कांति देवी द्वारा उपखंड अधिकारी से संपर्क करने पर जांच करवाने के उपरांत बिल ठीक करवाने के लिए आश्वस्त किया गया। लाइनमैन और अवर अभियंता की रिपोर्ट के आधार पर बढ़ा अधिभार गलत पाया गया। उपखंड अधिकारी द्वारा 6 किलोवाट के अधिभार को कम करके 3 किलोवाट कर दिया गया। उसके बाद बिल पच्चीस सौ के आस पास मिलने लगा। किसी सचिन नाम के व्यक्ति द्वारा बारह सौ रुपए की मांग करके बिल ठीक करवाने के लिए कहा गया।

मीटर रीडर करते है शरारत

कुछ भवनों में दुकानों के संचालन के बगैर कमर्शियल बिलिंग कर देते है। अधिकतर मामलों में 2 किलो अधिभार को बढ़ाकर चार किलोवाट की बिलिंग कर देते है। जिससे उपभोक्ताओं को अनायास विद्युत निगम कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते है। वास्तव में कुछ उपभोक्ता असावधानीवश पंखा ए सी और सबमर्सिबल पम्प आदि उपकरण एक साथ चलाते है। मीटर रीडर अधिकतम लोड को मानक लेकर बिलिंग कर देते है। जिससे बिल अधिक आता है।और उपभोक्ता ज्यादा बिल आने पर विभाग के चक्कर काटते है।

मारपीट के मामले में नौ नामजद समेत 19 पर मुकदमा दर्ज

नोएडा, 17 मई (देशबन्धु)। सेक्टर-74 स्थित अजनारा हैरिटेज की मार्केट में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में सेक्टर-113 थाने में नौ नामजद और दस अज्ञात के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज हुआ है।

केस सेक्टर-113 थाना प्रभारी सर्वेश सिंह की ओर से दर्ज कराया गया है। शिकायत में उपनिरीक्षक सुमित कुमार की ओर से बताया गया है कि वह अपने साथियों के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए गश्त कर रहे थे। इसी दौरान डॉयल-112 पर सूचना मिली कि सेक्टर-74 स्थित अजनारा हैरिटेज मार्केट में दो पक्षों के बीच हाथापाई और मारपीट हो रही है। सूचना पर भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। आरोपियों द्वारा एक-दूसरे से मारपीट करने के चलते लोगों में भय का माहौल बन गया और भगदड़

■ पुलिस ने मारपीट में शामिल आठ आरोपियों को दबोचा

■ फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस दे रही दबिश

जैसे हालात कुछ समय के लिए बन गए। पुलिसकर्मियों ने उपद्रव करने वाले कई आरोपियों को दौड़ाकर दबोच लिया। पुलिस टीम ने जिन्हें दबोचा उनकी पहचान अनिकेत, अर्जुन, बोबी, अमन, सनोज कुमार, जोगेंद्र सिंह, जलालुद्दीन और आसिफ के रूप में हुई। घटना में शामिल अन्य आरोपी इस दौरान मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि भागने वालों में शोएब और आठ से दस अज्ञात साथी हैं। पकड़े गए लोगों से विवाद का कारण पूछा गया तो अनिकेत ने बताया कि वह लैपीनो पिज्जा में नौकरी करता है।

उवाच "

गंगाजल की आपूर्ति में आ रही दिक्कतों को दूर करने के लिए आईआईटी की मदद ली जा रही है। टेक्निकल टीम खामियों को ढूंढने के साथ समाधान का उपाय भी बताएगी। शहरवासियों को जल्द से जल्द पर्याप्त गंगाजल मिल सके। इसका प्रयास जारी है
: **रवि कुमार एनजी, सीईओ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण।**

गंगाजल आपूर्ति में खामियों को ढूंढेगी आईआईटी की तकनीकी टीम

ग्रेटर नोएडा, 17 मई (देशबन्धु)। शहर में गंगाजल की आपूर्ति करने में आ रही दिक्कतों को दूर करने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अब आईआईटी की मदद ली है। जिसकी टेक्निकल टीम खामियों को ढूंढने के साथ उसके समाधान का रास्ता भी बताएगी। आईआईटी की रिपोर्ट के आधार पर प्राधिकरण अगला कदम उठाएगा। गंगाजल की आपूर्ति में सुधार न होने पर शासन ने भी संज्ञान लिया है। सेक्टरवासियों द्वारा इस मुद्दे को लगातार उठाया जा रहा है। पानी की समस्या बढ़ती जा रही है। अब देखना होगा कि आईआईटी की टीम क्या समाधान निकालती है।

दरअसल गंगाजल परियोजना का उद्घाटन 1 नवंबर 2022 को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया था। उस समय ग्रेटर नोएडा वासियों को 85 क्यूसेक गंगाजल की बड़ी सौगात दी थी। शुरुआती दौर में अल्फा-1, 2, बीटा-1, 2, नॉलेज पार्क-1, 2, 3, पी-3, 4, 7, डेल्टा-1,2,3 व गामा- 1 व 2 सहित 30 से अधिक सेक्टरों में गंगाजल की आपूर्ति का दावा किया गया था। लेकिन आज स्थिति यह है कि डेढ़ साल बाद भी शहरवासी गंगाजल को तरस रहे हैं। गंगाजल की आपूर्ति शुरू किए जाने पर जगह- जगह पर पाइप फट जाती है। जिससे हजारों लीटर पानी नालियों में बह रहा है। पाइप में जमी मिट्टी की सफाई के लिए फ्लशिंग कराई गई, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। प्राधिकरण ने अपने स्तर पर काफी प्रयास किया, लेकिन आपूर्ति में सुधार नहीं हुआ। गर्मी में पानी के बढ़ते संकट को देखते हुए प्राधिकरण ने समस्या के समाधान के लिए आईआईटी की मदद ली है। आईआईटी की टेक्निकल टीम पाइप की क्वालिटी सहित कई बिंदुओं पर जांच करेगी।

सीईओ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, रवि कुमार ने बताया कि गंगाजल की आपूर्ति में आ रही दिक्कतों को दूर करने के लिए आईआईटी की मदद ली जा रही है। टेक्निकल टीम खामियों को ढूंढने के साथ समाधान का उपाय भी बताएगी। शहरवासियों को जल्द से जल्द पर्याप्त गंगाजल मिल सके। इसका प्रयास जारी है।

- **जगह-जगह पाइप फटने से हर रोज बर्बाद हो रहा हजारों लीटर गंगाजल**
- **सीएम योगी ने किया था गंगाजल परियोजना का उद्घाटन**
- **परियोजना पर 900 करोड़ रुपए खर्च करने के बाद भी घरों में नहीं पहुंच रहा गंगाजल**

कहीं बदलनी न पड़ जाए पाइप

ग्रेटर नोएडा वासियों के लिए गंगाजल लाने का प्रस्ताव सबसे पहले 2005 में बना था। परियोजना को मंजूरी मिलने के बाद 2010 से 2012 के बीच लगभग 176 किमी जलापूर्ति नेटवर्क तैयार कर लिया गया। सभी प्रक्रियाओं को पूरा करते हुए 2010 पाइप लाइन बिछाने का काम पूरा लिया था। इस बीच किसी ने किसी वजह से परियोजना लेटलतीफी का शिकार होती रही। 1 नवंबर 2022 को परियोजना का उद्घाटन होने के बाद आपूर्ति शुरू की गई तो गंगाजल की पाइप लाइन फटने की शिकायतें मिलने लगी। काफी प्रयास के बाद भी व्यवस्था को दुरुस्त नहीं किया जा सका। जिस तरह पाइप लाइन फटने की शिकायत आ रही है, उसको देखते हुए पाइन बदलने की आशंका जताई जा रही है। यदि ऐसा हुआ तो शहरवासियों को गंगाजल के लिए और इंतजार करना पड़ेगा। पाइप बदलने में समय लग सकता है।

आत्म हत्या के लिए उकसाने के आरोप में दो महिलाएं गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा,17 मई (देशबन्धु)। पुलिस हिरासत में हुई युवक की मौत के मामले में दो महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। परिजनों ने इन दोनों महिलाओं पर युवक को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया था। इनमें से एक महिला ने योगेश पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए शिकायत की थी। महिला की शिकायत पर पुलिस ने योगेश को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था। मूल रूप से खैर अलीगढ़ का रहने वाला योगेश चिपियाना स्थित एक बेकरी में काम करता था। बेकरी में साथ काम करने वाली दो महिलाओं ने योगेश और उसके दोस्त पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। इस मामले में पुलिस ने पूछताछ के लिए योगेश को हिरासत में लिया था। चिपियाना पुलिस चौकी में गुरुवार की सुबह योगेश का शव पंखे से लटका मिला था। इसके बाद परिजनों ने चौकी पर जमकर हंगामा किया था। पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए थे। परिजनों ने पुलिस हिरासत में हत्या का आरोप लगाया था।

- **दुष्कर्म का आरोप लगने पर युवक ने पुलिस चौकी में लगाई थी फांसी**

आरोप है कि उसे प्रताड़ित किया गया। इसके बाद परिजनों ने शिकायत करने वाली दोनों महिलाओं पर योगेश को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया। मृतक योगेश के भाई धर्मवीर की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी दोनों महिलाओं के खिलाफआत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मुकदमा दर्ज करवाया था। इस मामले में डीसीपी सेंट्रल नोएडा सुनीति का कहना है कि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपी महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक पकड़ी गई दोनों महिला मूल रूप से सम्भल की रहने वाली है। फिलहाल चिपियाना में रहती है और दोनों महिलाएं योगेश के साथ बेकरी में काम करती थी।

रन्हेरा में एडीएम एलए ने ग्रामीणों से की वार्ता, ग्रामीणों ने दिखाई एकजुटता

- **ग्रामीणों ने प्रथम चरण की समस्याओं के समाधान किए बगैर दूसरे चरण पर वार्ता करने से किया इनकार**
- **नोएडा एयरपोर्ट के लिए जमीन अधिग्रहण का मामला**

जेवर,17 मई (देशबन्धु)। निर्माणाधीन एयरपोर्ट के विस्तारीकरण से प्रभावित गांव रन्हेरा में ग्रामीणों की एकजुटता से प्रशासनिक अधिकारी परेशान हो रहे हैं तथा अधिकारियों द्वारा बार-बार ग्रामीणों को मनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस क्रम में शुक्रवार को एडीएम एलए व उपजिलाधिकारी ने गांव स्थित शिव मंदिर पर ग्रामीणों के साथ वार्ता का आयोजन किया।

जिसमें ग्रामीणों ने एकजुटता का परिचय देते हुए पहले चरण के अधिग्रहण की समस्याओं के समाधान किए बगैर दूसरे चरण पर चर्चा करने से इंकार कर दिया। जिसके बाद अधिकारियों द्वारा प्रथम चरण की सभी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया।

ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार को एडीएम एलए बच्चू सिंह व उपजिलाधिकारी अभय कुमार सिंह ने गांव पहुंचकर शिव मंदिर पर ग्रामीणों से वार्ता कर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए दूसरे चरण में ग्रामीणों द्वारा भूमि अधिग्रहण व विस्थापन के लिए सहमति देने का अनुरोध किया। ग्रामीणों ने अधिकारियों को प्रथम चरण की समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि ग्रामीणों को सारे भूमि का मुआवजा देने, रोजगार का विकल्प चुनने वाले ग्रामीणों को रोजगार देने, परिसंपत्तियों का बकाया प्रतिकर देने की मांग की तथा प्रशासनिक कार्यालयों में किसाना की फाइल को लटकाने का आरोप लगाया। एडीएम एलए बच्चू सिंह ने ग्रामीणों की सभी समस्मायों का शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर उदयवीर सिंह, विपिन चौधरी, एमडी खान, रामशरण सिंह, डालचंद शर्मा, सतवीर सिंह सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

ग्रेनो वेस्ट में जाम व यातायात व्यवस्था को लेकर डीसीपी ट्रैफिक को सौंपा ज्ञापन

- **सामाजिक संगठन नेफोवा ने बढ़ते यातायात दबाव को लेकर रेड लाइट सिस्टम लागू करने की रखी मांग**

ग्रेटर नोएडा, 17 मई (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में आए दिन जाम की लगने वाले और यातायात से संबंधित समस्याओं के समाधान कराने की मांग को लेकर सामाजिक संगठन नेफोवा फाउंडेशन के सदस्य डीसीपी ट्रैफिक अनिल यादव से मिल कर ज्ञापन सौंपा।

नेफोवा अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने डीसीपी ट्रैफिक को बताया की जाम की समस्या सबसे ज्यादा सुबह एवं शाम ऑफिस जाने और आने के समय में तथा सप्ताह के अंत में होती है। उन्होंने यह भी बताया कि टीम के द्वारा विस्तृत सर्वे करने के बाद सभी जाम लगने वाले स्थानों को चिन्हित किया गया है एवं उसकी डिटेल रिपोर्ट बनाकर तथा उसके समाधान हेतु क्या उपाय किए जाने चाहिए वह सब अपने ज्ञापन में शामिल किया है। इसके अलावा इस क्षेत्र में बढ़ती हुई ट्रैफिक मूवमेंट को देखकर रेड लाइट सिस्टम को लागू करने की मांग रखी।

डीसीपी ने सभी समस्याओं को विस्तृत रूप से सुनने एवं समझने के बाद आश्वासन दिया कि जल्द ही क्षेत्र में टीआई एवं एसीपी ट्रैफिक टीम के साथ दौड़ा करेंगे एवं सभी चीजों को ठीक से समझ कर एक विस्तृत रिपोर्ट बनाकर शासन को भेजा जाएगा, जिससे इस समस्या का निदान करवाया जा सके। इस दौरान दिनकर पाण्डेय, राजकुमार राठौर, प्रतीश राय, डीके सिन्हा, दीपक गुप्ता शामिल रहे।

पूछताछ करने पहुंची एसओजी की टीम से मचा हड़कंप

रबूपुरा,17 मई(देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत फर्जीवाड़े के मामले में एसओजी की टीम द्वारा कस्बा में छापेमारी करने से हड़कंप मच गया। कार्रवाई के दौरान व्यक्ति एसओजी की टीम को चकमा देकर मौके से फरार हो गया। वही व्यक्ति ने आरोप लगाया है कार में सवार लोगों पर घर में घुसकर अगवा करने के प्रयास किया गया है। व्यक्ति ने मामले की शिकायत सोशल मीडिया के माध्यम से पुलिस के उच्च अधिकारियों, मुख्यमंत्री से की है। उक्त पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। गुरुवार देर शाम मूल रूप से गांव मुरादगढी निवासी भूपसिंह जो कि रबूपुरा में अपना मकान बनाकर रहते हैं अपने घर पर बैठा हुआ था। तभी बगैर नंबर की एक कार उनके घर में घुस आई और कार में सवार 4-5 लोगों द्धारा भूपसिंह को अगवा करने का प्रयास किया लेकिन भूप सिंह ने मौके से भाग कर अपनी जान बचाई। कार सवार लोगों ने उसका पीछा किया लेकिन खाली हाथ लौटना पड़ा। वही दावा किया जा रहा है कि तीन-चार दिन पूर्व भी उक्त लोगों द्वारा एक अन्य व्यक्ति के माध्यम से पीड़ित से 50 लाख रुपए की मांग की गई थी तथा रकम नहीं दिए जाने पर जान से मारने की धमकी दी गई थी। जिसका एक ऑडियो होने का भी दावा किया गया है। उधर स्थानीय पुलिस का कहना है कि उक्त व्यक्ति के खिलाफ फर्जीवाड़ा कर जमीन बेचने का आरोप है जिसमें उसके खिलाफ केस भी दर्ज है। जिसकी जांच के लिए एसओजी की टीम उसके घर पर पहुंची थी। जिसे देखकर भूपसिंह मौके से फरार हो गया था। अगवा व रंगदारी के लगाए गए आरोप निराधार हैं।

- **पीड़ित ने रंगदारी वसूली के लिए अगवा करने का आरोप लगाते हुए सोशल मीडिया पर उच्चाधिकारियों व मुख्यमंत्री से की शिकायत**

एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग पर पांच दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम आयोजित

ग्रेटर नोएडा, 17 मई (देशबन्धु)। गलगोटिया विवि के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग पर एक व्यापक 5 दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी) का समापन किया गया। एड्रोइटेक इंफॉर्मेशन सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रायोजित, इस कार्यक्रम का उद्देश्य एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग (एएम) की जटिलताओं को समझना, इसकी क्षमता पर चर्चा करना और इसके समक्ष मौजूदा चुनौतियों का सामना करना था। कार्यक्रम का आयोजन प्रो. के. मल्लिकार्जुन बाबू, कुलपति और प्रो. अवधेश कुमार, प्रो-कुलपति के संरक्षण में किया गया है। इस पांच दिवसीय एफडीपी कार्यक्रम में आईआईटी दिल्ली के प्रोफेसर डॉ. पीएम पांडे मुख्य अतिथि के रूप में रही। प्रोफेसर (डॉ) पीएम पांडे ने ष्एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग फंडामेंटल एंड एडवांसेज पर बात की। उन्होंने विभिन्न 3 डी प्रिंटिंग मशीनों की आवश्यकता और चुनौतियां, अगली पीढ़ी के योजक विनिर्माण मानव शरीर की कोशिका प्रणाली पर 3 डी प्रिंटेड कृत्रिम प्रत्यारोपण की जैव-अनुकूलता और आर्थोपेडिक अनुप्रयोगों के लिए बायोडिग्रेडेबल धातु प्रत्यारोपण विकसित करने की प्रक्रिया पर चर्चा की। डॉ. जे रामकुमार, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर (आईआईटी कानपुर) में एक विशेषज्ञ वक्ता के रूप में थे। उन्होंने हाइब्रिड एडिटिव मेटल मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस पर बात की। कार्यक्रम के सफल आयोजन के गलगोटियास विवि के सीईओ डा. ध्रुव गलगोटिया ने समन्वयक समिति के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग पर फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम इंजीनियरिंग शिक्षा में अकादमिक उत्कृष्टता और नवाचार के लिए गलगोटिया विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने तीन जगह पर लगवाया प्याऊ

ग्रेटर नोएडा, 17 मई (देशबन्धु)। चिलचिलाती गर्मी में राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ का इंतजाम किया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर गोल्फकोर्स गोल चक्कर के पास अल्फा कमर्शल बेल्ट की तरफ मिट्टी के घड़े रखे गए हैं। इसी तरह कासना मस्जिद के पास और ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी के गेट नंबर 2 के पास मिट्टी के घड़े रखे गए हैं। ऐसे ही शहर में और भी जगहों पर मिट्टी के प्याऊ लगाने की योजना है।

दादरी बस स्टैंड पर लगा सार्वजनिक वाटर कूलर वर्षों से खराब

ग्रेटर नोएडा, 17 मई (देशबन्धु)। दादरी बस स्टैंड पर लगा वाटर कूलर पिछले कई माह से खराब पड़ा हुआ है। इस भीषण गर्मी में यात्रियों को गला तर करने के लिए ठंडा पानी नहीं मिल पा रहा है।

आर्य प्रतिनिधि सभा के जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर आनंद आर्य ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर बस स्टैंड पर लगा वाटर कूलर को ठीक कराने की मांग रखी है। उन्होंने कहा कि तापमान का पारा 40 के पार पहुंच गया है और लू भी आम नागरिक को सताने लगी है, ऐसे में दादरी नगर पालिका के प्याऊ शुरू नहीं है। विशेष तौर पर गत वर्ष से दादरी बस स्टैंड पर स्थित सार्वजनिक वाटर कूलर वर्षों से खराब पड़ा है।

शैक्षणिक क्षेत्र में विशिष्ट योगदान करने वाले शिक्षक को किया सम्मानित

- **राम-ईश संस्थान में राम-ईश अकादमिक पुरस्कार सम्मान का हुआ आयोजन**

ग्रेटर नोएडा, 17 मई (देशबन्धु)। राम-ईश इंस्टीट्यूट में वार्षिक पुरस्कार समारोह में उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के अध्यक्ष डॉ. आर.सी. शर्मा एवं आमंत्रित अतिथियों ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस कार्यक्रम में डॉ. वाई.के. गुप्ता, प्रोफेसर, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान को मुख्य अतिथि एवं मिस ऋचा विज, उपाध्यक्ष, इंपीरियल बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड, गौतमबुद्धनगर को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। वार्षिक पुरस्कार समारोह में छात्रों, संकाय सदस्यों और स्टाफसदस्यों को 2022-23 शैक्षणिक वर्ष के दौरान उनकी अकादमिक उपलब्धियों के लिए ट्रॉफी, प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हर्षिता शर्मा (बी.फार्म), छवि वर्मा (डी.फार्म), मोहित कुमार (मैकेनिकल इंजीनियरिंग), दिव्या कुमारी (बैचलर ऑफएजुकेशन) को स्टूडेंट्स ऑफ द ईयर के प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मास्टर ऑफफार्मेसी प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

ओएसडी ने बादलपुर में सफाई व्यवस्था का लिया जाएजा

ग्रेटर नोएडा, 17 मई (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी संतोष कुमार ने शुक्रवार को बादलपुर गांव का औचक निरीक्षण किया। गांव की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। बादलपुर में बड़ी ड्रेन और नालियों में सिल्ट जमा मिली। नालियों की दीवार भी टूटी दिखी। ओएसडी ने इसे रिपेयर कराने और नालियों व ड्रेन की सफाई कराने के लिए वरिष्ठ प्रबंधक वर्क सर्कल दो को निर्देशित किया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर ओएसडी संतोष कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम नियमित रूप से सेक्टरों व गांवों का भ्रमण कर रही है और कमियां मिलने पर उसकी रिपोर्ट बनाकर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जा रहा है। साथ ही सफाई व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा रही है। ओएसडी संतोष कुमार ने गांव व सेक्टरों का औचक निरीक्षण अभियान आगे भी जारी रखने की बात कही है।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

भारत में बनने वाला मेडिकल उपकरण अब विदेशों में हो रहा निर्यात

- **मेडिकल के क्षेत्र में पहले भारत चाइना पर था निर्भर, अब आत्म निर्भर की तरफ बढ़ाया कदम**
- **इंडिया मेड एक्सपो में मेडिकल के अत्याधुनिक तकनीकी का किया जा रहा है प्रदर्शन**

ग्रेटर नोएडा, 17 मई (देशबन्धु)। इंडिया मेड एक्सपो का आयोजन इंडिया एक्सपोमार्ट ग्रेटर नोएडा में 17 से 19 मई तक किया गया है, जिसमें भारत के साथ विदेशों से भी मेडिकल क्षेत्र से जुड़े लोग शामिल हुए हैं। तीन दिवसीय एक्सपो में भारत के साथ अमेरिकन, थाइलैंड कोरियन कंपनियों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया है। इस अवसर पर क्रिएटिक हेल्थ टेक के सुनील दत्त ने बताया कि इस एक्सपो में मेडिकल क्षेत्र से जुडी कंपनियों ने हिस्सा लिया है, इसमें मेडिकल क्षेत्र की अत्याधुनिक मशीनरी का डिस्प्ले हुआ है। उन्होंने बताया कि हमारी कंपनी एक ऐसा मॉड्यूलर आपरेशन थिएटर तैयार करती है जो बैक्टीरिया फ्री होता है, एंटी फंगस है, इसमें बैक्टिरिया उत्पन्न नहीं होता है। इसमें सबकुछ कंट्रोल किया जा सकता है, जिसका डिस्प्ले होता रहता है। इस शो में आईसीयू, एनआईसीयू, आईवीएफ क्लीन आईसोलेशन में उपयोग होने वाले उपकरण को प्रदर्शित किया गया है। इस शो में अत्याधुनिक एक्यूपमेन्ट का डिस्प्ले किया है। पहले जो चीन से आयात होता था अब भारत में बन रहा है, आज के दिन भारत का मेडिकल सामान नेपाल, बंग्लादेश, भूटान में सप्लाई हो रहा है। भारत अब आत्मनिर्भर बन रहा है, मेडिकल के क्षेत्र में तेजी से प्रगति हो रही है। मेड एक्सपो के डायरेक्टर अजय कुमार ने बताया कि यह हमारा 19वां संस्करण है, इस शो के माध्यम से मेडिकल क्षेत्र से जुड़े अस्पताल के सारे उपकरण एक छत के नीचे मिल रहा है, यहां पर कंपनी के मालिक से सीधे बातकर अपने आवश्यकता की वस्तुएं ले सकते हैं। इस शो में आयुष से जुड़ी करीब 35-40 कंपनियां हिस्सा लिया है, जो आयुष को बढ़ावा दे रही हैं। इस शो में दिल्ली एनसीआर के साथ पूरे भारत से मेडिकल क्षेत्र से जुड़े लोग विजिट कर हैं। इंडिया मेड एक्सपो मेडिकल, सर्जिकल, अस्पताल, डायग्नोस्टिक्स और अन्य हेल्थकेयर उद्योगों के लिए विशेष शो है।

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्लॉट न0-01, सेक्टर-के0पी0-04, ग्रेटर नौएडा सिटी जिला-गौतमबुद्ध नगर

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **Greenwoods Govt. Officers Welfare Society., Phase-II** के माध्यम से आवंटित **भूखण्ड संख्या-195, Sector-Omega-I, Pocket- P2, Greater Noida क्षेत्रफल 300 वर्ग मीटर, Mr. Jyoti Krishan Dutt S/o LateSh. H.L. Dutt & Mrs. Anita Dutt W/o Sh. Jyoti Krishan Dutt के पक्ष में आवंटित / पंजीकृत है। मूल आवंटी Mr. Jyoti Krishan की मृत्यु दिनांक-19.05.2021** को हो जाने के उपरान्त उनके भाग को उनके पुत्र **(Mr. Anuj Dutt S/o Late Jyoti Krishan Dutt)** ने उक्त भवन को अपने पक्ष में नामान्तरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मूल आवंटी **Mr. Jyoti Krishan** के स्थान पर उनके भाग को उनके पुत्र **(Mr. Anuj Dutt S/o Late Jyoti Krishan Dutt)** के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा। एवं सह आवंटी **Mrs. Anita Dutt W/o Late Jyoti Krishan Dutt** का नाम पूर्ववत रहेगा।

प्रभारी (ग्रुप हाउसिंग)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नौएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उ0प्र0

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. 23013, 1st Floor, Tower-23, Type-B., ATS Greens Paradiso-II, GH-03, Sector- Chi-4, Area 197.49 Sqm. Greater Noida जो कि Sh. Prashant Bakshi निवासी 50-C, Pocket-B, Siddharth Extn. Opp. Maharani Bagh, Ashram, South Delhi के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, सदर गौतमबुद्ध नगर में दिनांक-10.01.2023 को पंजीकृत है। Sh. Prashant Bakshi की मृत्यु के उपरान्त उनकी पत्नी Mrs. Smriti Hajela Bakshi ने उक्त भूखण्ड/भवन का नामांतरण अपने पक्ष में करने हेतु म्युटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये है। अतः इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में Mrs. Smriti Hajela Bakshi W/o Late Sh. Prashant Bakshi का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (बिल्डर्स)
ग्रेटर नोएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर के0पी0-4 ग्रेटर नौएडा सिटी जि0-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सिग्मा आवासीय भूखण्डों की योजना के अन्तर्गत भूखण्ड संख्या-230, BLOCK-B, AREA-300, SECTOR-SIGMA-01, ALLOTMENT NO.-SIGMA60380, GREATER NOIDA, आवंटी SH. RAJ KUMAR SINGH S/O SH. LATE SH. GIRWAR SINGH के पक्ष में आवंटित है। आवंटी SH. RAJ KUMAR SINGH S/O SH. LATE SH. GIRWAR SINGH की मृत्यु दिनांक 03.02.2012 को हो जाने के उपरान्त उक्त भूखण्ड को वारिसान/शपथ पत्र के आधार पर मृतक आवंटी की पत्नी SMT. USHA W/O LATE SH. RAJ KUMAR SINGH उपरोक्त वर्णित भूखण्ड को पूर्ण रूप से अपने पक्ष में नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण में आवेदन किया है। इस नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में स्वर्गीय SH. RAJ KUMAR SINGH S/O SH. LATE SH. GIRWAR SINGH के स्थान पर भूखण्ड को उनकी पत्नी SMT. USHA W/O LATE SH. RAJ KUMAR SINGH, R/O D-11, SECTOR-105, NOIDA DISTT.-GAUTAM BUDH NAGAR U.P. का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

विशेष कार्याधिकारी (सम्पत्ति)
ग्रेटर नोएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम जगनपुर अफजलपुर में राजस्व विभाग दिल्ली से प्राप्त सर्टिफिकेट नम्बर 90660000213592 दिनांक 12.07.2023 स्व0 श्री प्रेम राज स्व0 श्री सिरिया नि0 60, खिजराबाद, न्यू फ्रेंडस कॉलोनी, नई दिल्ली, इण्डिया-110025 की मृत्यु दिनांक 12.07.2023, को हो चुकी है मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

ग्राम का नाम	खसरा संख्या	मृतक काश्तकार का नाम	मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम	मृतक से संबंध	आयु लगभग	विशेष
जगनपुर अफजलपुर	50M, 110M 111M, 150M 151M, 152M 153M, 232M 234M, 235M 236M, 237M 239M, 240M 150, 239, 232, 240, 235, 761, 764, 319	स्व0 श्री प्रेम राज स्व0 श्री सिरिया नि0 60, खिजराबाद, न्यू फ्रेंडस कॉलोनी, नई दिल्ली, इण्डिया-110025	श्रीमती राम पाली	पत्नी	74 वर्ष	विधवा
			श्रीमती बबीता	पुत्री	47 वर्ष	विवाहित
			श्री हरि राम	पुत्र	50 वर्ष	
			श्रीमती माहेश्वरी	पुत्री	55 वर्ष	विवाहित
			श्री नवीन कुमार	पुत्र	42 वर्ष	
			श्रीमती राजेश	पुत्री	50 वर्ष	विवाहित
			श्रीमती अनीता	पुत्री	45 वर्ष	विवाहित

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

अभिमत

संविधान के लोकव्यापीकरण की मुहिम में लगे शिक्षाविद् रामनारायण स्याग कहते हैं कि सबसे पहले हमें संविधान की उद्देशिका में दिए गए न्याय, स्वतंत्रता, समता, और बंधुता के मूल्यों को जानना, मानना और जीना होगा। यानी संविधान के मूल्यों को जानें, मानें और जिएं। यही मूल्य हमारे राष्ट्र निर्माण के मार्गदर्शक हैं। संविधान सरकार की संरचना, शक्तियों, जिम्मेदारियों और नागरिकों के साथ उसके संबंधों को परिभाषित करता है और उन्हें मौलिक अधिकारों की गारंटी देता है।

हर दिल में संविधान की पहल

नवाचार

■ बाबा मायाराम

इन दिनों देश में लोकसभा चुनाव चल रहे हैं, जिसमें संविधान भी एक मुद्दा है। इस पर चर्चा हो रही है। लेकिन इसके साथ संविधान के मूल्य भी हैं, जो भारतीय इतिहास का अभिन्न हिस्सा रहे हैं। आम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी से उनका क्या नाता है? इसे समझना और उन पर अमल करना क्यों जरूरी है? आज के स्तंभ में मैं ऐसी ही पहल के बारे में बताने जा रहा हूं, जो इन् मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए चल रही है।

नब्बे की दशक की बात है। उन दिनों मैं इन्दौर में 'नईदुनिया' में कार्यरत था और देवास में एकलव्य संस्था के कार्यक्रमों में आता जाता रहता था। एकलव्य संस्था शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत है। इस संस्था ने साक्षरता कार्यक्रम को गति देने के लिए मालवा की कबीर मंडलियों को जोड़ा था।

ऐसी कबीर मंडलियां हर महीने की 2 तारीख को कबीर के भजन गाती थीं। इसके साथ उन भजनों से जुड़े संदेशों पर बात करती थीं। कबीर ने जो पाखंडवाद और जातिवाद पर करारा प्रहार किया है, उस पर चर्चा करती थीं। कबीर भजन एवं विचार मंच नामक समूह के तहत यह कार्यक्रम होते थे। कबीर के विचारों के प्रचार-प्रसार का यह कार्यक्रम एकलव्य से अलग स्वतंत्र कार्यक्रम के रूप में जारी है।

मध्यप्रदेश के पश्चिमी भाग में मालवा अंचल है। मालवा की एक पुरानी कहावत है-

मालव धरती गहन गंभीर,
डग डग रोटी पग पग नीर।

यह कहावत यहां की उपजाऊ भूमि, जिसमें अच्छी उपज होती है, यहां की समृद्धता को दर्शाती है और पानी की बहुलता को भी बताती है।

यहां की बोली मालवी है। यहां के ज्यादातर लोग खेती करते हैं। जो भूमिहीन या कम जमीन वाले हैं, वे खेतों में मजदूरी करते हैं। यहां के मालवी गेहूं बहुत प्रसिद्ध थे। कम पानी या बिना पानी के यह गेहूं होते थे। मालवा के दाल-बाफला भी बहुत प्रसिद्ध हैं। यहां कबीर की परंपरा बहुत पहले से है।

मालवा में कबीर पंथ के अनुयायी काफी बड़ी संख्या में हैं, जिनमें दलित भी हैं। कबीर ने इंसानियत का संदेश दिया है, जिससे स्वत: ही लोग जुड़ाव महसूस करते हैं। कबीर ने लोकभाषा में दैनिक जीवन के अनुभवों को अपने गीतों, दोहों व दर्शन में स्थान दिया है। इसलिए कबीर को मानने वालों में परंपराओं के व्यवहार में हैं, जो मालवा में भी देखा जा सकता है।

इस अंचल की एक और संस्था कबीर के विचारों के प्रचार-प्रसार में जुटी है। इस संस्था का नाम कबीर जन विकास समूह है। इससे जुड़े सुरेश पटेल बताते हैं कि हमारी लोक संस्कृति में पहले से ही एकता, समता, प्रेम, भाईचारा, समानता और बंधुता की जोड़ने वाली परंपरा है। कबीर इस परंपरा के महत्वपूर्ण कवि थे।

कबीर ने धर्म संप्रदाय, जातियां, गरीब-अमीरी के खांचों में बंटे समाज को जोड़ने काम किया। उनमें चेतना जगाई। एकता, समता, प्रेम, भाईचारा, बंधुता का संदेश दिया। यही चेतना बाद में स्वतंत्रता आंदोलन की आधार भूमि बनी।

स्वतंत्रता आंदोलन के दौर में भारत एक स्वतंत्र राष्ट्र की अवधारणा आकार लेने लगी। न्याय, स्वतंत्रता, समता, बंधुता जैसे उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए एक सुव्यवस्थित संविधान का निर्माण हुआ। संविधान निर्माताओं ने भारतीय परम्परा में चले आ रहे मूल्यों को इसमें सम्मिलित किया।

वे कहते हैं कि आज के समय में संवैधानिक मूल्यों को समझने, मानने, और जीने की जरूरत है। उनका मानना है कि कबीर के कार्यों और विचारों से कार्य संस्कृति का विकास करके एक समतामूलक समाज और संवैधानिक मूल्यों की स्थापना की जा सकती है।

कबीर 15 वीं शताब्दी के क्रांतिकारी कवि, समाज सुधारक थे। वे ऐसे कवि व संत थे, जिन्होंने धार्मिक कर्मकांड, जातिवाद और पाखंड का विरोध किया था। जुलाहे के रूप में अपनी आजीविका के लिए संघर्ष करते रहे। उन्होंने उनकी कविताओं व दोहों में कई सवाल पूछे और लोगों को जगाया।

उन्होंने एक निडर सामाजिक आलोचक की भूमिका निभाई। उनके जन्म व जाति को लेकर कई जनश्रुतियां हैं। हालांकि कबीर ने खुद को जुलाहा कहा है। कबीर के भजनों की खूबी यह है कि 6 सौ साल बाद भी वे जनसामान्य में कई रूपों में मौजूद हैं।

कबीर की तरह मध्यकाल में ऐसे कई संतों ने गांव-गांव जाकर अलख जगाई थी। जिससे भारतीय समाज में व्याप्त निराशा और कुंठा से समाज को मुक्ति मिली थी। ये संत अनुभवजन्य ज्ञान से परिपूर्ण थे। यानी श्रम संस्कृति के वाहक थे।

मालवा में कबीर गायन का यह सिलसिला नए सिरे से उभर कर सामने आया है। कई नए गायकों ने कबीर को गाना शुरू किया, इसकी सूची लंबी है। कई कबीर गायकों ने मालवा ही नहीं देश-विदेश में कबीर के नए रूप में लोक-भाषा में प्रस्तुत किया। इन सबकी सीडी, कैसेट बाजार में आए। इनके कार्यक्रम रेडियो, टेलिविजन व टीवी चैनलों पर आने लगे। मालवा की लोकभाषा में कबीर गांव से लेकर विदेशों तक पहुंचे।

संविधान के लोकव्यापीकरण की मुहिम में लगे शिक्षाविद् रामनारायण स्याग कहते हैं कि सबसे पहले हमें संविधान की उद्देशिका में दिए गए न्याय, स्वतंत्रता, समता, और बंधुता के मूल्यों को जानना, मानना और जीना होगा। यानी संविधान के मूल्यों को जानें, मानें और जिएं। यही मूल्य हमारे राष्ट्र निर्माण के मार्गदर्शक हैं। संविधान सरकार की संरचना, शक्तियों, जिम्मेदारियों और नागरिकों के साथ उसके संबंधों को परिभाषित करता है और उन्हें मौलिक अधिकारों की गारंटी देता है।

उन्होंने बताया कि सिविक एक्ट फाउंडेशन युवाओं को संवैधानिक मूल्यों से जोड़ने की पहल का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसका सपना एक ऐसे भारत का है, जहां हर जगह और हर व्यक्ति न्याय, स्वतंत्रता और बंधुता को जीते हों और औरों के लिए इसके अवसर बनाते हों। सिविक एक्ट युवाओं, कलाकारों एवं संस्थाओं के साथ मिलकर संविधान के मूल्यों के चश्मे से देखने और मूल्यों को जीने की जगह का सहनिर्माण करती है। इस दिशा में ढेर सारी शिक्षण सामग्रियों (पोस्टर, लेख, पुस्तिकाएं इत्यादि) का सहनिर्माण भी किया गया है।

वे आगे बताते हैं कि संवैधानिक मूल्यों और अधिकारों को समझना एक लगातार चलने वाली यात्रा है। इसके माध्यम से इसे देश-दुनिया में इसके प्रति जागरूकता लाई जा रही है। इसके साथ ही ढाई आखर, कलाकारों और कलाप्रेमियों का एक समूह भी बना है, जो कला के माध्यम से संविधान के मूल्यों को और निर्गुणी तत्व को अपने जीवन में उतारने के साथ अपनी कला के सहनिर्माण और प्रस्तुति में भी इसको जीते हैं। इस पर प्रचार-प्रसार सामग्री भी बनाई जा रही हैं। 'हर दिल में संविधान' नामक वेबसाइट भी है।

यह पहल नागरिकों को एक साथ लाने और संवैधानिक मूल्यों पर संवाद करने और इन मूल्यों को अपने जीवन में लाने के अवसर पैदा करने के लिए प्रेरित करती है। लोकतांत्रिक संस्कृति में संविधान के मूल्यों को कैसे गहरा करें, ताकि राजनीतिक लोकतंत्र के साथ-साथ सामाजिक लोकतंत्र भी मजबूत हो? संविधान की भावना के आदर्श को हम अपने जीवन, समाज और देश में कैसे लागू कर सकते हैं? संविधान का महत्व देश के हर नागरिक को पता होना चाहिए ताकि हम इस परिस्थिति में एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभा सकें और लोकतंत्र को मजबूत कर सकें।

रामनारायण स्याग ने बताया कि हमने कबीर के साथ भीमराव आंबेडकर को भी जोड़ा। इसके लिए डा. आंबेडकर विचार मंच का भी गठन किया था। हर माह की 14 तारीख को इस मंच की बैठकें होने लगीं। जिसमें जाति, वर्ण व्यवस्था, संविधान और शिक्षा पर आंबेडकर के विचारों को समझने की कोशिश की। इसके तहत लम्बे समय तक बैठकों का सिलसिला चला। आंबेडकर के विचारों व संविधान में लोगों के अधिकारों पर भी बातें की। अब नए सिरे से कबीर और संविधान को जोड़कर गीत तैयार हो रहे हैं। उनका मानना है कि समता, बंधुत्व व भाईचारे, न्याय की भावना संतों की वाणी और संविधान में एक सी है।

कुल मिलाकर, इन सबके मद्देनजर हिंसा-प्रतिहिंसा के आज के दौर में कबीर की प्रासंगिकता और बढ़ गई है। उन्होंने समाज में जिन परिस्थितियों का सामना किया था, समाज को जगाया था। सिर्फ कबीर ही नहीं उनके जैसे कई कवियों ने जात-पांत, ऊंच-नीच के भेदभाव को छोड़कर पूरी मानव जाति के लिए समता व शांति का संदेश दिया था। आज हमें संवैधानिक लोकतंत्र में मानवीय गरिमा और सामाजिक न्याय का हक मिला है। लेकिन आज भी समाज को जागरूक करने और उन मूल्यों पर चलने की जरूरत है। यह पहल यही काम कर रही है।

यह धारा एक दूसरे को जोड़ती हैं, मिलाती है, भाईचारा और बहनापा सिखाती व बढ़ाती है। सहभागिता से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। सामाजिक बदलाव लाती है। यह बदलाव व्यक्तियों के साथ परिवार और समाज में भी लाना है। तभी हम लोकतंत्र को मजबूत बना सकेंगे? लेकिन क्या हम इस दिशा में आगे बढ़ने को तैयार हैं?

कबीर मंडलियां हर महीने की 2 तारीख को कबीर के भजन गाती थीं। इसके साथ उन भजनों से जुड़े संदेशों पर बात करती थीं। कबीर ने जो पाखंडवाद और जातिवाद पर करारा प्रहार किया है, उस पर चर्चा करती थीं। कबीर भजन एवं विचार मंच नामक समूह के तहत यह कार्यक्रम होते थे। कबीर के विचारों के प्रचार-प्रसार का यह कार्यक्रम एकलव्य से अलग स्वतंत्र कार्यक्रम के रूप में जारी है।

बीता सप्ताह

11 मई
- सुप्रीम कोर्ट ने शराब नीति मामले में तिहाड़ जेल में बंद दल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 22 दिन की अंतरिम जमानत दी।
- वाइस एडमिरल संजय भल्ला नौसेना के कार्मिक प्रमुख का कार्यकाल संभाला।
- महाराष्ट्र के नरेंद्र दाभोलकर हत्याकांड में 11 साल बाद सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने दो को उम्र कैद की सजा सुनाई।
- न्यूजीलैंड के बल्लेबाज कॉलिन मनरो ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया।

12 मई
- भारतीय सेना को पहला हर्मीस 900 स्टारलाउवर ड्रोन 18 जून को दिया जाएगा।
- नए फार्मूले पर बने कोरोनारोधी टीके का भारत में आपातकालीन इस्तेमाल करने की अनुमति दे दी गई।
- नेपाली शेरपा पर्वतारोहियों के लिए बनी एक रस्सी फिक्सिंग टीम दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट क्यूमोलंगमा के शिखर पर सफलतापूर्वक चढ़ाई की।
- गुजरात राइटर्स के कप्तान शुभमन गिल पर आईपीएल-2024 मैच में नरेंद्र मोदी स्टेडियम में धीमी ओवर गति लगाया गया।

13 मई
- लोकसभा चुनाव 2024 के चौथे चरण में 96 सीटों के लिए मतदान हुआ।
- वैदिक मंत्रोच्चार के साथ बद्रीनारायणधाम के कपाट रविवार 12 मई को खोला गया।
- नेपाल के कामी रीता शेरपा ने किया 29वीं बार पाइंट एवरेस्ट पर फतह।
- भारतीय शैली कुश्ती महासंघ के रीतेश राठी राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए।

14 मई
- भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सीपीआई के वरिष्ठ नेता और नागापट्टिनम लोकसभा क्षेत्र से सांसद एम सेल्वराज का निधन हो गया।
- भाजपा के वरिष्ठ नेता और बिहार के उप मुख्यमंत्री रहे सुशील कुमार मोदी का निधन हो गया।
- नेपाल के उप प्रधानमंत्री उपेंद्र यादव ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।
- दक्षिण एशियाई सरकार ने सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने का ऐलान किया।

15 मई
- छग का धमतरी जिला आनलाइन पोस्टमार्टम करने वाला प्रदेश का पहला जिला बना।
- प्रधानमंत्री मोदी ने तीसरी बार लोकसभा चुनाव के लिए वाराणसी से नामांकन पत्र भरा।
- ब्रिटेन के राजा चार्ल्स ने प्रिंस विलियम को आर्मी एयर कोर के कर्नल-इन-चीफ की भूमिका सौंपी।
- दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर जोहान बोथा तीन साल के लिए क्वींसलैंड बुल्स के मुख्य कोच बने।

16 मई
- झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पास नकद राशि बरामद होने के कारण गिरफ्तार कर लिए गए।
- सीएए के तहत पहली बार दिल्ली में 14 शरणार्थियों को डाकची नागरिकता दी गई।
- ग्वालियर की राजमाता माधवी राजे सिंधिया का निधन हो गया।
- अब बिना वीजा चीन में प्रवेश कर सकेंगे विदेशी पर्यटक समूह।

17 मई
- सुप्रीम कोर्ट एक अहम फैसले में कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की शिकायत पर विशेष कोर्ट के संज्ञान लेने के बाद ईडी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकती।
- एनआईए के पूर्व प्रमुख दिनकर गुप्ता को केंद्र सरकार ने जेड प्लस सुरक्षा प्रदान की।
- स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री राबर्ट फिको पर कायरतापूर्ण हमले में चार गोलियां दागी गई। हालत गंभीर
- अमेरिका के दक्षिण कोरिया का पहला संयुक्त लड़ाकू विमान अभ्यास किया गया।

चुनावों के बीच बैंक जमा पर ब्याज दरें बढ़ाने में राजनीति की बू

■ अंजन रॉय

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के संदर्भ में, अर्थशास्त्री और राजनीति विशेषज्ञ सभी आश्चर्यचकित हैं कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था का जमीनी स्तर पर बेहतर प्रदर्शन मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडेन की लोकप्रियता को क्यों नहीं बढ़ा रहा है?

अमेरिका में बेरोजगारी दर सबसे निचले स्तर पर है, अर्थव्यवस्था लगातार बढ़ रही है, अर्थव्यवस्था में बहुप्रतीक्षित मंदी का कोई निशान नहीं है। माना कि कीमतें कभी-कभी तेजी से बढ़ी हैं। लेकिन फिर, मज़दूरी भी बढ़ रही है।

इन सकारात्मक कारकों के बावजूद, जो बाइडेन को अर्थव्यवस्था के बेहतर प्रबंधन का श्रेय नहीं मिल रहा है। इसके विपरीत, उन पर कुप्रबंधन का आरोप लगाया जा रहा है, खासकर जब कीमतें बढ़ रही हैं। युद्ध के बाद की अवधि में अमेरिका में कई वर्षों में कीमतों में सबसे तेज़ वृद्धि देखी गई।

क्या संयुक्त राज्य अमेरिका में चुनाव पूर्व परिदृश्यऔर भारत के चुनाव पूर्व परिदृश्य में कुछ समानताएं हैं? इसका उत्तर हां और नहीं दोनों में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरे कार्यकाल के लिए अपना चुनाव अभियान पूरे आत्मविश्वास के साथ शुरू किया था लेकिन चार चरणों के मतदान के बाद उनका अति आत्मविश्वास हिल गया है। मतदान के तीन और चरण 1 जून तक होने हैं। इसलिए कुछ करने की जल्दबाजी थी और संभवत: यही कारण है कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने लाखों जमाकर्ताओं, जो मतदाता भी हैं, को कुछ राहत देने के लिए जमा पर ब्याज दरों में बढ़ोतरी की घोषणा की। एसबीआई के कदम का अन्य बैंकों द्वारा भी अनुकरण किया जायेगा। इसलिए पूरे बैंकिंग क्षेत्र में कुल मिलाकर जमा पर ब्याज दरों में बढ़ोतरी होगी।

चुनाव के बीच में अल्पकालिक जमा दरों में बढ़ोतरी के स्टेट बैंक के कदम से मौजूदा सरकार को बड़े पैमाने पर लोगों का समर्थन मिलना चाहिए। बेशक, इन्हें प्रसारित होने में भी समय लगता है, क्योंकि ऊंची दरें कुछ अंतराल के बाद दिखाई देने लगती हैं। लेकिन इनसे निश्चित रूप से लोकप्रिय भावनाओं को धूमिल करने के बजाय मदद मिलनी चाहिए। हालांकि बैंक के लिए यह एक सावधानीपूर्वक लिया गया निर्णय रहा होगा।

जहां तक अमेरिकी अर्थव्यवस्था का संबंध है, जैसा कि अति सक्रिय अर्थशास्त्रियों के साथ होता है, कुछ लोग एकजुट हुए हैं और अर्थव्यवस्था की समस्याओं का जवाब तलाश रहे हैं। एक त्वरित सर्वेक्षण से पता चला है कि अन्य कारकों के अलावा, उच्च प्रचलित ब्याज दरें एक समृद्ध अर्थव्यवस्था की छवि को ख़राब कर रही हैं।

ऐसा इसलिए है क्योंकि उपभोक्ताओं को अपने गिरवी का वित्तपोषण करना कठिन हो रहा है। अमेरिकी उपभोक्ता भावनाएं गिरवी दरों से प्रमुख रूप से प्रभावित होती हैं क्योंकि अधिकांश खरीदारी गिरवी से जुड़ी होती हैं। चाहे घर खरीदना हो या कार, गिरवी दर उपभोक्ताओं के लिए यह तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है कि खरीदारी को आगे बढ़ाया जाये या इसे स्थगित कर दिया जाये।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व की उच्च पॉलिसी दरें, जो वर्तमान में 5प्रतिशत है, ऐतिहासिक शिखर पर है। इन दरों को व्हाइट हॉट अमेरिकी अर्थव्यवस्था को सामान्य स्तर पर वापस लाने के लिए क्रमिक कदमों में बढ़ाया गया है। वित्तीय मंदी और मात्रात्मक सहजता के मद्देनजर शून्य ब्याज दरों के दिनों के बाद से, अमेरिकी फेडरल रिजर्व अधिक पारंपरिक मौद्रिक नीति व्यवस्था को समायोजित करने की कोशिश कर रहा है।

हालांकि, उच्च मुद्रास्फीति दरों ने केंद्रीय बैंकर की सामान्य स्तरों पर समायोजित होने की स्वतंत्रता को प्रतिबंधित कर दिया था। इस अवधि में मुद्रास्फीति की दर असाधारण रूप से ऊंचे स्तर 8 प्रतिशत पर पहुंच गई थी। इस प्रकार फेडरल रिजर्व दरें बढ़ाने के लिए बाध्य था। फेड चेयरमैन ने कई बार दरें कम करने का संकेत दिया था लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ।

शीर्ष पर, प्रचलित ब्याज दरों के बावजूद, अर्थव्यवस्था गतिविधि के उच्च स्तर पर थी। कुछ लोगों ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था की दिशा को 'गुरुत्वाकर्षण को चुनौती देने वाली' बताया है।

भारत की बात करें तो ब्याज दरों के अलग-अलग अर्थ हैं। भारतीय स्टेट बैंक ने हाल ही में अपनी अल्पकालिक जमा दरें बढ़ा दी हैं। दरें बढ़ाने का असर स्वचालित रूप से उधार दरों पर दिखाई देगा। अल्पावधि जमा दरें बढ़ने के साथ, बैंक के लिए धन की लागत बदलनी चाहिए। फंड की सीमांत लागत अब बढ़ जायेगी और इसे उधार दरों के साथ समायोजित करना होगा।

उद्योग और व्यापार जगत ब्याज दरों में किसी भी बढ़ोतरी से नाराज होंगे। रिज़र्व बैंक भी आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए नीतिगत दरों को कम करने की मांग कर रहा है। एसबीआई के कदम को विरोधाभासी माना जा सकता है।

लेकिन नीतिगत बहस के अलावा, भारत में ब्याज दर को पश्चिमी देशों की तुलना में अलग तरह से देखा जाता है। भारत में, जमा दरों का उधार दरों की तुलना में अधिक और व्यापक प्रभाव होता है। जमा दर में बढ़ोतरी से बचतकर्ताओं को मदद मिलती है और इससे आराम की भावना पैदा होती है।

अब भी, बैंक जमा आपकी बचत को जमा करने का एक प्रमुख प्रारूप है। विशेष रूप से जब सामाजिक सुरक्षा के अभाव में वापसी के विकल्प कम होते हैं, तो व्यक्ति बरसात के दिनों के लिए कुछ पैसे बचाकर रख लेते हैं। इन सामान्य बचतकर्ता अक्सर छोटे बचतकर्ता होते हैं।

इस प्रकार, बैंक जमा दरों का उपभोक्ताओं के साथ-साथ बचतकर्ताओं पर भी प्रभाव पड़ता है। जमा दर में बढ़ोतरी का मतलब इन लोगों के लिए नये ऋण लेने के लिए लागत तत्व की तुलना में अधिक आय है। यह भारत के सामाजिक रीति-रिवाजों और सोच से जुड़ा है।

'डबल इनकम नोचाइल्ड फैमिलीज़' की नयी नस्ल को छोड़कर, एक भारतीय उपभोक्ता नयी खरीदारी के लिए आसानी से ऋण नहीं लेगा। बंधक पर घर खरीदना एक नई घटना है और ज्यादातर शहरी क्षेत्रों तक ही सीमित है। विशुद्ध रूप से ऋण वित्तपोषण पर बड़े उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं की खरीद भी एक उभरता हुआ क्षेत्र है।

इस प्रकार, आर्थिक गतिविधि को प्रोत्साहित करने के लिए ऋण दरों में सबसे कम कमी का लोगों द्वारा स्वागत करने के बजाय बड़े पैमाने पर विरोध किया जायेगा। इस प्रकार व्यापार और उद्योग की प्रतिक्रियाओं और नीतिगत जीत के विपरीत, बैंक जमा दरों के ऊंचे स्तर का आम तौर पर लोगों द्वारा स्वागत किया जाता है।

चुनाव के बीच में अल्पकालिक जमा दरों में बढ़ोतरी के स्टेट बैंक के कदम से मौजूदा सरकार को बड़े पैमाने पर लोगों का समर्थन मिलना चाहिए। बेशक, इन्हें प्रसारित होने में भी समय लगता है, क्योंकि ऊंची दरें कुछ अंतराल के बाद दिखाई देने लगती हैं। लेकिन इनसे निश्चित रूप से लोकप्रिय भावनाओं को धूमिल करने के बजाय मदद मिलनी चाहिए।

हालांकि बैंक के लिए यह एक सावधानीपूर्वक लिया गया निर्णय रहा होगा। मालिक भारत सरकार के कहने पर एसबीआई ने दरें बढ़ा दी हैं। जैसा कि चुनावी बांड प्रकरण से पता चला, इसकी कोई स्वायत्तता नहीं है। बैंक ने सावधि जमा पर केवल अल्पकालिक दरों में बढ़ोतरी का विकल्प चुना है। इससे उस छोटी अवधि के लिए धन की सीमांत लागत बढ़ सकती है। यह उस अल्पावधि के बाद हमेशा दर को पुन: अंशांकित कर सकता है और तटस्थ स्थिति पर पहुंच सकता है। ऐसा चुनाव ख़त्म होने के कुछ महीने बाद किया जा सकता है।

ये एक बैंक के लिए बहुत करीबी और सावधानीपूर्वक गणना हैं, वह भी एसबीआई जैसे बड़े बैंक के लिए जो बड़ी मात्रा में फंड संभालता है। लेकिन फिलहाल, चल रहे चुनावों के दौरान अल्पावधि जमा राशि में बढ़ोतरी से लाखों जमाकर्ताओं को कुछ राहत मिलना तय है। लोकसभा चुनाव के तीन चरण और बाकी हैं। यदि बैंक जमा में यह छोटी बढ़ोतरी लाखों जमाकर्ताओं को थोड़ी राहत देती है और वे अगले तीन चरणों में मतदान के समय लाभ देने वाले को याद करते हैं, तो यह सत्तारूढ़ दल के लिए कुछ राहत का कारण होगा।

केजरीवाल की अंतरिम जमानत लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण फैसला

क्या दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत मिलने से चुनावी फायदा होगा? क्या गलत समय पर अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी कर प्रधानमंत्री मोदी ने गलत कदम उठाया? क्या सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री को अस्थायी रूप से रिहा करके सही काम किया? पहले दो सवालों के जवाब 4 जून, 2024 को मिल जाएंगे जब लोकसभा चुनाव के नतीजे आएंगे। इसलिए तीसरा सवाल सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश का मुद्दा है जिसमें अरविंद केजरीवाल को 1 जून तक अपनी पार्टी और चुनावी सहयोगियों के लिए प्रचार करने की सीमित छूट दी गई है। यह एक ऐसा फैसला जिसकी सराहना की जानी चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट का ये फैसला देश के लिए, कानून के राज के लिए और सबसे बढ़कर लोकतंत्र के लिए गर्व का क्षण है। आखिर क्यों? इस फैसले से पहले सुप्रीम कोर्ट ने दो ऐतिहासिक निर्णयों में हमारे सबसे मौलिक मूल्य- लोकतंत्र को बनाए रखने के लिए दृढ़ता से बात की थी। पहला फैसला राष्ट्रीय स्तर पर परिणामकारक नहीं हो सकता है। इस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने अवैध रूप से चुने गए चंडीगढ़ के भाजपा महापौर को हटा दिया और उस प्रक्रिया को 'लोकतंत्र की हत्या' के रूप में वर्णित किया जिसके द्वारा महापौर को चुना गया था। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के ये शब्द उन सभी के दिलो-दिमाग में गूंजने चाहिए जो स्वतंत्रता को महत्व देते हैं। दूसरा महत्वपूर्ण फैसला सुप्रीम कोर्ट की पूर्ण पीठ का था जिसमें इलेक्टोरल बॉन्ड योजना को असंवैधानिक घोषित किया गया था। इस फैसले के माध्यम से एक बार फिर हमारी राजनीति के लोकतांत्रिक सिद्धांतों, भारतीय नागरिकों के मौलिक अधिकार की महत्ता बताई गई है। जिससे उन्हें देश के शासन के लिए महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करने का अधिकार मिलता है। सवाल यह है कि अरविंद केजरीवाल को दी गई अस्थायी जमानत के फैसले को पहले के दो फैसलों के साथ क्यों रखा जाना चाहिए और इस फैसले का पहले के दो महत्वपूर्ण फैसलों के समान क्या महत्व है? ऐसा केवल इसलिए है क्योंकि रिहाई आदेश की नींव एक ही है- एक सिद्धांत जो हमारी स्वतंत्रता के लिए अपरिहार्य है। वह है 'निष्पक्ष और स्वतंत्र' चुनाव।

हरेश जगतियानी

न्यायपालिका निश्चित रूप से उसी स्वस्थ सांस्कृतिक प्रभाव का उत्पाद है जो अपने निर्णय लिखने के समय इन पोषित मूल्यों को निर्देशित किए बिना नहीं रह सकती है। लोकतंत्र की रक्षा के बारे में यदि कभी हमारे न्यायाधीश क्षण भर के लिए विचलित होते हैं तो भयभीत होने की जरूरत नहीं है। न्यायपालिका को उसकी आवाज वापस दिलाने के लिए भारतीय नागरिक के पास 'मतदान' नाम की सबसे अच्छी दवा है।

इस मौके पर जमानत के अंतर्निहित न्यायशास्त्र को समझना महत्वपूर्ण है। किसी व्यक्ति द्वारा किया गया प्रत्येक अपराध सिद्धांत रूप में समाज के खिलाफ अपराध है। जिस समुदाय में अपराध किया जाता है उसे ऐसी प्रवृत्ति वाले व्यक्ति से बचाया जाना चाहिए, लेकिन किसी अपराध के संदेह में किसी को गिरफ्तार करना यह साबित करने के समान नहीं है कि अपराध किया गया है। हालांकि अपराध गंभीर होने और उसमें संलिप्तता के मजबूत संदेह के बावजूद संदिग्ध आरोपी को मुकदमे में दोषी साबित होने तक निर्दोष माना जाता है। कानून उसकी बेगुनाही की धारणा को ध्यान में रखते हुए उसे जमानत पर रिहा करने की अनुमति देता है ताकि वह प्रभावी ढंग से अपना बचाव करने के लिए स्वतंत्र हो। अपराध की प्रकृति के बावजूद जमानत से इनकार करना आरोपी को बिना मुकदमे के दंडित करना है। इसी प्रकार यह आवश्यक रूप से विभिन्न परिस्थितियों पर निर्भर होना चाहिए कि क्या एक आरोपी जमानत का हकदार है जिनके आधार पर न्यायाधीश अपने विवेक से जमानत देने या अस्वीकार करने का मूल्यांकन करता है।

यहां तक कि हत्या के उन संदिग्ध मामलों में भी जमानत दी जा सकती है जहां न्यायाधीश को लगता है कि अभियोजन पक्ष द्वारा पेश की गई सामग्री या सबूतों की समग्रता विरोधाभासों से भरी हुई है और इस प्रकार आरोपी को अपने मुकदमे में संभावित बचाव प्रदान करता है। जमानत देने या अस्वीकार करने के बारे में न्यायाधीश के विवेक के प्रयोग को नियंत्रित करने के बारे में कोई निर्धारित नियम या फॉर्मूला नहीं है। अगर इस व्यापक दृष्टिकोण को ध्यान में रखा जाता है तो जब उनका मामला मुकदमे के लिए तैयार ही था तो अरविंद केजरीवाल को पहले ही जमानत मिलनी चाहिए थी और यह केवल एक अंतरिम उपाय के रूप में नहीं होना चाहिए। मामले की 'जांचज भले ही दो साल से चल रही हो किंतु केजरीवाल के खिलाफ आरोपों को अभी तक स्पष्ट रूप नहीं दिया गया है। एक संभावित इकबाली गवाह की 'स्वीकारोक्ति' पर केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया है जिसकी ईमानदारी पर संदेह है और जिसने पहले भी 'स्वीकारोक्ति' के बारे में विरोधाभासी बयान दिए थे।

फिर, अरविंद केजरीवाल के भागने का खतरा भी नहीं है। और अगर केजरीवाल की गतिविधियों पर सतर्कता से निगरानी की जाती है तो वे संभवत: प्रवर्तन निदेशालय द्वारा पहले से ही एकत्र किए गए सबूतों के साथ छेड़छाड़ या गवाहों को प्रभावित नहीं कर सकेंगे। ये सभी परिस्थितियां अरविंद केजरीवाल को दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य करने और अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु रिहा करने के लिए एक न्यायाधीश को मजबूर करती हैं।

लेकिन सुप्रीम कोर्ट इन छोटी-छोटी बारीकियों में नहीं गया। उसने केजरीवाल को लोकतंत्र की ठोस नींव पर उनकी सही आजादी दी जिसका उद्देश्य निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव सुनिश्चित करना है। अरविंद केजरीवाल एक राष्ट्रीय दल 'आम आदमी पार्टी' के प्रमुख हैं। पार्टी को संवैधानिक रूप से मान्यता प्राप्त है और वह दिल्ली और पंजाब में सत्तारूढ़ पार्टी है। उनकी अनुपस्थिति चुनाव में भाजपा को निर्विवाद, अनुचित लाभ देगी तथा मतदाताओं को सत्तारूढ़ दल के खिलाफ प्रचार किए बिना वोट देने के वैकल्पिक- वांछनीय उम्मीदवार के एक सूचित विकल्प से वंचित कर देगी। निश्चित रूप से यह मुद्दा इस मामले के केंद्र में है। यदि इस उप-महाद्वीप में लोकतंत्र जीवित रहता है तो भावी पीढ़ी निश्चित रूप से हाल ही में घोषित तीन निर्णयों को इसके संरक्षण के प्राथमिक कारण के रूप में स्वीकार करेगी।

हमारे पास कम से कम उच्च स्तर पर एक मजबूत न्यायपालिका है और जरूरत पड़ने पर एक प्रेरणादायक सुप्रीम कोर्ट है। क्या सुप्रीम कोर्ट हमेशा से ऐसा ही रहा है? इसका जवाब 'न' में आता है। अतीत में सुप्रीम कोर्ट ने हमें कई मौकों पर निराश किया है लेकिन जब तक हर न्यायाधीश की सेवानिवृत्ति और पद छोड़ने की आयु नहीं होती तब तक उन्हें बर्दाश्त करना पड़ेगा।

न्याय संस्था में अपनी प्रतिष्ठा वापस पाने और गरज कर यह कहने का अंतर्निहित लचीलापन और आत्मविश्वास है कि 'हम एक लोकतंत्र हैं'। सरल शब्दों में कहें तो हमारी प्राचीन संस्कृति और सभ्यता में लोकतंत्र की सुगंध है एवं वह विचार व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का समर्थन करती है। न्यायपालिका निश्चित रूप से उसी स्वस्थ सांस्कृतिक प्रभाव का उत्पाद है जो अपने निर्णय लिखने के समय इन पोषित मूल्यों को निर्देशित किए बिना नहीं रह सकती है। लोकतंत्र की रक्षा के बारे में यदि कभी हमारे न्यायाधीश क्षण भर के लिए विचलित होते हैं तो भयभीत होने की जरूरत नहीं है। न्यायपालिका को उसकी आवाज वापस दिलाने के लिए भारतीय नागरिक के पास 'मतदान' नाम की सबसे अच्छी दवा है।

(लेखक सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ता हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस)

प्

देश विदेश

टेक्सास में विकराल तूफान से चार की मौत

ह्यूस्टन। अमेरिका में टेक्सास प्रांत के सबसे बड़े शहर ह्यूस्टन में विकराल तूफान की चपेट में आकर चार लोगों की मौत हो गई। प्रांतीय प्रशासन के मुताबिक हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि लोगों की मौत कैसे हुई। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय समयानुसार शहर में गुरुवार देर रात करीब नौ बजे आये तूफान से कई क्षेत्रों में पेड़ उखड़ गये और बिजली की लाइनें टूट गयीं। टेक्सास के सबसे बड़े स्कूल जिले ह्यूस्टन आईएसडी ने तूफान से हुई क्षति और बिजली कटौती के कारण शुक्रवार के लिए सभी कक्षाएं रद्द कर दीं। एक अमेरिकी इलेक्ट्रिक और प्राकृतिक गैस उपयोगिता, सेंटरप्वाइंट ने बताया कि तेज तूफान के कारण करीब नौ लाख लोग बिजली गुल होने से अंधेरे में हैं।

अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में इजरायल को हथियार आपूर्ति से संबंधित विधेयक पारित

वाशिंगटन, 17 मई (एजेंसियां)। अमेरिकी संसद की प्रतिनिधि सभा ने एक विधेयक पारित किया है जो राष्ट्रपति जो बाइडन को इजरायल को रोकी गई हथियारों की आपूर्ति दोबारा शुरू करने के लिए बाध्य करता है। गुरुवार को पारित इस विधेयक के पक्ष में 224 मत पड़े जिसमें 208 रिपब्लिकन सांसदों के और 16 बाइडन की डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों के थे। हालांकि विधेयक का संसद के दूसरे सदन सीनेट में गिरना तय माना जा रहा है क्योंकि वहां डेमोक्रेट सांसद बहुमत में हैं।बाइडेन ने पहले कहा था कि यदि यह विधेयक कांग्रेस (अमेरिकी संसद) में पारित हो भी जाता है तो वह इसे वीटो कर देंगे। विधेयक प्रशासन को इजरायल को उन सभी हथियारों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बाध्य करता है जिसके लिए कांग्रेस पहले मंजूरी दे चुकी है। अमेरिका ने गाजा पट्टी के दक्षिण में राफा शहर पर इजरायली हमले के कारण यहूदी राष्ट्र को गोला-बारूद की आपूर्ति रोक दी है। ह्वाइट हाउस ने साफ-साफ कहा है कि वह राफा शहर पर बड़े पैमाने पर इजरायली सेना के हमले के खिलाफ है, जहां गाजा पट्टी के विस्थापित

लोग भारी संख्या में मौजूद हैं। बाइडेन ने पिछले सप्ताह इजरायल को चेतावनी दी थी कि यदि उसकी सेना राफा में प्रवेश करती है तो इसका असर हथियारों की आपूर्ति पर पड़ेगा। हालांकि बाद में प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अमेरिका इजरायल के साथ है और यह बात सिर्फ इस एक आपूर्ति के बारे में है। प्रतिनिधि सभा के रिपब्लिकन अध्यक्ष ने बाइडेन पर इजरायल से मुंह मोड़ने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि यह सीधे-सीधे संसद की अवहेलना है। उन्होंने बाइडेन के विधेयक को वीटो करने की धमकी को क्षेत्र में हमारे सबसे करीबी सहयोगी के साथ विश्वासघात बताया।

गाजा, इजरायल युद्ध के बीच सहायता पहुंचाना असंभव : संरा

गाजा। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि इजरायल और हमास के बीच लंबे समय से जारी संघर्ष को लेकर गाजा पट्टी में मानवीय सहायता वितरण का काम असंभव है। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने 'एक्स' पर कहा कि गाजा में तीव्र लड़ाई के बीच अनियमित ईंधन आपूर्ति और बाधित संचार के कारण मानवीय सहायता वितरित करना लगभग असंभव है। गाजा में सहायता के लिए प्रमुख क्रॉसिंग कई दिनों से बंद होने के कारण फिलिस्तीनियों के लिये मानवीय सहायता पहुंचाना असुरक्षित है। इजरायल ने पांच मई को इजरायली सैन्य बिंदु पर हमास द्वारा किये गये हमले की वजह से गाजा के साथ केरेम शालोम के एकमात्र वाणिज्यिक क्रॉसिंग को बंद कर दिया।

ईरान में बाढ़ से सात लोगों की मौत

तेहरान, 17 मई (एजेंसियां)। ईरान के उत्तर-पूर्वी शहर मशहद में भारी बारिश के कारण अचानक आयी बाढ़ की चपेट में आकर सात लोगों की मौत हो गयी है। ईरान की आधिकारिक समाचार एजेंसी आईआरएनए ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में मशहद नगर पालिका के अग्निशमन और सुरक्षा सेवा संगठन के प्रबंध निदेशक हामिद्रेजा काफिनिया के हवाले से बताया गया है कि बुधवार को खुरासान रजावी प्रांत के मशहद में एनकेलाब चौक पर बाढ़ के पानी में एक कार के अंदर फंसे दो लोगों की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि एनकेलाब चौक पर

■ 250 परिवारों को शहर और आसपास के गांवों में सुरक्षित स्थानों पर आश्रय दिया गया

बचाव नौकाएं तैनात की गई थीं, जबकि बचाव दल संभावित जीवित बचे लोगों और पीड़ितों के लिए बाढ़ के पानी में फंसी कारों की तलाश कर रहे है। श्री काफ़िनिया ने कहा कि उसी दिन बाढ़ के कारण शहर के एक अन्य पड़ोस में एक आवासीय इमारत ढह गई जिससे एक महिला और उसके चार बच्चों की मौत हो गई। कम से कम 250 परिवारों को शहर और आसपास के गांवों में सुरक्षित स्थानों पर आश्रय दिया गया है।

सुडोकू 6558

				9			3	8
8			5			1		
		1			3	4	5	
6					5		8	
	5						6	
	8		2					7
	7	2	1			6		
		8			2			3
3	6			4				

: नियम :

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

हल आज ही के अंक में

दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शनिवार 18 मई, 2024 बैशाख शुक्ल पक्ष 10

राशिफल

मेष - आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से आज का दिन लाभदायक रहेगा। लंबे समय का आर्थिक आयोजन पूरा कर सकेंगे। व्यवसायिक योजनाएं बना सकेंगे। परोपकार के उद्देश्य से किए गए काम से आपका मन खुश रहेगा। स्वास्थ्य बना रहेगा।

वृषभ - परिश्रम की अपेक्षा कम परिणाम मिलने पर भी आप निष्ठापूर्वक काम को आगे बढ़ाएंगे। आपके क्षेत्र की विशालता और वाणी की मधुरता अन्य लोगों को प्रभावित करेगी। उससे लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

मिथुन - आज आपका कुछ ज्यादा ही इमोशनल बना रहेगा। विशेष रूप से पानी वाली जगहों पर जाने से बचें। मन किसी बात को लेकर उलझन में रहेगा। आज आपमें निर्णयशक्ति का अभाव रहेगा।

कर्क - आज काम की सफलता आपकी राह देख रही है। इस कारण आपका आनंद उत्साह दोगुना होगा। मानसिक ताजगी और खुशी का अनुभव होगा। मित्रों, सगे-संबंधियों के साथ मुलाकात और पर्यटन पर जाने का कार्यक्रम बनेगा।

सिंह - आपका दिन मिश्रित फलदायी होगा। लंबी अवधि का आयोजन आपको दुविधा में डालेगा। काम में निर्धारित सफलता नहीं मिलेगी। परिवार में मेल-मिलाप का वातावरण रहेगा।

कन्या - आपकी वाणी का माधुर्य नए संबंध स्थापित करने में उपयोगी साबित होंगे। वैचारिक समृद्धि बढ़ेगी। व्यापार- धंधे में लाभ के साथ सफलता मिलेगी। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य भी बना रहेगा।

तुला - आज आपको स्वास्थ्य का ध्यान रखना पड़ेगा। मानसिक स्वास्थ्य में भी कमी रहेगी। मनमाना व्यवहार आपको मुसीबत में डाल सकता है। वाणी पर संयम रखें, अन्यथा किसी के साथ झगड़े-फसाद की आशंका है।

वृश्चिक - नौकरी-धंधा और व्यवसाय के क्षेत्र में आज आपको लाभ होगा। इसके साथ मित्रों, सगे- संबंधियों और बुजुर्गों से भी लाभ मिलेगा। सामाजिक समारोह, पर्यटन आदि पर जा सकेंगे। शरीर और मन से आप खूब खुश रहेंगे।

धनु - काम में सफलता का दिन है। नए काम की शुरुआत कर सकेंगे। व्यापारी अपने बिजनेस का आयोजन और विस्तार अच्छी तरह कर सकेंगे। नौकरी में उच्च पदाधिकारी आपकी पदोन्नति के लिए विचार करेंगे।

मकर - आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। बौद्धिक कामों और व्यवसाय में नई विचारधारा अमल में लाएंगे। लेखन और साहित्य से संबंधित प्रवृत्तियों में आपकी रचनात्मकता दिखाई देगी।

कुंभ - नकारात्मक विचारों से मन में हताशा पैदा होगी। इस समय मानसिक उद्वेग और क्रोध की भावना का अनुभव करेंगे। खर्च बढ़ेगा। वाणी पर संयम न रहने के कारण परिवार में मनमुटाव और झगड़े की संभावना है।

मीन - दैनिक कामों से बाहर निकल कर आज आप घूमने- फिरने और मनोरंजन के पीछे समय व्यतीत करेंगे। स्वजनों तथा मित्रों के साथ पिकनिक पर जा सकते हैं।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

मेक्सिको में नाव के पुल से टकराने में दो हजार गैलन तेल रिसाव का अनुमान

ह्यूस्टन, 17 मई (एजेंसियां)। अमेरिकी कोस्ट गार्ड ने मेक्सिको के पूर्वी टेक्सास के पास द्वीप शहर गैलवेस्टन में एक मालवाहक नाव के पुल से टकराने की घटना के बाद मेक्सिको की खाड़ी में दो हजार गैलन तक तेल रिसाव का अनुमान जताया है। अमेरिकी कोस्ट गार्ड का हवाला देते हुए बताया कि दुर्घटना के बाद नौका से तेल रिसाव के स्रोत पर काबू पा लिया गया है। तटरक्षक बल ने कहा कि उसने गुरुवार को तेल रिसाव का मूल्यांकन करने के लिए विमानों और ड्रोनों को तैनात किया, जबकि क्षेत्र के लिये एक व्यस्त शिपिंग चैनल गल्फ इंट्राकोस्टल जलमार्ग को लगभग 10.5 किलोमीटर तक बंद कर दिया। तटरक्षक कप्तान कीथ डोनोह्यू ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि पानी में जितना हमने शुरू में अनुमान लगाया था उससे बहुत कम तेल गिरा है। श्री डोनोह्यू ने कहा कि हमने पर्यावरण से 605 गैलन से अधिक तैलीय पानी का मिश्रण बरामद किया है, साथ ही नाव के शीर्ष से अतिरिक्त 5,640 गैलन तेल उत्पाद भी बरामद किया है जो पानी में नहीं गया था। उन्होंने बताया कि 30 हजार बैरल तेल रखने की क्षमता वाला 321 फुट का मालवाहक नाव बुधवार को 23,000 बैरल तेल ले जा रहा था तभी यह पेलिकन द्वीप कॉज़वे पुल के एक खंभे से टकरा गया। दुर्घटना के कारण पुल का कुछ

हमने पर्यावरण से 605 गैलन से अधिक तैलीय पानी का मिश्रण बरामद किया है, साथ ही नाव के शीर्ष से अतिरिक्त 5,640 गैलन तेल उत्पाद भी बरामद किया है जो पानी में नहीं गया था : कीथ डोनोहू

हिस्सा ढह गया, जिससे गैलवेस्टन से पेलिकन द्वीप तक का एकमात्र संपर्क रास्ता बंद हो गया। इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। ओशियाना नामक महासागर संरक्षण समूह के जोसेफ गॉर्डन ने एक बयान में कहा कि तेल के हानिकारक परिणाम एक बार फिर हमारे तटीय समुदायों, वन्यजीवों और जल में दिख रहे हैं।

हूती विद्रोहियों ने अमेरिकी जासूसी ड्रोन को मार गिराया

सना, 17 मई (एजेंसियां)। यमन के हूती विद्रोहियों ने शुक्रवार को कहा कि उसने मारिब प्रांत के ऊपर घूम रहे अमेरिका के एक 'यूएस एमक्यू-9' जासूसी ड्रोन को मार गिराया है। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सारेया ने हूती संचालित अल-मसीरा टीवी द्वारा प्रसारित एक बयान में कहा कि विमान को स्थानीय रूप से निर्मित सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल से निशाना बनाया गया था, और दृश्यों को दिखाने वाला वीडियो बाद में प्रसारित किया जाएगा। उन्होंने ड्रोन कब मार गिराया गया इसकी सटीक जानकारी नहीं दी। सारिया ने कहा कि गाजा के समर्थन में लाल सागर में अपना सैन्य अभियान शुरू करने के बाद से यह चौथा ड्रोन विमान है जिसे हमने मार गिराया है। अमेरिकी सेना ने हालांकि अभी तक इस घटना पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। उल्लेखनीय है कि हूती विद्रोहियों ने पिछले साल नवंबर में गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाते हुए लाल सागर में इजरायल से संबंधित जहाजों पर जहाज-रोधी बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोनों से हमला करना शुरू किया था।

मलेशिया में थाने पर हमले में दो पुलिसकर्मियों की मौत

कुआलालंपुर, 17 मई (एजेंसियां)। मलेशिया के जोहोर राज्य में शुक्रवार तड़के एक थाने पर हथियारबंद व्यक्ति के हमले में दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गयी और अन्य एक घायल हो गया। सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार, घटना तड़के लगभग 2.45 बजे हुई, जब संदिग्ध ने थाने में घुसकर हमला किया। हमलावर को भी घटनास्थल पर ही गोली मार दी गई। पुलिस महानिरीक्षक रजारुदीन हुसैन ने एक प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि माना जा रहा है कि हमलावर चरमपंथी समूह जेमाह इस्लामिया (जेआई) का सदस्य था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने जोहोर राज्य के उलू तिरम जिले में संदिग्ध के घर पर छापा मारकर उसके परिवार के पांच सदस्यों को हिरासत में लिया है, जिनकी उम्र 19 से 62 वर्ष के बीच है। उन्होंने कहा कि मैंने विशेष शाखा प्रभाग को इस राज्य में जेमाह इस्लामिया के सदस्यों का पता लगाने और उनकी पहचान करने का भी निर्देश दिया है, जिनकी अनुमानित संख्या 20 से अधिक है।

हमलावर को भी घटनास्थल पर ही गोली मार दी गई

उत्तर कोरिया ने पूर्वी सागर की ओर कई मिसाइलें दागी

सोल, 17 मई (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को पूर्वी सागर की ओर कम दूरी की मारक क्षमता वाली कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। इससे एक दिन पहले दक्षिण कोरिया और अमेरिका की ओर से उन्नत लडाकू जेट विमानों के साथ संयुक्त हवाई अभ्यास किया था। योनहाप समाचार एजेंसी ने बताया कि दक्षिण कोरियाई सेना ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ (जेसीएस) ने कहा कि उत्तर कोरिया ने अपराह्न 3:10 बजे पूर्वी तटीय शहर वॉनसन से पूर्वी सागर की ओर कम दूरी की मिसाइलों दागी है। जेसीएस ने कहा कि उत्तर कोरियाई मिसाइलें लगभग 300 किलोमीटर ऊंचाई तक गयी और फिर पूर्वी सागर में गिरीं। दक्षिण कोरियाई सेना ने नवीनतम मिसाइल प्रक्षेपण की 'उकसावे वाली कार्रवाई' के रूप में निंदा की, जो कोरियाई प्रायद्वीप पर सुरक्षा और स्थिरता के लिए खतरा है तथा इसके जवाब में उकसावे पर कड़ी प्रतिक्रिया देने की बात कही है। जेसीएस ने पत्रकारों को एक संदेश

■ एक दिन पहले द. कोरिया और अमेरिका लडाकू विमानों के साथ संयुक्त हवाई अभ्यास किया था

में कहा कि हमारी सेना ने उत्तर कोरियाई बैलिस्टिक मिसाइलों से संबंधित जानकारी अमेरिका और जापान के अधिकारियों के साथ साझा करते हुए अतिरिक्त प्रक्षेपणों के खिलाफ निगरानी तथा सतर्कता बढ़ा दी है। यह प्रक्षेपण 22 अप्रैल को पूर्वी सागर की ओर उत्तर कोरिया की ओर से 600 मिमी सुपर-बड़े गोले दागे जाने के बाद हुआ है, जिन्हें कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल माना जाता है।

वर्ग पहेली 6558

१		२		३	■	४		५	
	■		■	६			■		■
७			■	■	■	८			९
	■		■	१०			■	■	
■	११		१२		■	■	१३		
■		■		■	१४			■	
१५		१६		■		■	१७	१८	
	■		■	१९		२०	■		■
२१			■		■	२२			२३
	■	२४				■	■	■	

बायें से दायें:-

१. किसी बखेड़े या झमेले में पड़ा हुआ
४. क्रमांक
६. घिसाव, घर्षण
७. दया, कृपा (उर्दू)
८. आज्ञाकारी, सेवक
१०. प्राप्त, लब्ध (उर्दू)
११. आपस में
१३. पिंजरा(उर्दू)
१४. जन्दायिनी, माता
१५. चंदन
१७. स्थान (उर्दू)
१९. सतह, तह
२१. द्वितीय
२२. जांचने वाला
२४. बिल्कुल, दूसरा जन्म

ऊपर से नीचे:-

१. ब्यौरा
२. किसी कार्य के बनने, बिगड़ने की पूरी जिम्मेदारी (उर्दू)
३. मूल, दाम (उर्दू).
४. जांच, निरीक्षण (उर्दू)
५. गंभीर, संवेदनशील (उर्दू)
९. रत्नों का ढेर
१०. पराजित
११. शुरुआत, आरंभ(उर्दू)
१२. छूने से पैदा होने वाला
१३. दासी, सेविका(उर्दू)
१४. टूटा-फूटा
१५. श्रमिक (उर्दू)
१६. मृत्यु रा गेनका
१८. तीखा
१९. पढ़ा हुआ
२०. तपस्या
२३. उधार, ऋण

वर्ग पहेली-6557

१ अ	स्थि	२ क	ल	३ श	■	४ ग	ड़	५ ब	ड़
किं	■	म	■	६ शि	क्षि	त	■	ल	■
७ च	तु	र	■	व	■	८ का	रा	वा	९ स
न	■	तो	■	१० द	ला	ल	■	■	म
■	११ भ	ड़	१२ क	ना	■	■	१३ वि	ज	य
■	ला	■	ट	■	१४ क	दा	पि	■	पा
१५ भा	ई	१६ चा	रा	■	रू	■	१७ न	१८ के	ल
ग्य	■	टु	■	१९ मृ	णा	२० ल	■	व	■
२१ वा	टि	का	■	गां	■	२२ स	फ	ल	२३ ता
न	■	२४ र	वि	क	र	■	■	■	ली

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

आज का इतिहास

1881-एक वकील, राजनीतिज्ञ और संविधान सभा के सदस्य राम लिंगम चेट्टियार का जन्म।
1912-पहली भारतीय फीचर लेंथ फिल्म श्री पुंडालिक रिलीज।
1933-भारत के बारहवें प्रधानमंत्री बने एच.डी. देवगौड़ा का जन्म।
1934-भारतीय बांग्ला भाषा के कवि, गीतकार, संगीतकार और देशभक्त मुकुन्द दास का निधन।
1948-भारतीय राजनेता थावर चंद गहलोत का जन्म।
1951-भारतीय जनता पार्टी के राजनीतिज्ञ जगदीप धनखड़ का जन्म।
1974-राजस्थान के पोखरण में अपना पहला भूमिगत परमाणु बम परीक्षण करके भारत परमाणु शक्ति संपन्न देशों की कतार में शामिल हो गया।
1991-चॉकलेट कंपनी में कैमिस्ट के तौर पर काम करने वाली 27 वर्षीय हेलेन ने ब्रिटेन की पहली अंतरिक्ष यात्री के तौर पर सोवियत सोयूज यान से उड़ान भरी। उन्हें एक पहेली का जवाब देने पर यह मौका दिया गया।
1994-गाजा पट्टी क्षेत्र से अन्तिम इजरायली सैनिक टुकड़ी हटाये जाने के साथ ही क्षेत्र पर
फिलीस्तीनी स्वायत्तशासी शासन पूरी तरह से लागू।
2004-इजरायल के राफा विस्थापित कैम्प में इजरायली सैनिकों ने 19 फिलीस्तीनियों को मौत के घाट उतारा।
2006-नेपाल नरेश को कर के दायरे में लाया गया।
2007-कजाकिस्तान के राष्टपति नूर सुल्तान नजर वायेव का कार्यकाल असीमित समय के लिए बढ़ा।
2008-पार्श्वगायक नितिन मुकेश को मध्य प्रदेश सरकार ने राष्ट्रीय लता मंगेशकर अलंकरण से सम्मानित किया।
2009-श्रीलंका सरकार ने 25 साल से तमिल विद्रोहियों के साथ हो रही जंग के खत्म होने का एलान किया। सेना ने देश के उत्तरी हिस्से पर कब्जा किया और लिट्टे प्रमुख वेलुपिल्लई प्रभाकरन को मार गिराया।

निर्माण *ईरानी शहर रश्त को कैस्पियन सागर पर अस्तारा बंदरगाह से जोड़ेगा*

ईरान में उत्तर-दक्षिण गलियारे के हिस्से का निर्माण 2024 में शुरू होगा : रूस

मास्को, 17 मई (एजेंसियां)। रूस ने अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे (आईएनएसटीसी) के पश्चिमी मार्ग के रेल खंड का निर्माण के निर्माण की उम्मीद जताई है। जो ईरानी शहर रश्त को कैस्पियन सागर पर अस्तारा बंदरगाह से जोड़ेगा। रूस के उप परिवहन मंत्री दिमित्री ज्वेरेव ने शुक्रवार को कहा कि डिजाइन कार्यों के समानांतर निर्माण कार्य इस साल शुरू हो जाएंगे। उन्होंने रूस के कजान में अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मंच 'रूस-इस्लामिक वर्ल्ड कज़ानफ़ोरम' में कहा कि सबसे महत्वपूर्ण निर्णय रूस और ईरान द्वारा आइएनएसटीसी के रश्त-अस्टारा खंड के निर्माण पर समझौते पर करना है।

इस मुद्दे पर 20 वर्षों से चर्चा की जा रही थी। आखिरकार हम इस पर हस्ताक्षर करने में कामयाब रहे। ...हमें उम्मीद है कि जून से हम पहला सर्वेक्षण कार्य शुरू करेंगे, एक प्रदर्शन अनुबंध पर हस्ताक्षर किए जाएंगे और 2028 में थ्रू लाइन लॉन्च करने के लिए डिजाइन कार्यों के समानांतर निर्माण कार्य इस साल शुरू होंगे। गौरतलब है कि आईएनएसटीसी एक अंतरराष्ट्रीय मल्टी-मोड नेटवर्क है, जो रूस के सेंट पीटर्सबर्ग से भारत की वाणिज्यिक नगरी मुंबई तक लगभग 4,500 मील तक फैला है। यह गलियारा स्वेज नहर के माध्यम से यूरोप, फारस की खाड़ी और हिंद महासागर के देशों को जोड़ने वाले समुद्री मार्ग का एक विकल्प है। इसमें तीन मार्ग शामिल हैं, अर्थात रेलवे और बंदरगाहों का उपयोग करने वाला ट्रांस-कैस्पियन मार्ग तथा पश्चिमी एवं पूर्वी भूमि मार्ग पर है।

यूक्रेन पर इस्तांबुल समझौता संभावित शांति वार्ता के आधार रूप में बने रहने चाहिए

मॉस्को। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को कहा कि यूक्रेन पर इस्तांबुल में हुए समझौते लागू होने चाहिए और सभी संभावित शांति वार्ता उन पर आधारित होनी चाहिए। श्री पुतिन ने अपनी चीन यात्रा के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ठीक है, निश्चित रूप से यह एक आधार है, आप जानते हैं? उन्होंने इस पर हस्ताक्षर किए हैं, लेकिन दस्तावेज पर हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं। वहां बहुत गंभीर मुद्दे हैं। आप जानते हैं, यूक्रेन की सुरक्षा सुनिश्चित करने से संबंधित मुद्दे हैं। वे इसमें लिखे गए हैं इस तरह से कि हमें अभी भी उनके बारे में सोचना होगा, लेकिन सामान्य तौर पर, यही आधार है। श्री पुतिन ने कहा कि रूस यूक्रेन पर शांति वार्ता में भाग लेने के लिए तैयार है, लेकिन उन्हें स्विट्जरलैंड में सम्मेलन में आमंत्रित नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि वे हमें आमंत्रित नहीं करते हैं। इसके अलावा, वे कहते हैं कि वे हमें वहां नहीं देखते हैं।

दुनिया को जानें

पर्यटन के विकास से चीन में आर्थिक विकास की निहित शक्ति दिखती है

बीजिंग, 17 मई (एजेंसियां)। हर साल 19 मई को चीन का पर्यटन दिवस है। इस साल 14वां पर्यटन दिवस 1 से 31 मई तक मनाया जा रहा है, जिसका विषय है पूरे चीन में घूमें और सूखी जीवन का आनंद लें। पर्यटन दिवस के दौरान विभिन्न पर्यटन स्थल यात्रियों को लाभ पहुंचाने वाले तरह-तरह कदम उठाते हैं, ताकि पर्यटन में भाग लेने के लिए अधिक नागरिकों को आकर्षित किया जा सके। दस से अधिक सालों के विकास के बाद यह देशव्यापी दिवस व्यापक यात्रियों में लोकप्रिय होने लगे हैं। आंकड़ों के अनुसार इस साल के मई दिवस की छुट्टियों के दौरान चीन में 29 करोड़ 50 लाख लोगों ने यात्रा की, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 7.6 प्रतिशत अधिक है। घरेलू पर्यटकों का कुल यात्रा खर्च 1 खरब 66 अरब 89 करोड़ युआन रहा, जिसकी वृद्धि दर 12.7 फीसदी है। पर्यटन बाजार के तेज़ विकास से चीन में आर्थिक विकास की निहित शक्ति और जीवन शक्ति दिखाई गई। आर्थिक विकास बढ़ाने में पर्यटन बाजार का विकास और इसके तहत संबंधित क्षेत्रों का विकास उपभोग का विस्तार करने और राष्ट्रीय आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

प्रादेशिकी

जनसेवा नहीं, धन सेवा के लिए राजनीति कर रहे राणा : सुक्खू

सुजानपुर। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा जनसेवा नहीं, धन सेवा के लिए राजनीति कर रहे हैं। सुक्खू ने आरोप लगाया कि पूर्व विधायक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राजनीतिक मंडी में बिके हैं, 14 महीने में वह जनता के काम नहीं, सिरमौर के नैना टिक्कर स्थित अपनी पार्टनरशिप वाले क्रशर की एनवायरमेंट क्लीयरेंस और अपने राजगढ़ के होटल की सड़क बनवाने के लिए मेरे पास आते थे। पूर्व मुख्यमंत्री प्रो प्रेम कुमार धूमल को राजनीतिक षड्यंत्र के तहत हराया गया। वह हमीरपुर से चुनाव लड़ते थे, भाजपा के एक खेमे ने उन्हें सुजानपुर से टिकट दिलवा दिया। धूमल चुनाव हार गए और पूर्व भाजपा सरकार में हमीरपुर जिला को अधिमान नहीं मिला। श्री सुक्खू ने ये बातें सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के जोल पलाही, खैरी गोशाला, कक्कड़, ऊटपुर, ऊहल, पटनौण व सराकड़ में आईटीआई के पास चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहीं

धामी ने चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर की समीक्षा बैठक

चारधाम यात्रा को सुगम बनाने के लिए धामी ने संभाला मोर्चा

- रजिस्ट्रेशन के अनुसार ही श्रद्धालुओं को चारधाम यात्रा की दें अनुमति
- चारधाम यात्रा से जुड़े जनपदों के डीएम और एसपी करे पूरा सहयोग

■ अमरनाथ तिवारी

देहरादून, 17 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सचिवालय में चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए चारधाम यात्रा से जुड़े जनपदों के जिलाधिकारियों से विभिन्न व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया। मुख्यमंत्री बड़कोट जाकर ग्राउंड जीरो से यमुनोत्री धाम की व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत और यात्रा को सुगम बनाने के लिए मुख्यमंत्री स्वयं मोर्चा संभाले हुए हैं। मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा से जुड़े सभी विभागों के सचिवों को निर्देश दिए हैं कि वे लगातार चारधाम यात्रा मार्गों पर अपने विभागों से संबंधित सभी व्यवस्थाओं को देंखे और विभागों के उच्चाधिकारियों को भी मौके पर भेजें। उन्होंने कहा कि यात्रा व्यवस्थाओं में सभी अधिकारी चारधाम यात्रा से जुड़े जनपदों के जिलाधिकारी और एसपी का पूरा सहयोग करें। यात्रा व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि यात्रियों को जिन स्थानों पर ठहराने की व्यवस्थाएं की गई है, यह सुनिश्चित किया जाए कि उन स्थानों पर सभी मूलभूत सुविधाएं पेयजल, विद्युत, शौचालय, खानपान और बच्चों के लिए दूध और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहें। उन्होंने निर्देश दिये कि चारधाम पैदल मार्गों पर श्रद्धालुओं को पेयजल एवं अन्य सुविधाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हों। चारधाम यात्रा के दौरान भीड़ प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत आवश्कतानुसार वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था की जाए और श्रद्धालुओं को इन मार्गों के बारे में जानकारी भी दी जाए। सचिव परिवहन को मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि वाहनों की फिटनेस का विशेष ध्यान रखा जाए। बिना फिटनेस के कोई वाहन यात्रा मार्ग पर चल रहे हैं तो, इसके लिए सबंधित परिवहन अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाय। मुख्यमंत्री ने रजिस्ट्रेशन के अनुसार ही श्रद्धालुओं को चारधाम यात्रा पर भेजा जाए। ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन को फिलहाल स्थगित रखा जाए।

बैठक में प्रमुख सचिव आर. के सुधांशु, सचिव अरविन्द सिंह ह्यांकी, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, सचिन कुर्वे, गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पाण्डेय, सचिव एस.एन. पाण्डेय, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, जिलाधिकारी देहरादून श्रीमती सोनिका, एसएसपी अजय सिंह, वर्चुअल माध्यम से डीजीपी अभिनव कुमार, जिलाधिकारी हरिद्वार धीराज गर्ब्याल उपस्थित थे।

उत्तरकाशी के फर्जी रजिस्ट्रेशन वालों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई: डीएम

देहरादून। जिलाधिकारी उत्तरकाशी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने कहा कि गंगोत्री और यमुनोत्री धाम की यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि शुक्रवार को गंगोत्री धाम में 11 हजार और यमुनोत्री धाम में 10 हजार श्रद्धालुओं के दर्शन करने की संभावना है। श्रद्धालुओं के लिए जिन स्थानों पर ठहराव की व्यवस्था की गई वहां पर सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। एसपी उत्तरकाशी ने कहा कि कुछ लोग फर्जी रजिस्ट्रेशन वाले पाये गये हैं, जिन पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। जिलाधिकारी चमोली श्री हिमांशु खुराना ने कहा कि श्री बद्रीनाथ में यात्रा सुचारू रूप से चल रही है। आगामी सप्ताह में अवकाश के दृष्टिगत श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि के दृष्टिगत भी सभी व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

भाजपा अपना अस्तित्व खो चुकी है : संजय अवस्थी

भाजपा ने ऐसी कौन सी तोप मारी है जिसके दम पर जनता से तीसरी बार के लिए वोट मांगे : संजय अवस्थी

- मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार ने 15 माह में कई अभूतपूर्व कार्य किए हैं

शिमला, 17 मई (देशबन्धु)। केंद्र में 4 जून को इंडिया गठबंधन पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। इंडिया गठबंधन को मिल रहे अपार समर्थन के चलते भाजपा पूरी तरह बौखला गई है। भाजपा के नेता असली मुद्दों से भटककर हिन्दू-मुस्लिम,जाति-धर्म और मंगलसूत्र की बात कर जनता को गुमराह कर रहे हैं।

कांग्रेस प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष संजय अवस्थी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा 10 वर्ष बीत जाने के बाद अपना अस्तित्व खो चुकी है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दस सालों में किए गए कार्यों का बखान नहीं कर पा रहे हैं। उसी तरह भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल भी प्रदेश की जनता को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. बिंदल बताएं कि भाजपा ने ऐसी कौन सी तोप मारी है जिसके दम पर जनता से तीसरी बार के लिए वोट मांगे। अवस्थी ने कहा कि यह वही बिंदल हैं जिन्होंने पूर्व में भाजपा की डबल- इंजन की सरकार के रहते हुए वैश्विक महामारी कोरोना में आपदा में अवसर ढूंढा था। उन्होंने कहा कि डॉ बिंदल प्रदेश की जनता को यह बताएं कि उन्होंने अपने पद से इस्तीफा क्यों दिया था? अवस्थी ने बिंदल को सलाह देते हुए कहा कि जिनके खुद के घर शीशे के होते हैं वह दूसरों के घर पत्थर ने फेंका करते। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सबसे ईमानदार और स्वच्छ छवि वाले सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू पर सवाल उठाने से पूर्व उन्हें सौ बार सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू पहले ऐसे सीएम हैं जिन्होंने इतिहास की सबसे बड़ी प्राकृतिक आपदा में प्रभावितों की दिन-रात सहायता की। इतना ही नहीं सीएम ने अपनी जेब से जमा पूंजी का 51 लाख रुपए आपदा राहत कोष में जमा किया है न कि भाजपा नेताओं की तरह अपनी जेब भरने का काम। अवस्थी ने कहा कि सीएम सुक्खू के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार ने 15 माह में कई अभूतपूर्व कार्य किए हैं। जिसका असर चुनाव प्रचार के दौरान उमड़ रहे जनसैलाब से देखने को मिल रहा है। सीएम ने वे सभी गारंटियां पूरी कर दी हैं। जो विधानसभा के दौरान कांग्रेस पार्टी ने जनता से की थी। आज प्रदेश के 1.36 हजार सरकारी कर्मचारियों को ओपीएस देने वाला देश का एकमात्र राज्य हिमाचल है लेकिन दूसरी ओर जिन राज्यों छतीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस सरकार कर्मचारियों को ओपीएस दे रही थी वहां भाजपा सरकार ने सत्ता में आते ही उसे बन्द कर दिया है।

सार संक्षेप

शादी की खुशियां मातम में बदली, सड़क हादसे में युवक की मौत

पिथौरागढ़। बेरीनाग में सड़क हादसे में एक युवक की जान गई है। इस घटना दो लोग घायल हुए हैं। घटना गुरुवार देर शाम बताई जा रही है। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि मृतक के भाई की आज शादी थी। बताया जा रहा है कि बेरीनाग के कोटमन्या-खोलागांव-तोराथल मार्ग पर एक कार हादसे का शिकार हो गई। इस हादसे में एक युवक की मौके पर जान चली गई. जबकि एक बालिका समेत दो घायल हो गए। बताया जा रहा है कि हादसे में जिस युवक की मौत हुई है, उसके भाई की शुक्रवार को बारात जानी थी। लेकिन उससे पहले यह हादसा हो गया। हादसे के बाद खोलागांव गांव में मातम पसर गया है। बताया जा रहा है कि गुरुवार देर शाम कार कोटमन्या से खोलागांव जा रही थी। तभी खोलागांव के पास अचानक कार अनियंत्रित होकर करीब 100 फीट गहरी खाई में जा गिरी। कार में कार चालक 32 वर्षीय सूरज साहनी निवासी खोलागांव की मौके पर मौत हो गई। जबकि कार सवार 32 वर्षीय अनिल साहनी और अंजली (उम्र 15 वर्ष) निवासी खोलागांव घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही बेरीनाग पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू किया। घायलों को सीएचसी बेरीनाग लाया गया, जहां दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया है। दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि सूरज साहनी कोटमन्या कस्बे में मेडिकल की दुकान चलाता था। उसके दो छोटे बच्चे भी हैं. सूरज की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया है।

हत्या के दोषी की फांसी की सजा आजीवन कारावास में तब्दील

नैनीताल। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने हरिद्वार के चतुर्थ अपर सत्र न्यायधीश की कोर्ट ने जघन्य अपराध करने पर फांसी की सजा सुनवाई है। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी और न्यायमूर्ति आलोक कुमार की खंडपीठ ने आरोपी का कोई क्रिमिनल रिकार्ड न होने व केस में उसके खिलाफ फांसी की सजा दिए जाने के पर्याप्त सबूत रिकॉर्ड में उपलब्ध नहीं होने के कारण, अपराधी की फांसी की सजा को आजीवन कारावास में तब्दील कर दिया है। मामले के अनुसार 2016 में हरिद्वार के रानीपुर में रुपयों के लेनदेन से उपजे विवाद में छोटे भाई ने चाकू से भाई और भाभी की नृशंस हत्या कर दी थी। हत्यारोपी ने पांच वर्षीय भतीजी की भी हत्या करने की कोशिश की थी। हत्यारोपी के सिर पर खून सवार देखकर ग्रामीणों ने बाहर से कुंडा लगाकर उसे कमरे में बंद कर दिया था। पुलिस के पहुंचने के बाद दोहरे हत्याकांड के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

सुडोकू 6558 का हल

5	2	6	4	9	1	7	3	8
8	3	4	5	6	7	1	2	9
7	9	1	8	2	3	4	5	6
6	1	9	3	7	5	2	8	4
2	5	7	9	8	4	3	6	1
4	8	3	2	1	6	5	9	7
9	7	2	1	3	8	6	4	5
1	4	8	6	5	2	9	7	3
3	6	5	7	4	9	8	1	2

राजा ने गुरुग्राम का विकास नहीं किया : राज बब्बर

इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र में आने वाले सभी गांवों, कस्बों एवं शहरों का चहुंमुखी विकास कराया जाएगा : राज बब्बर

गुरुग्राम, 17 मई (देशबन्धु)। पटौदी विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने लगातार चार बार राजा को अपना सांसद चुनकर केन्द्र में भेजा है लेकिन उन्होंने सत्ता में रहने के बावजूद भी इस क्षेत्र का कोई विकास नहीं किया। यह बात इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी राज बब्बर ने पटौदी विधानसभा के अपने चुनावी जनसंपर्क के दौरान कही। उन्होंने कहा कि इतने भारी जनसमर्थन के बावजूद भी भाजपा के निवर्तमान सांसद ने विकास के मामले में यहां के लोगों की अनदेखी की है। बब्बर ने कहा कि वह जिस भी क्षेत्र में जा रहे हैं वहीं समस्याओं का अंबार लगा हुआ है जिससे ज़ाहिर होता है कि पिछले समय में लोगों को वोट बटोरने के लिए ही इस्तेमाल किया जाता रहा है, उनकी समस्याओं के समाधान के लिए आंखे मूंद ली जाती हैं। उन्होंने चिंता ज़ाहिर करते हुए कहा कि गुरुग्राम का नाम विश्व पटल पर मिलेनियम सिटी के नाम से जाना जाता है, लेकिन धरातल पर यहां किसी भी तरह का कोई विकास नज़र नहीं आता। राज बब्बर ने शुक्रवार को पटौदी विधानसभा क्षेत्र के दरापुर, खलीलपुर, लोकरा, मौजाबाद, लोचबका, इंछापुरी, बस्तपुर, छावण, तेलपुरी, मिल्कपुर, मेहनियावास एवं मिर्जापुर आदि सहित अनेक गांवों व कस्बों का ताबड़तोड़ दौरा किया। कांग्रेस प्रत्याशी ने इस दौरान अपने पक्ष में मतदान करने के लिए अपील करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र में आने वाले सभी गांवों, कस्बों एवं शहरों का चहुंमुखी विकास कराया जाएगा। युवाओं को रोज़गार के भरपूर अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे जिससे कि उन्हें किसी दूसरे क्षेत्र में जाकर रोज़गार के लिए दर-दर की ठोकरें खाने पर मज़बूर नहीं होना पड़ेगा।

कांग्रेस और विकास का कोई नाता नहीं : अनुराग ठाकुर

गुरुग्राम, 17 मई (देशबन्धु)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि नारी सशक्तिकरण भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिकताओं में है लेकिन इंडिया अलायंस आए दिन महिलाओं को प्रताड़ित अपमानित करने वालों को पोषण और संरक्षण देने का काम करती है। अनुराग ठाकुर ने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के धर्मपुर मंडल में एक दर्जन से अधिक जन संपर्क कार्यक्रमों के भाग लिया। इस दौरान मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए व जनसभा को को संबोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस और गठबंधन पर निशाना साधा। ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस का विकास से दूर-दूर तक कोई रिश्ता नाता नहीं है इसीलिए उनकी प्राथमिकता तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति रहती है। कर्नाटक में बम ब्लास्ट होते हैं, कांग्रेस काउंसलर की बेटी की बेरहमी से गला रेत कर हत्या कर दी जाती है, असेंबली में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते हैं। लेकिन वहां की निकम्मी सरकार इन आरोपियों को पकड़ने और इनपर कारवाई करने की बजाय तुष्टिकरण की राजनीति में लगी रहती है। ऐसे लोगों का देश की सत्ता के बारे में सोचना मुंगेरीलाल के हसीन सपने जैसा है क्योंकि देश की जनता इन्हें सपने में भी भारत में सरकार बनाने नहीं देगी।

सीसीटीवी से यात्रा की हो रही निगरानी: जिलाधिकारी

देहरादून, 17 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग से केदारनाथ यात्रा के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग सौरभ गहरवार ने अवगत कराया कि श्री केदारनाथ में यात्रा सुचारू रूप से चल रही है। आज अभी तक श्री केदारनाथ में 11 हजार हजार श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं, पैदल मार्ग से 8 हजार यात्री दर्शन के लिए गये हैं। ठहराव वाले स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से यात्रा मार्ग पर वाहनों के आवागमन की व्यवस्थाओं की कंट्रोल रूम से निगरानी की जा रही है। यातायात प्रबंधन के लिए यात्रा मार्ग पर पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग ने कहा कि उन्होंने गुरूवार रात्रि को रूद्रप्रयाग से गौरीकुंड तक यात्रा व्यवस्थाओं को देखा।

भाजपा ने पूर्व मंत्री डॉ. राम लाल मारकंडा तथा राकेश चौधरी को पार्टी से किया निष्कासित

- राकेश चौधरी 2022 के विधान सभा चुनाव में धर्मशाला से भाजपा उम्मीदवार थे
- 2022 के विधान सभा चुनाव में मारकंडा कांग्रेस के रवि ठाकुर से पराजित हुए

शिमला, 17 मई (देशबन्धु)। हिमाचल भाजपा ने पूर्व मंत्री डॉ राम लाल मारकंडा तथा धर्मशाला के पार्टी नेता राकेश चौधरी को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। विधान सभा उप चुनाव में भाजपा के अधिकृत उम्मीदवारों के खिलाफ बतौर निर्दलीय चुनाव मैदान में होने की वजह से दोनों का निष्कासन किया गया है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने दोनों नेताओं को तत्काल प्रभाव से छह सालों के लिए पार्टी से निष्कासित किया है। डॉ राम लाल मारकंडा 1998 में पहली मर्तबा हिविकां के टिकट पर लाहौल स्पीति से चुनाव जीते। वह तत्कालीन धूमल सरकार में मंत्री बने। इसके बाद वह 2003 का चुनाव हार गए, मगर 2007 में भाजपा के टिकट पर चुनाव जीत कर मंत्री बने। 2017 के विधान सभा चुनाव में वह तीसरी मर्तबा जीत दर्ज कर विधायक बने। चुनाव जीतने के बाद वह जयराम सरकार में मंत्री बने। 2022 के विधान सभा चुनाव में मारकंडा कांग्रेस के रवि ठाकुर से पराजित हुए। राकेश चौधरी 2022 के विधान सभा चुनाव में धर्मशाला से भाजपा उम्मीदवार थे। इससे पहले वह बतौर निर्दलीय भी चुनाव लड़ चुके हैं। 2022 के चुनाव में राकेश चौधरी कांग्रेस के सुधीर शर्मा से पराजित हुए। प्रदेश में राज्य सभा चुनाव में क्रास वोटिंग के बाद सियासी समीकरण तेजी से बदले हैं। क्रास वोटिंग करने वाले आधा दर्जन कांग्रेस विधायकों को बजट पर वोटिंग के दौरान पार्टी व्हिप की अवहेलना करने पर सदन से अयोग्य करार दिया गया। इसके बाद राजेंद्र राणा, इंद्र दत्त लखनपाल, चैतन्य शर्मा, देवेंद्र कुमार भुट्टो, सुधीर शर्मा व रवि ठाकुर भाजपा में शामिल हुए हैं। अयोग्य करार दिए गए विधायकों के हलकों में लोकसभा के साथ ही एक जून को उप चुनाव हो रहा है। उप चुनाव में चार हलकों में तो भाजपा अपने कार्यकर्ताओं की मान मनोव्वल में कामयाब हुई, मगर धर्मशाला व लाहौल स्पीति के अपने नेताओं क्रमश- राकेश चौधरी व डॉ मारकंडा को मनाने में भाजपा नाकाम रही। राकेश चौधरी धर्मशाला से भाजपा उम्मीदवार सुधीर शर्मा तथा मारकंडा पार्टी उम्मीदवार रवि ठाकुर के खिलाफ उप चुनाव में ताल ठोक रहे हैं।

जन जातीय क्षेत्रों के विकास में कांग्रेस का बहुत बड़ा योगदान: सिंह

आज इस क्षेत्र में जितना भी विकास हुआ है वह सब वीरभद्र सिंह की देन रहा है क्योंकि उन्होंने प्रदेश में मुख्यमंत्री के तौर पर छह बार कांग्रेस सरकार का नेतृत्व किया : विक्रमादित्य सिंह

शिमला, 17 मई (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के मण्डी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि जन जातीय क्षेत्रों के विकास में कांग्रेस का बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि रोहतांग सुरंग का निर्माण इस क्षेत्र के लिये कांग्रेस की बहुत बड़ी देन है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का इसमें कोई भी योगदान नहीं है सिवाए इसके की उनके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका उदघाटन किया। तत्कालीन कांग्रेस सरकार के प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह ने इस के लिये बजट दिया और इसका शिलान्यास तत्कालीन यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी ने इस ऐतिहासिक टनल का शिलान्यास किया था। श्री सिंह ने आज लाहुल स्पीति जिला के उदयपुर में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्व.वीरभद्र सिंह का जनजातीय क्षेत्रों से बहुत ही लगाव था। वह इस क्षेत्र के लोगों समस्याओं से भली भांति परिचित थे और समय समय पर उन्हें दूर करते थे। आज इस क्षेत्र में जितना भी विकास हुआ है वह सब वीरभद्र सिंह की देन रहा है क्योंकि उन्होंने प्रदेश में मुख्यमंत्री के तौर पर छह बार कांग्रेस सरकार का नेतृत्व किया। श्री सिंह ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में नौ तोड़ वन अधिकार अधिनियम , एफ आर ए प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने पारित कर दिया है और यह अभी प्रदेश के राज्यपाल के पास स्वीकृति के लिए लंबित पड़ा है। उन्होंने कहा चूंकि इस अधिनियम को प्रदेश सरकार की कैविनेट ने पारित किया है इसलिए राज्यपाल को इसको अपनी मंजूरी देनी ही पड़ेगी।

बिना पंजीकरण यात्रा कर रहे यात्री वाहनों की भेजा जा रहा वापस

- 7 दिनों में एक लाख अस्सी हजार से अधिक यात्री केदारनाथ धाम पहुंच चुके हैं

देहरादून, 17 मई (देशबन्धु)। प्रचलित केदारनाथ धाम यात्रा में अत्यधिक संख्या में श्रद्धालु एवं यात्री वाहन आ रहे हैं। केदारनाथ धाम के कपाट खुलने से लेकर आतिथि तक यानि पहले 7 दिनों में एक लाख अस्सी हजार से अधिक यात्री केदारनाथ धाम पहुंच चुके हैं व अत्यधिक संख्या में श्रद्धालु केदारनाथ धाम सहित, पैदल मार्ग एव रास्ते में हैं। बताते चलें कि केदारनाथ धाम सहित यात्रा पड़ावों पर रुकने की एक निश्चित क्षमता है। जनपद में स्थित पार्किंगों की भी एक निश्चित क्षमता है। सबसे बड़ी बात कि सीतापुर व सोनप्रयाग स्थित पार्किंगों में किसी वाहन की एन्ट्री हो जाने के उपरान्त वाहन तीन दिन तक पार्किंग में ही रहता है। पार्किंग की एक निश्चित क्षमता होने तथा इससे निकासी काफी कम होने व बाहर से अत्यधिक संख्या में वाहनों के आने से यात्रा मार्ग पर अत्यधिक दबाव बढ़ रहा है। वाहनों के दबाव को कम किये जाने हेतु जनपद की चौकी जवाड़ी बाई पास पर बाहर से आने वाले वाहनों की चेकिंग की जा रही है। बद्रीनाथ धाम की तरफ जा रहे वाहनों को मुख्य बाजार रुद्रप्रयाग होते हुए जाने दिया जा रहा है, केदारनाथ धाम की ओर जाने वाले वाहनों में निर्धारित तिथि का पंजीकरण होने पर ही यात्रियों व वाहनों को जाने दिया जा रहा है। कतिपय यात्री वाहन बिना पंजीकरण के ही जनपद में आ रहे हैं ऐसे वाहनों की जनपद के केदारनाथ धाम के लिए एन्ट्री बिल्कुल बन्द कर दी गयी है तथा पंजीकरण के उपरान्त निर्धारित तिथि को ही केदारनाथ धाम यात्रा पर आने के लिए बताया जा रहा है। स्वयं पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग ने गत दिवस एवं आज भी चौकी जवाड़ी पर बनायी गयी व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर सम्बन्धित प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

केदारनाथ धाम जाने वाले मार्ग पर पुलिस के स्तर से यातायात को नियंत्रित करते हुए सीतापुर व सोनप्रयाग की ओर छोड़ा जा रहा है। तिलवाड़ा, काकड़ागाड़, नारायणकोटि, दगड़्या बैरियर (फाटा) शेरसी में स्थापित अस्थायी बैरियरों पर नियुक्त पुलिस कार्मिकों द्वारा आपसी समन्वय स्थापित करते हुए सीतापुर व सोनप्रयाग पार्किंग से हो रही निकासी के क्रम में इन स्थानों से वाहन आगे की ओर भेजे जा रहे हैं। सीतापुर व सोनप्रयाग पहुंचे यात्रियों को शटल पार्किंग सोनप्रयाग तक भेजे जाने हेतु कतारबद्ध करते हुए शटल सेवा के माध्यम से गौरीकुण्ड व तदोपरान्त यात्रियों की सुविधानुसार, पैदल, डण्डी-कण्डी या घोड़े-खच्चर की सहायता से केदारनाथ धाम भेजा जा रहा है। केदारनाथ धाम में मन्दिर दर्शन हेतु पंक्तिबद्ध कराकर मन्दिर दर्शन कराये जा रहे हैं।

हरिद्वार के टूर ऑपरेटरों ने फर्जी रजिस्ट्रेशन से गंगोत्री भेज दिए 2 बसों में 88 तीर्थयात्री, मुकदमा दर्ज

उत्तरकाशी। उत्तराखंड चारधाम यात्रा 10 मई से शुरू हो चुकी है। धामों के दर्शनों के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। जिसके लिए राज्य सरकार और शासन स्तर पर तमाम इंतजाम किए गए हैं। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से चेकिंग अभियान भी चलाया जा रहा है। इसी बीच उत्तरकाशी पुलिस पंजीकरण सेंटर हिना में चेकिंग कर रही थी, तभी बार कोड चेक करने पर दो यात्री बसों की रजिस्ट्रेशन की तारीख फर्जी पाई गई। जिससे दो टूर ऑपरेटर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। बता दें कि चारधाम यात्रा का आगाज होते ही भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के दर्शनों के लिए पहुंच रही है। इसी बीच गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित रजिस्ट्रेशन सेंटर हिना में चेकिंग के दौरान रजिस्ट्रेशन बार कोड चेक करने पर दो यात्री बसों की रजिस्ट्रेशन की तिथि फर्जी पाई गई। दोनों बसों में 88 तीर्थयात्री सवार थे। श्रद्धालुओं ने बताया कि हरिद्वार से टिंकू और माटू नाम के दो टूर ऑपरेटर द्वारा उनके रजिस्ट्रेशन में फर्जीवाड़ा कर उनके साथ छल किया गया है।

प्रादेशिकी

शाहजहांपुर में ऑनर किलिंग में पिता पुत्र गिरफ्तार

शाहजहांपुर, 17 मई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के थाना निगोही क्षेत्र में नौ दिन पहले की गई ऑनर किलिग का पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी पिता और भाई को गिरफ्तार कर लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर संजय कुमार ने शुक्रवार को बताया कि थाना निगोही क्षेत्र के गांव में रहने वाले राजाराम ने 8 मई को थाने पर पुत्री के गायब होने गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। पुत्री की बरामदगी के लिए पुलिस की दो टीमें लगाई गई थी। 11 मई को लड़की का शव पुलिस को जिंदपुरा के जंगल से बरामद हुआ था। कुमार ने बताया कि राजा राम ने इसके बाद निगोही थाने पर पुरानी रंजिश में पड़ोसी सात लोगो कुंदन लाल, अर्जुन, सुमित प्रेम चंद्र, सेठपाल, मुकेश, बालकराम के खिलाफ अपहरण, हत्या और एसी एएसटी का मुकदमा दर्ज कराया।

रामभक्तों व रामद्रोहियों के बीच है लोस चुनाव : योगी

लखनऊ/बलरामपुर,17 मई (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव रामभक्तों और रामद्रोहियों के बीच है जिसमें रामभक्तों की जीत सुनिश्चित है। बलरामपुर जिले की उतरौला विधानसभा क्षेत्र के रेहरा बाजार में गोण्डा लोकसभा के भाजपा उम्मीदवार सांसद कीर्तिवर्धन सिंह के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित करते हुए योगी ने कहा कि अयोध्या में श्री रामजन्मभूमि पर रामलला विराजमान की रणनीति बलरामपुर जिले में ही 1949 में बनाई गई थी इसलिए सही मायने में रामलला पर पहला हक बलरामपुर जिले का है। उन्होंने विपक्षी दलों पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस और सपा के वश की बात रामलला का मंदिर बनाना नहीं था क्योंकि वे रामद्रोही है। रामलला विराजमान का कार्य सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और नेतृत्व में ही संभव था और ये ताकत जनता ने भाजपा को दी है। योगी ने कहा कि जनबल से ही असंभव कार्य भी संभव हो रहे है। रामलला विराजमान केवल हमारी पीढ़ी ही नहीं बल्कि भावी पीढ़ियों और परलोक में पूर्वजो के संकल्प की पूर्ति है। अयोध्या में राममंदिर निर्माण लोक परलोक दोनो के लिए पुण्य की भागीदारी है। योगी ने कहा कि 2024 के इस चुनाव के पूरे हुए चार चरणों मे 285 सीटों पर मतदान हो चुका है और सम्पूर्ण देश मे बस एक ही नारा गूंज रहा कि अबकी बार, चार सौ के पास एक बार फिर मोदी सरकार। ये चुनाव रामद्रोहियों और रामभक्तों के बीच है। जो रामविरोधी है वो राष्ट्र विरोधी भी है। आतंक को प्रोत्साहित करने वाले लोग है। विरोधी दलों पर जमकर बरसते हुए योगी बोले कि सपा कांग्रेस के समय मे भ्रष्टाचार चरम पर था सुबह-सुबह नित्य एक नए भ्रष्टाचार का समाचार आता था और आतंकी घटनाओं आए दिन होती थीं लेकिन अब तो भारत में पटाखा भी दग जाए तो पाकिस्तान भय वश कहता है कि मेरा हाथ नहीं है। उन्होंने भाजपा सरकारों के कामकाज और नीतियों की सराहना की तो विपक्षी सरकारों को जमकर कोसा। उन्होंने मोदी सरकार और अपनी सरकार के प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा कि देवीपाटन मण्डल में गोण्डा, बहराइच, बलरामपुर और श्रावस्ती जिलों में विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज, एयरपोर्ट के साथ एक्सप्रेस वे जैसी बेहतरीन सड़कों का जाल भाजपा सरकारों ने बिछाया।



अयोध्या में राममंदिर निर्माण लोक परलोक दोनों के लिए पुण्य की भागीदारी है : योगी आदित्यनाथ

■ **चुनावी जनसभा में भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में मांगे वोट**

जनघोष बन गया अबकी बार 400 पार का नारा : योगी

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूरे देश में एक बार फिर मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार का नारा गूंज रहा है। यह उद्घोष अब जनघोष बन गया है। उन्होने कहा कि देश में अब तक चार चरणों के चुनाव संपन्न हो चुके हैं जबकि तीन चरण बाकी हैं। इसके बावजूद पूरे देश की जनता जनार्दन 4 जून के परिणाम को लेकर पहले से ही आश्वस्त है। वह जानते हैं कि इस बार भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ही जीत होगी। यही वजह है कि पूरे देश में एक बार फिर मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार का नारा गूंज रहा है। यह उद्घोष अब जनघोष बन गया है। यह पूरे देश में कांग्रेस और इंडी गठबंधन के विभाजनकारी तुष्टीकरण और अराजकता की नीतियों के खिलाफ देश की आम जनमानस की उद्घोषणा का शंखनाद है। जैदपुर मार्ग पर बाराबंकी लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आम जनमानस ने खुद को एक बार फिर मोदी सरकार के विजयश्री से जोड़ा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत श्रेष्ठ भारत, आत्मनिर्भर और विकसित भारत की संकल्पना की विजय का अबकी बार 400 पार का नारा एक नया उद्घोष भी है। उन्होंने महादेवा और सिद्धेश्वर महादेव की धरती पर भारत की सांस्कृतिक नवजागरण के पुरोधा, एक भारत श्रेष्ठ भारत के शिल्पी, दुनिया के सबसे लोकप्रिय राजनेता और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बाराबंकी की जनता की ओर से हृदय से स्वागत किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे। योगी ने बाराबंकी की लोकसभा प्रत्याशी राजरानी रावत और मोहनलालगंज के लोकसभा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के पक्ष में वोट की अपील की और कहा कि देश में पिछले 10 वर्षों में हुए विकास कार्यों को देखते हुए देश के आमजन ने एक बार फिर मोदी सरकार के विजय श्री के साथ खुद को जोड़ा है। ऐसे में हमें बाराबंकी और मोहनलालगंज समेत उत्तर प्रदेश की 80 की 80 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में अपना योगदान देना है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, कौशल किशोर, प्रदेश सरकार के मंत्री सतीश चंद्र शर्मा आदि उपस्थित थे।

कोरियन भाषा से शैक्षिक अनुभव के साथ रोजगार के अवसर मिलेंगे : थपलियाल

मेरठ, 17 मई (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय एवं इंडो कोरिया बिजनेस कल्चर सेंटर (आईकेबीसीसी) ने मिलकर अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने और अकादमिक उत्कृष्टता में वृद्धि के उद्देश्य से अनुबंध ज्ञापन को औपचारिक रूप प्रदान कर एक ऐतिहासिक मील का पत्थर स्थापित किया है। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी.के.थपलियाल, प्रतिकुलपति डॉ. अभय शंकरगौड़ा, कुलसचिव ग्रुप कैप्टन मोहम्मद याकूब ने इंडो कोरिया बिजनेस कल्चर सेंटर (आईकेबीसीसी) की संस्थापक एवं निदेशक डॉ. जेना चुंग सहित प्रतिनिधि मण्डल के सभी सदस्यों का विश्वविद्यालय आगमन पर स्वागत किया। कुलपति सभागार में आयोजित अनुबंध ज्ञापन हस्ताक्षर समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी.के.थपलियाल ने इस सहयोगात्मक प्रयास के गहन महत्व को रेखांकित करते हुए दोनों संस्थानों के लिए इसके पारस्परिक लाभों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सुभारती विश्वविद्यालय और इंडो कोरिया बिजनेस कल्चर सेंटर के बीच कोरियन और हिंदी भाषा के माध्यम से शैक्षणिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के साथ-साथ अनुसंधान गतिविधियां, छात्रों और संकाय के लिए विनिमय कार्यक्रम और शैक्षिक कार्यक्रमों का संचालन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त इस अनुबंध का उद्देश्य भारत और कोरिया के बीच बेहतर शैक्षिक और सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि सुभारती विश्वविद्यालय में कोरियाई भाषा पाठ्यक्रम प्रारम्भ कर छात्रों के शैक्षिक अनुभव और उनके करियर की संभावनाओं को बढ़ाया जाएगा। इस अवसर पर प्रतिकुलपति डॉ. अभय शंकर गौड़ा, प्राचार्य इंजीनियरिंग कॉलेज मनोज कपिल, ललित कला संकाय के प्राचार्य डॉ. पिंटू मिश्रा आदि मौजूद रहे।

■ **सुभारती व इंडो कोरिया बिजनेस कल्चर सेंटर के बीच हुआ एमओयू**

■ **विश्वविद्यालय में इसी सत्र से सिखाई जाएगी कोरियन भाषा**

सार संक्षेप

सामान लदी डीसीएम में लगी आग

फर्रुखाबाद। सामान भरी डीसीएम में अचानक संदिग्ध हालत में भीषण आग लग गयीद्य देखते ही देखते आग ने विकराल रुप ले लिया। दमकल ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। थाना कादरी गेट के कादरी गेट-लाल दरवाजा मार्ग निवासी पुनीत पुत्र रामदेव दुबे की ट्रांसफोर्ट है। शुक्रवार को कानपुर से किराना, मेडिकल आदि का सामान भरा था। डीसीएम रतनेश्वर महादेव मंदिर के पास सड़क किनारे खड़ी थी। सुबह लगभग 8:30 बजे डीसीएम में अचानक आग लग गई जिससे हड़कंप मच गया। पुनीत मौके पर आ गए उन्होंने दमकल को सूचना दी। जिसके बाद दमकल मौके पर पंहुची और कड़ी मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने के दौरान सड़क पर जाम लग गया।

सामान व जेवरात चोरी करने में आधा दर्जन फंसे

फर्रुखाबाद। घर में घुसकर सामान व जेवरात चोरी करनें में आधा दर्जन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गयी है। पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है। शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मोहल्ला बजरिया हरलाल निवासी ज्योति परिहार पत्नी स्वर्गीय राघवेन्द्र सिंह परिहार नें एफआईआर दर्ज कराई। जिसमे कहा कि उनके पति राघवेन्द्र सिंह की मौत के बाद उनकी सम्पत्ति की मालकिन वह खुद है। वह अपने नाबालिक पुत्रों सर्वज्ञ व विश्रुत के साथ रहती रहती है। सुरक्षा के लिए सीसीटीवी लगवा रखे हैं।

कोविंद ने सपरिवार की सरयू सलिला की आरती

अयोध्या। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद अपने परिजनों के साथ शुक्रवार को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में सरयू सलिला की आरती में शामिल होकर पूजा पाठ किया। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद अपने परिजनों सहित अस्सी सदस्यों के साथ अयोध्या में सरयू सलिला की आरती में शामिल होकर पूजा-पाठ किया। पूर्व राष्ट्रपति की पत्नी सविता कोविंद, सुपुत्री स्वाति कोविंद व अपने अन्य रिश्तेदारों के संग तय कार्यक्रम के अनुसार वंदेभारत ट्रेन से सीधे अयोध्या आए। वहां से कड़ी सुरक्षा के बीच सडक़ मार्ग द्वारा भगवान ऋषभदेव दिगम्बर जैन मंदिर, रायगंज अयोध्या पहुंचे।

सूचना

मैंने अपना नाम मौ. अल्ताफ खान से बदलकर अल्ताफ खान रख लिया है, भविष्य में मुझे अल्ताफ खान पुत्र इशाक मोहम्मद निवासी मकान नं. 54, शराफतुल्ला गुलावठी रूरल नत्थूगरी, जिला बुलंदशहर के नाम से जाना व पहचाना जाए।

सूचना

मै सूचित करती हूं कि पहले मेरा नाम (Fareha Khanam/Razia Sultana) था। अब उसे बदल कर Razya Sultana W/O Shujaat Mand Khan कर दिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

-निवासी 9 बड़ा महल शाहजहांपुर मेरठ।

सूचना

मैं सूचित करता हूं कि पहले मेरा नाम Shafat Mand Khan था। अब उसे बदल कर Shafaat Mand Khan S/O Shujaat Mand Khan कर दिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

-निवासी 9 बड़ा महल शाहजहांपुर मेरठ।

अवैध होर्डिंगों के खिलाफ चलाया गया अभियान

मेरठ, 17 मई (देशबन्धु)। शुक्रवार को नगर निगम प्रवर्तन दल की टीम कर्नल संजीव सिंह तोमर सेवानिवृत्त के नेतृत्व में व लेफ्टिनेंट सेवानिवृत्त जसवंत सिंह तोमर व विज्ञापन अधिकारी भोला नाथ गौतम के साथ मिलकर बच्चा पार्क से बेगम पुल व वापिस बच्चा पार्क होते हुए यूनिवर्सिटी रोड एवं शास्त्री नगर में सेंट्रल मार्केट में अवैध होर्डिंग अभियान चलाया गया। यूनिवर्सिटी रोड एवं सेंट्रल मार्केट में अवैध होर्डिंग हटाने के दौरान ठेकेदारों एवं वहां की जनता के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। भारी विरोध के बावजूद 9 बड़े विज्ञापन एवं 12 छोटे विज्ञापन पट हटाए गए। शास्त्री नगर सेंट्रल मार्केट से 05 बड़े यूनिपोल और 10 विज्ञापन पट भी हंगामे के बावजूद हटाए गए। अभियान के दौरान टीम में लेफ्टिनेंट सेवानिवृत्त जेपी मलिक, हवलदार हरेंद्र कुमार , हवलदार अनिल कुमार बढ़ाना, हवलदार यशपाल सिंह एवं हवलदार धीरज कुमार मौजूद रहे। टीम के अलावा निगम से लेखपाल राजकुमार एवं मोहम्मद एजाज भी उपस्थित रहे।

भीषण गर्मी में दो समर्सिबल सूखे

मवाना, 17 मई (देशबन्धु)। मवाना नगर में भीषण गर्मी के चलते दो स्थानों पर लगे दो समर्सिबल फेल हो गए हैं। दो समर्सिबल फेल होने से आसपास क्षेत्र की आबादी को पानी की किल्लत पैदा हो गई है। पानी की किल्लत से महिलाएं ज्यादा परेशान हो गई है। दूसरी ओर नगर पालिका ने पानी के टैंकर भेज दिए हैं लेकिन गलियों में रहने वाले लोग पेयजल की समस्या से दो-चार हो रहे हैं। मवाना नगर में छोटे-छोटे स्थानों पर पानी की उपलब्धता कराने के लिए नगर पालिका ने 15 हार्स पावर के 20 समर्सिबल पम्प लगा रखे है। इसके अलावा आठ पम्प हाउस भी हैं। इनमे से मुबारिकपुर रोड पर लगा समर्सिबल और कृषक इंटर कालेज के पीछे लगा समर्सिबल खराब हो गया है, जिस कारण आसपास के लोगों को पानी की उपलब्धता नहीं हो पा रही है। पालिका कार्यालय से जानकारी मिली कि मुबारिकपुर रोड से हटाकर इस समर्सिबल को अब बुड्डा पीर के पास लगाने की योजना है। वहां पर काम शुरू कर दिया गया है। इसके अलावा कृषक इंटर कालेज के पीछे समर्सिबल ठीक कराया जा रहा है। उसको अभी पेयजल लाइनों से नहीं जोड़ा गया है। मुबारिपुर रोड निवासी महाराज सिंह ने बताया कि मुबारिकपुर रोड पर लगा समर्सिबल दस दिनों से खराब है। पानी के लिए लोगों को बाल्टी लेकर दौड़ना पड़ रहा है। व्यापारी टीटू कहते हैं कि पालिका कर्मी समर्सिबल फेल होने की जानकारी अफसरों को जल्द नहीं देते है। कई दिनों बाद उन्हें जानकारी मिलती है तो इस कारण समस्या का समाधान करने में ज्यादा दिन लग जाते है। नगर पालिका ने चौराहे पर पानी का टैंकर लाकर खड़ा कर दिया हैलेकिन गलियों के लोगों को एक-एक बाल्टी पानी लेकर दौड़ना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के दौरान इस क्षेत्र में लोगों को पर्याप्त पानी मुहस्सर नहीं हो रहा है। नगर पालिका के चेयरमैन अखिल कौशिक ने बताया कि समर्सिबल फेल होने की जानकारी मिलते ही नये स्थान पर समर्सिबल कराना शुरू कर दिया है। जल्द ही लोगों की पेयजल की समस्या का समाधान हो जाएगा।

- पानी को तरसे लोग-

■ **मुबारिकपुर रोड और कृषक कॉलेज के पीछे लगे हैं समर्सिबल**

■ **नगर पालिका ने पानी के टैंकर भेजे, महिलाएं परेशान**

डीजी जेल को भेजी गई बंदी रक्षक की मौत मामले की रिपोर्ट

फर्रुखाबाद, 17 मई (देशबन्धु)। बीते दिन जिला जिला जेल के बंदी रक्षक की मौत के बाद जेल अधीक्षक पर बंदी रक्षकों के द्वारा लगाए गए गंभीर आरोप लगाए गए थे। उधर पुलिस नें शव का पोस्टमार्टम भी कराया। पोस्टमार्टम में हृदयगति रुकने से मौत होना बताया गया है। मामले की जांच रिपोर्ट डीजी कारागार को भेजी गई है।

दरअसल जिला जेल में तैनात 57 वर्षीय बंदी रक्षक जगदीश प्रसाद पुत्र राम सहाय को सीने में दर्द की समस्या के चलते लोहिया अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां ईएमओ डॉ. अभय श्रीवास्तव ने मृत घोषित कर दिया था। साथी की मौत की खबर पर दर्जन भर से अधिक बंदी रक्षक मौके पर लोहिया अस्पताल पंहुचे और जेल अधीक्षक भीम सेन मुकुंद पर समय से अवकाश ना देनें का आरोप लगाया था। बंदी रक्षकों का आरोप था की ना उन्हें बीमारी में ना ही परिजनों की बीमारी में अवकाश दिया जाता था। मृतक जगदीश भी काफी दिनों से अवकाश मांग रहे थे। लेकिन जब उनकी हालत बिगड़ी तो उन्हें लोहिया भेजकर भर्ती कराया गया।

स्काउटों ने छबील लगाकर राहगीरों को पिलाया शरबत

■ **कैडेट्स को हथियार प्रशिक्षण व बाधा पार करने का दिया प्रशिक्षण**

मवाना, 17 मई (देशबन्धु)। नगर स्थित कृषक इण्टर कालिज के स्काउटों ने प्रधानाचार्य देवेन्द्र कुमार के निर्देशन व स्काउट मास्टर संजीव कुमार के नेतृत्व में विद्यालय के मुख्य द्वार पर छबील लगाकर राहगीरों को शर्बत पिलाया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ प्रधानाचार्य देवेन्द्र कुमार व मुख्य अतिथि डा.विमल कुमार व डा.सुशील गुप्ता ने किया। प्रधानाचार्य देवेन्द्र कुमार ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए विद्यालय के स्काउटों द्वारा छबील लगाकर राहगीरों को शीतल शरबत का वितरण किया गया। स्काउटों के इस पुण्य कार्य की बच्चे, बूढ़े एवं युवा राहगीरों ने भूरी भूरी प्रशंसा की व शीतल शरबत का सेवन कर राहत की सांस ली। यहां पर संजीव कुमार (रसायन), विनोद कुमार, कपिल कुमार, सर्वेश कुमार, डा. अनिता रानी आदि उपस्थित रहे।

वहीं विद्यालय परिसर में आयोजित 73 यूपी बटालियन एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन कैडेट्स को हथियार प्रशिक्षण व बाधा पार करने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कैम्प कमाण्डेंट कर्नल मृदुल मित्तल ने बताया कि कैडेट्स को बाधाएं स्ट्रेट बैलेंस, गेट वाल्ट, जिगजैग, वाल, डबल डिच, लैफ्ट वाल्ट, राइट वाल्ट, रैम्प आदि पार करने का प्रशिक्षण प्रदान करते हुए एल्फा, ब्रेवा, चार्ली, डेल्टा, कम्पनी के बीच प्रतियोगिता कराई गई।

पेड से टकराई बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

मवाना, 17 मई (देशबन्धु)। शुक्रवार सुबह निलोहा रजवाहे के समीप एक बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों हमने सूचना 108 एंबुलेंस को दी मौके पर पहुंची एंबुलेंस घायल को बीएससी ले आई हालत गंभीर होने के चलते घायल को है सेंटर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना फलावदा के खाता गांव निवासी 39 वर्षीय संदीप पुत्र सूरजपाल बाइक से गांव वापस लौट रहा था। संदीप जब निलोहा रजवाहे के समीप पहुंचा तो बाइक अनियंत्रित हो पेड़ से टकरा गई। जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी 108 एंबुलेंस को दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस घायल को मवाना सीएचसी भर्ती कराया बाइक सवार की हालत गंभीर होने के चलते चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

गुरू तेग बहादुर स्कूल में यातायात व्यवस्था को लेकर हुई चर्चा

मेरठ, 17 मई (देशबन्धु)। शुक्रवार को गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में एसपी ट्रैफिक राघवेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा वेस्ट एण्ड रोड स्थित स्कूलों के प्रधानाचार्यों के साथ मिलकर स्कूल की छुट्टी के समय जाम की स्थिति से छुटकारा पाने के लिए एक बैठक आयोजित की गई।

जिसमें गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल, दीवान पब्लिक स्कूल, एसडी ब्यॉज स्कूल, मेरठ पब्लिक गर्ल्स स्कूल, दर्शन एकेडमी, ऋषभ एकेडमी, मार्डन पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य सम्मिलित हुए। जिसमें छुट्टी के समय लगे जाम से छुटकारा पाने के लिए सभी प्रधानाचार्यों ने अपने-अप सुझाव दिए।

एसपी ट्रैफिक ने कहा कि अगर हम स्कूलों की छुट्टी में 15 मिनट के अन्तराल का समय रखे, लोकल पार्किंग पर रोक लगाए तथा बड़े वाहनों को छुट्टी से पहले रोका जाए तो जाम से छुटकारा मिल सकता है। उन्होंने कहा कि सभी स्कूल अगर मिलकर प्रयास करेंगे तो जाम से छुटकारा जरूर मिलेगा।

अंत में कुछ जरूरी पांइट को चिन्हित करते हुए एसपी ट्रैफिक ने अपनी टीम को निर्देश जारी किए और कहा कि इनको आज से ही अमल में लाकर जाम से निपटने के लिए प्रयास करना है।

■ **जाम की स्थिति से निपटने के लिए किया गया विचार विमर्श**

■ **एसपी ट्रैफिक ने मिटिंग में प्रधानाचार्यों से मांगे सुझाव**

आयोजन *शोभित में मॉडर्न पाइथन गेम्स द्वारा म्यूजिक पोएट्री फेस्टिवल का हुआ आयोजन*

विद्यार्थियों को ऊर्जावान बनाते हैं इस तरीके के कार्यक्रम : त्यागी

मेरठ, 17 मई (देशबन्धु)। शुक्रवार को शोभित विश्वविद्यालय में मॉडर्न पाइथन गेम्स द्वारा म्यूजिक एवम पोएट्री फेस्टिवल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डा. वी.के. त्यागी एवं मॉडर्न पाइथन गेम्स के संस्थापक विजेंद्र गोयल ने संयुक्त रूप से किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. वी.के.त्यागी ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रांगण में इस तरीके के कार्यक्रम विद्यार्थियों को ऊर्जावान बनाते है। बिजेंदर गोयल ने बताया कि मॉडर्न पाइथन गेम्स प्राचीन पाइथन गेम्स से लिया गया है।

■ **डॉ.जयानंद ने विद्यार्थियों को जीवन में संगीत के महत्व पर डाला प्रकाश**

पाइथन गेम्स एवं ओलंपिक गेम्स दोनों ही प्राचीन ग्रीक इतिहास से लिए गए है। पाइथन गेम्स म्यूजिक डांस शायरी एथलीट्स रेसलिंग और रेसिंग का संयुक्त मिश्रण है। जहां मॉडर्न ओलिंपिक गेम्स का पुनरारंभ 1894 में किया गया वहीं मॉडर्न पाइथन गेम्स को 2022 में पुन: आरंभ किया गया। विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रोफेसर डॉ.जयानंद ने विद्यार्थियों को जीवन में म्यूजिक के महत्व को बताया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में कवि आलोक यादव, सिया सचदेव, आशीष सिंह सिंघल, अहमद अजीम द्वारा अपनी रोचक प्रस्तुतियां द्वारा मंत्र मुग्ध किया गया। वहीं दूसरी तरफ प्रतियोगिता में विभिन्न कॉलेजों से आए विद्यार्थियों ने अपने प्रस्तुति दी। दूसरे सत्र में डॉ. उर्वशी अग्रवाल ने गजल और चौपाई द्वारा समा बांध दिया इसके साथ ही गर्वबांगा ने अपने संगीत के साथ मनमोहके प्रस्तुति दी। सत्र का संचालन टीपी सिंह ने किया। डॉ. दिव्या प्रकाश ने सभी को अंत में धन्यवाद ज्ञापित किया। डॉ. अनिता राठौर, डॉ. गौरव त्रिपाठी, सुरभि सरोहा आदि मौजूद रहे।

यह विद्यार्थी रहे विजेता

पोएट्री प्रतियोगिता में प्रथम पुरुस्कार अनुज कुमार पंडित ,द्वितीय पुरुस्कार भावना सेठ एवं तृतीय पुरुस्कार गौरव अग्रवाल को प्रदान किया गया । वही म्यूजिक प्रतियोगिता में ऋषभ सिंह पहला, कुणाल राणा को दूसरा एवं शुभेंदु प्रकाश नीरज को तीसरा स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप नगद धनराशि प्रदान कि गई।

छात्रों ने किया पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क का औद्योगिक भ्रमण

मेरठ। शोभित विश्वविद्यालय के नाइस स्कूल ऑफबिजनेस स्टडीज विभाग के एमबीए के छात्रों ने आज हरिद्वार स्थित पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क का औद्योगिक भ्रमण किया। इस शैक्षिक यात्रा का उद्देश्य छात्रों को वास्तविक औद्योगिक प्रक्रियाओं और प्रबंधन तकनीकों से अवगत कराना था। इस अवसर पर पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क के वरिष्ठ अधिकारी शुभम जय सिंह ने छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क एशिया का सबसे बड़ा एफएमसीजी मैन्युफैक्चरिंग प्लांट है, और इसके अतिरिक्त देश भर में इतने ही बड़े 30 अन्य हर्बल पार्क भी स्थापित किए गए हैं, जहां व्यापक पैमाने पर उत्पादन किया जा रहा है।

जय सिंह ने पतंजलि के गुणवत्ता पर फोकस करने की नीति पर जोर देते हुए बताया कि कंपनी अपने उत्पादों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देती है, न कि केवल उनकी मात्रा पर। औद्योगिक भ्रमण के दौरान, छात्रों ने विभिन्न उत्पादन प्रक्रियाओं का गहन अध्ययन किया। इनमें दंत कांति पेस्ट का उत्पादन, नवीनतम तकनीक से निर्मित पैकेजिंग प्रक्रिया, विभिन्न देशों से आयातित जड़ी-बूटियों से अर्क निकालने की प्रक्रिया, बॉटल मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस, और प्लांट की सप्लाई चेन एवं वितरण प्रणाली शामिल हैं। इस भ्रमण ने छात्रों को उद्योग की वास्तविक चुनौतियों और कार्य प्रणालियों को समझने का अवसर प्रदान किया।

इस शैक्षिक यात्रा के संयोजक प्रो. डॉ. अभिषेक डबास और प्रो. डॉ. नवनीस त्यागी रहे। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के औद्योगिक भ्रमण छात्रों के शैक्षिक और व्यावसायिक ज्ञान को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उन्हें उद्योग की वास्तविकताओं से रूबरू कराते हैं।

भाजपा ने 27 तो कांग्रेस ने उतारे 23 फीसदी ओबीसी उम्मीदवार

नई दिल्ली, 17 मई (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव में ओबीसी को अपने साथ साधने के लिए भाजपा और कांग्रेस दोनों बड़े दल इनसे जुड़े बड़े-बड़े मुद्दे उठा रहे हैं। लेकिन चालू लोकसभा चुनाव में इस वर्ग से उम्मीदवार उतारने के मामले में दोनों दलो ने कंजूसी दिखाई है।

भाजपा ने जहां इस चुनाव में 27 फीसदी ओबीसी उम्मीदवार को मैदान में उतारा है तो कांग्रेस पार्टी महज 23 फीसदी ओबीसी उम्मीदवारों को ही चुनाव में किस्मत आजमाने का मौका दिया है। बतादें कि भाजपा इस समुदाय में अपनी पैठ बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री की ओबीसी पृष्ठभूमि का लगातार इस्तेमाल करती रहती है। चल रहे चुनावों में प्रधानमंत्री खुद ओबीसी के लिए किए गए कामों को हवाला देते रहते हैं। वहीं कांग्रेस पार्टी भी इस समुदाय को लुभाने में कोई कोर-कसर बाकी नहीं छोड रही है। जाति जनगणना और आरक्षण जैसे मुद्दों को उठाकर इस वर्ग का समर्थन हासिल करने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि अगर केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनती हैं तो आरक्षण की 50 फीसदी की सीमा को खत्म कर इसे और आगे बढ़ाया जाएगा। लेकिन लोकसभा चुनाव में दोनों दलों द्वारा उतारे गए उम्मीदवारो की बात करें तो भाजपा ने अब

- भाजपा के घोषित 441 उम्मीदवार में से 119 टिकट ओबीसी समुदाय के
- कांग्रेस से 376 उम्मीदवारों में ओबीसी समुदाय के 76 उम्मीदवारों को मौका दिया

तक घोषित 441 उम्मीदवार में से 119 टिकट ओबीसी समुदाय के उम्मीदवारों को दिया है। वहीं कांग्रेस इस मामले में भाजपा से भी पीछे है, उसने 376 घोषित उम्मीदवारों में ओबीसी समुदाय के केवल 76 उम्मीदवारों को ही मौका दिया है। बतादें कि मंडल आयोग की सिफारिश में दावा किया गया है कि देश में ओबीसी समुदाय की आबादी 52 फीसदी हैं।

पांचवें चरण में लालू, रामविलास की सियासी विरासत पर लगेगी 'मुहर'

बिहार की पांच लोकसभा सीटों पर होना है मतदान

पटना, 17 मई (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में यूं तो बिहार की पांच लोकसभा सीटों पर मतदान होना है, लेकिन लोगों की नजर सारण और हाजीपुर लोकसभा क्षेत्रों पर होगी, जहां मतदाता बिहार की राजनीति के दो दिग्गज राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के संस्थापक रहे स्वर्गीय रामविलास पासवान की सियासत की विरासत पर फैसला करेंगे। इस चुनाव में लालू प्रसाद के परिवार की परंपरागत सीट समझे जाने वाले सारण से लालू की विरासत संभालने के लिए विपक्षी दल के महागठबंधन ने उनकी बेटी रोहिणी आचार्य को चुनावी मैदान में उतारा है। वहीं, एनडीए ने हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र से लोजपा संस्थापक

मतदाता बिहार की राजनीति के दो दिग्गज राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक रहे स्वर्गीय रामविलास पासवान की सियासत की विरासत पर फैसला करेंगे

के पुत्र चिराग पासवान को अपना प्रत्याशी बनाया है। हाजीपुर क्षेत्र रामविलास की कर्मभूमि रही है। यहां से वे रिकॉर्ड मतों से जीतकर गिनीज बुक में नाम भी दर्ज करवा चुके हैं। इस सीट पर सामाजिक आधार हो या वोट बैंक की राजनीति, देश के मुद्दे हों या राज्य के मुद्दे, मतदाताओं ने अधिकतर मौकों पर रामविलास पासवान को ही समर्थन दिया है। सारण से लालू यादव चार बार चुनाव जीतकर संसद पहुंचे हैं। सबसे पहले वर्ष 1977 में वह यहां से जीते थे। उसके बाद 1989, 2004 और 2009 में भी लालू प्रसाद ने इस सीट से जीत हासिल की। हालांकि लालू को यहां से हार का भी सामना करना पड़ा है। पहले इस संसदीय सीट का नाम छपरा था।

माना जा रहा है कि इस बार लालू की विरासत संभालने के लिए चुनावी मैदान में उतरी रोहिणी आचार्य को यहां से जीताना न केवल लालू के लिए, बल्कि पूरी पार्टी के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न है। हालांकि रोहिणी की राह बहुत आसान नहीं है। उनका मुख्य मुकाबला निवर्तमान सांसद राजीव प्रताप रूडी से है। वह भी इस क्षेत्र से जीत का चौका लगा चुके हैं। हाजीपुर की राजनीति में चार दशकों तक वर्चस्व कायम रखने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान के भाई पशुपति कुमार पारस पिछला चुनाव यहां से जीते थे। इसके बाद वे राजनीति में अपने को भाई का उतराधिकारी मान रहे थे। हालांकि, इस चुनाव में परिस्थितियां बदल गई हैं और चिराग अपनी पुरानी सीट जमुई को छोड़कर हाजीपुर से ताल ठोक रहे हैं। चिराग का मुख्य मुकाबला राजद के नेता शिवचंद्र राम से है। कहा जा रहा है कि इस सीट के चुनाव का परिणाम न केवल गठबंधन के विजयी सीटों में इजाफा करेगा बल्कि यह भी तय करेगा कि पासवान की विरासत कौन संभालेगा। ऐसे में यह तय है कि राजद और लोजपा (रा) ने भले ही दोनों सीटों से प्रत्याशी उतारे हैं, लेकिन सही मायनों में सारण के परिणाम से जहां लालू की प्रतिष्ठा की परीक्षा होगी, वहीं हाजीपुर में चिराग की ताकत भी आंकी जाएगी। बहरहाल, इन दोनों सीटों पर पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होना है।

मध्य प्रदेश के तीन उम्मीदवार लगा पाएंगे जीत की हैट्रिक ?

भोपाल, 17 मई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के नतीजे को लेकर उल्टी गिनती जारी है और तमाम उम्मीदवारों से लेकर राजनीतिक दल हार-जीत के गणित में उलझे हुए हैं। इस बार के चुनाव में तीन ऐसे उम्मीदवार हैं जो जीत की हैट्रिक बना सकते हैं। सवाल यही है कि इनमें से कौन-कौन यह कारनामा कर पायेगा। राज्य में लोकसभा की 29 सीटों हैं जिन पर चार चरणों में मतदान हो चुका है और नतीजे 4 जून को आएंगे। रीवा से जनार्दन मिश्र, राजगढ़ से रोडमल नागर और मंदसौर से सुधीर गुप्ता भाजपा के ऐसे उम्मीदवार हैं जो पिछले दो चुनाव जीत चुके हैं और तीसरी बार मैदान में हैं। जनार्दन मिश्र ने 2014 में सुंदरलाल तिवारी और 2019 के चुनाव में सिद्धार्थ तिवारी को पराजित किया था। इस बार उनका मुकाबला नीलम अभय मिश्रा से है। रोडमल नागर दो बार पहले चुनाव जीत चुके हैं और इस बार उनका मुकाबला कांग्रेस उम्मीदवार तथा पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह से है। पिछले चुनाव में रोडमल नागर ने मोना सुस्तानी को परास्त किया था जबकि 2014 के चुनाव में उन्होंने नारायण अमलावे को हराया था। मंदसौर में सुधीर गुप्ता ने पिछले दोनों चुनावों में कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन को पराजित किया था। इस बार उनका मुकाबला दिलीप सिंह गुर्जर से है। इस तरह राज्य की 29 लोकसभा सीटों में से यह तीन ऐसे संसदीय क्षेत्र हैं जहां से भाजपा उम्मीदवारों को हैट्रिक बनाने का मौका है। इन तीनों स्थानों पर मुकाबला कड़ा तो है ही, रोचक भी रहा है।

- राज्य में लोकसभा की 29 सीटों पर चार चरणों में मतदान हो चुका है
- तमाम उम्मीदवारों से लेकर राजनीतिक दल हार-जीत के गणित में उलझे हुए

राज्य की टीकमगढ़ संसदीय सीट पर सबकी नजर है क्योंकि यहां से भाजपा के उम्मीदवार केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार खटीक लगातार सात बार चुनाव जीत चुके हैं और यह उनका आठवां चुनाव है। उनके पास इस चुनाव में जीत दर्ज करके इंदौर की सांसद रही पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन के रिकॉर्ड की बराबरी का मौका है। सुमित्रा महाजन इंदौर से आठ बार चुनाव जीती थीं।

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 69.16 प्रतिशत मतदान, आंध्र प्रदेश में सबसे अधिक वोटिंग

नई दिल्ली, 17 मई (देशबन्धु)। आम चुनाव 2024 के चौथे चरण में 69.16 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। चौथे चरण में 96 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतदान हुआ था। भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के मुताबिक सबसे अधिक मतदान आंध्र प्रदेश में दर्ज किया गया है। यहां 80.66 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, जम्मू कश्मीर में सबसे कम 38.49 प्रतिशत मतदान हुआ। सबसे अधिक मतदान वाले राज्यों में दूसरे नंबर पर पश्चिम बंगाल है, यहां 80.22 प्रतिशत मतदान हुआ। तीसरे नंबर पर ओडिशा है, यहां 75.68 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। चुनाव आयोग के मुताबिक मध्य प्रदेश में 72.05, झारखंड में 66.01, तेलंगाना में 65.67, महाराष्ट्र में 62.21, उत्तर प्रदेश में 58.22 और बिहार में 58.21 प्रतिशत मतदान हुआ है। शुक्रवार को मतदान का डाटा जारी करते हुए चुनाव आयोग ने कहा कि किसी भी निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्येक मतदान केंद्र के लिए उम्मीदवारों को उनके मतदान एजेंटों के माध्यम से फॉर्म 17सी की प्रति दी जाती है। फॉर्म 17सी का वास्तविक डेटा मान्य होगा, जो पहले ही उम्मीदवारों के साथ साझा किया गया है। अंतिम मतदान केवल डाक मतपत्रों की गिनती

और कुल मतों की गिनती में इसके जुड़ने के बाद ही उपलब्ध होगा। डाक मतपत्रों में सेवा मतदाताओं, अनुपस्थित मतदाताओं (85 प्लस, दिव्यांगजन, आवश्यक सेवाओं आदि) और चुनाव ड्यूटी पर लगे मतदाताओं को दिए गए डाक मतपत्र शामिल हैं। वैधानिक प्रावधानों के अनुसार प्राप्त ऐसे डाक मतपत्रों का दैनिक लेखा-जोखा सभी उम्मीदवारों को दिया जाता है।

चौथे चरण के मतदान में आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और तेलंगाना सहित 10 राज्यों की कुल 96 लोकसभा सीट पर वोट डाले गए थे। अब तक आम चुनाव 2024 के चार चरणों में 379 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान संपन्न हो

- चौथे चरण में 96 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतदान हुआ था
- ईसीआई के मुताबिक सबसे अधिक मतदान 80.66 प्रतिशत आंध्र प्रदेश में दर्ज किया गया
- जम्मू कश्मीर में सबसे कम 38.49 प्रतिशत मतदान हुआ

गया है। वोटों की गिनती 4 जून को होनी है। चौथे चरण के इस मतदान में आंध्र प्रदेश की 25 लोकसभा सीटों पर चुनाव हुआ। बिहार की 5 लोकसभा सीटें, जम्मू एवं कश्मीर की 1 सीट, झारखंड की 4 सीट, मध्य की प्रदेश 8 सीटें भी चौथे चरण के मतदान में शामिल रहीं। वहीं, महाराष्ट्र, की 11, ओडिशा की 4, तेलंगाना की 17, उत्तर प्रदेश की 13, पश्चिम बंगाल की 8 लोकसभा सीटों पर चुनाव हुआ था। चौथे चरण में 1.92 लाख मतदान केंद्रों पर 17.7 करोड़ से अधिक मतदाता थे। इनमें 8.97 करोड़ पुरुष और 8.73 करोड़ महिला मतदाता थे। अब 20 मई को 5वें चरण का मतदान होना है।

यात्रा के दौरान 50 हजार रुपए से अधिक नकदी के लिए अपने पास उचित दस्तावेज़ रखें : सिबिन सी

चंडीगढ़, 17 मई (एजेंसियां)। पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने शुक्रवार को 'टॉक टू यूयर सी. ई. ओ. पंजाब' के शीर्षक के अंतर्गत करवाये गए दूसरे फेसबुक लाइव सेशन के दौरान बात करते हुये पंजाब के निवासियों को सलाह दी कि राज्य में लोक सभा मतदान- 2024 के लिए आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के मद्देनज़र अगर कोई भी व्यक्ति अपनी यात्रा के दौरान 50,000 रुपए या इससे अधिक की नकदी लेकर जा रहा है तो वह सबूत के तौर पर अपने साथ उचित दस्तावेज़ जैसे बैंक की रसीद आदि ज़रूर रखें। सेशन के दौरान वोटरों के अलग-अलग सवालों का जवाब देते हुये उन्होंने लोगों से अपील की कि वह चुनाव आचार संहिता के किसी भी तरह का उल्लंघन की रिपोर्ट के लिये सी - विजिल एप, टोल- फ्री नंबर 1950 और भारत निर्वाचन आयोग के राष्ट्रीय शिकायत सेवा पोर्टल (एन. जी. पी. एस.) का प्रयोग ज़रूर करें जिससे निष्पक्ष और शांतमयी मतदान यकीनी बनाये जा सकें। पोलिंग बूथों पर मोबाइल लेकर जाने संबंधी पूछे सवाल के जवाब में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग की तरफ से मतदान वाले दिन पोलिंग बूथों के अंदर मोबाइल फ़ोन या ऐसे अन्य किसी भी तरह के उपकरण को लेकर जाने की सख़्त मनाही है। राजनैतिक पार्टियों की तरफ से किये जा रहे प्रचार के बारे एक अन्य सवाल का जवाब देते हुये सिबिन सी ने बताया कि राज्य में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने तक फ्लैक्स बोर्ड और होर्डिंग, ज़िला चुनाव अधिकारियों या दफ़्तर मुख्य निर्वाचन अधिकारी की मंज़ूरी के बाद सिर्फ निर्धारित स्थानों पर ही लगाये जा सकते हैं। ?

भाजपा की चुनाव को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश नाकाम : कमलनाथ

भोपाल, 17 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने भाजपा की चुनाव को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश नाकाम रहने का दावा किया है। पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने लोकसभा चुनाव को लेकर एक्स पर लिखा, 'इस लोकसभा चुनाव में भाजपा के ढोल की पोल खुल गई है। भारतीय जनता पार्टी शुरू से ही चुनाव को सांप्रदायिक रंग देने और जनता को बुनियादी मुद्दों से भटकाने का प्रयास कर रही है। लेकिन, जनता शिक्षा, रोजगार, महंगाई और विकास जैसे बुनियादी मुद्दों पर टिकी हुई है। यह चुनाव देश की जनता की जागृति की अद्भुत मिसाल है।' उन्होंने आगे लिखा, 'अब भारत के 140 करोड़ लोगों को अच्छी तरह समझ आ गया है कि देश के विकास का मतलब जन-जन का विकास होता है। यह विकास तब तक नहीं हो सकता, जब तक नौजवान को रोज़गार, किसानों को फ़सल का उचित मूल्य, महिलाओं को आर्थिक सहायता, व्यापारी को व्यापार करने का अनुकूल माहौल और समाज के वंचित वर्ग को बराबरी की हिस्सेदारी नहीं मिलती।' कमल नाथ ने कांग्रेस के न्याय पत्र का जिक्र करते हुए लिखा, 'कांग्रेस के न्याय पत्र ने देश के नागरिकों में नई आशा और ऊर्जा का संचार किया है। चुनाव के पहले चार चरणों में मतदाता कांग्रेस के पक्ष में आए हैं और बाकी के तीन चरण में उससे भी ज़्यादा समर्थन कांग्रेस पार्टी को देने वाले हैं।'

ईएनपीओ शहरी स्थानीय निकायों के चुनाव के बहिष्कार के फैसले पर कायम

कोहिमा, 17 मई (एजेंसियां)। ईस्टर्न नागालैंड पीपुल्स ऑर्गनाइजेशन (ईएनपीओ) ने शुक्रवार को नागालैंड सरकार की अपील को खारिज करते हुए 26 जून को होने वाले शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) चुनावों के बहिष्कार के अपने फैसले पर कायम रहने की बात कही। ईएनपीओ सचिव डब्ल्यू मनवांग कोन्याक ने कहा कि उन्हें कोई लिखित अपील नहीं मिली है, उन्होंने केवल मीडिया में देखा है कि राज्य सरकार ने यूएलबी चुनावों का बहिष्कार न करने की अपील की है। कोन्याक ने कहा, हमें अपने संगठन के निर्णय के अनुसार चलना होगा, हम यूएलबी चुनावों में भाग नहीं लेंगे। मुख्यमंत्री नेफियू रियो की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक के बाद,

नागालैंड सरकार ने गुरुवार को ईएनपीओ से यूएलबी चुनावों का बहिष्कार नहीं करने का आग्रह किया। राज्य सरकार के प्रवक्ता व संसदीय कार्य मंत्री के.जी. केन्ये ने कहा कि सरकार ने ईएनपीओ और उसके घटक निकायों से यूएलबी चुनावों में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा, यूएलबी चुनाव स्थानीय स्वशासन को सशक्त बनाने और जमीनी स्तर पर नागरिकों के विकास और उत्थान को सुविधाजनक बनाने के लिए है। केन्ये ने कहा कि यूएलबी में महिला आरक्षण से जुड़ी लंबी लड़ाई के बाद, राज्य सरकार जनता के व्यापक हित में यूएलबी चुनाव कराएगी। उन्होंने कहा कि यूएलबी चुनावों को ईएनपीओ के लिए सीमांत नागालैंड क्षेत्र पर अपनी मांगों के लिए नाराजगी और विरोध दर्ज कराने के साधन के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।

गौरतलब है कि ईएनपीओ 2010 से एक अलग 'फ्रंटियर नागालैंड टेरिटरी' या छह पूर्वी नागालैंड जिलों - किफिरे, लॉन्गलेंग, मोन, नोक्लाक, शामतोर और तुएनसांग को मिलाकर एक अलग राज्य की मांग कर रहा है। इसने अपनी मांग के समर्थन में 19 अप्रैल को नागालैंड के एकमात्र लोकसभा सीट के लिए हुए चुनाव का भी बहिष्कार किया।

कांग्रेस ने चुनाव आयोग से तेलंगाना में लोस चुनाव में कम मतदान की जांच का किया आग्रह

- विधानसभा चुनाव में 3,26,02,793 पंजीकृत मतदाताओं में से 71 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था
- लोकसभा चुनाव में 3,32,16,348 पंजीकृत मतदाताओं में से केवल 2,20,24,806 ने वोट डाला

हैदराबाद, 17 मई (एजेंसियां)। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस समिति (टीपीसीसी) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जी निरंजन ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार से तेलंगाना में विधानसभा चुनाव 2023 की तुलना में लोक सभा 2024 चुनाव में कम मतदान के कारणों का पता लगाने के लिए जांच और विश्लेषण करने का आग्रह किया है। श्री निरंजन इस संबंध में सीईसी को एक पत्र लिखा है, जिसकी एक प्रति शुक्रवार को

यहां मीडिया को जारी की गई। इस पत्र में उन्होंने कहा है कि कि तेलंगाना में विधानसभा चुनाव 30 नवंबर, 2023 को हुए थे, जिसमें 3,26,02,793 पंजीकृत मतदाताओं में से 71 प्रतिशत से अधिक 2,32,59,256 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। इसके उलट 13 मई 2024 को हुए लोकसभा चुनाव में 3,32,16,348 पंजीकृत मतदाताओं में से केवल 2,20,24,806 ने वोट डाला। जिनका अनुपात 66 प्रतिशत से अधिक रहा। उन्होंने कहा कि आंकड़े बताते हैं कि लोकसभा चुनाव में विधानसभा चुनाव की तुलना में 12,34,450 कम वोट पड़े। पार्टी उपाध्यक्ष ने इस बात पर प्रकाश डाला कि 2023 के विधानसभा चुनावों के बाद लगभग 12 लाख नए मतदाताओं का नामांकन हुआ और लगभग आठ लाख मतदाताओं को हटा दिया गया, जिसके कारण लगभग चार लाख मतदाताओं की वृद्धि हुई। इस बढ़ोतरी के बावजूद लोकसभा चुनाव में लगभग 16,50,000 वोटों की भारी कमी हुई।

श्री निरंजन ने चुनाव आयोग से यह निर्धारित करने के लिए विस्तृत विश्लेषण करने का अनुरोध किया कि क्या कम मतदान मृत मतदाताओं, डुप्लिकेट मतदाताओं या कई स्थानों पर पंजीकृत मतदाताओं जैसे मुद्दों के कारण था। उन्होंने कहा कि 2023 के विधानसभा चुनावों के दौरान कई मतदाता जो तेलंगाना और आंध्र प्रदेश दोनों में पंजीकृत थे, उन्होंने तेलंगाना में अपना वोट डाला, क्योंकि उस समय आंध्र प्रदेश में कोई चुनाव नहीं था। लोकसभा चुनाव से पहले हालांकि लगभग 15 लाख लोगों ने कथित तौर पर आंध्र प्रदेश में मतदान करने के लिए तेलंगाना छोड़ दिया था। इस तथ्य को विभिन्न समाचार पत्रों और टीवी चैनलों ने उजागर किया था। चुनाव आयोग के नियमों के अनुसार एक मतदाता को केवल एक ही स्थान पर मतदान करने की अनुमति है, अन्यथा वे आपराधिक मुकदमा चलाने के लिए उत्तरदायी हैं। कांग्रेस नेता ने इस बात पर जोर दिया कि ऐसी विसंगतियां मतदान प्रतिशत को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करती हैं। उन्होंने बताया कि आने वाले महीनों में तेलंगाना में ग्राम पंचायत, जेपीटीसी/एमपीटीसी और अन्य स्थानीय निकाय चुनाव होंगे, जिसके लिए वर्तमान मतदाता सूची का उपयोग किया जाएगा।

4 जून को बंगाल में मतगणना केंद्रों पर होगा त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा

कोलकाता, 17 मई (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में 4 जून को मतगणना केंद्रों पर और उसके आसपास तीन स्तरीय सुरक्षा परत होगी। पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय के सूत्रों ने कहा कि मतगणना केंद्रों पर सुरक्षा के आंतरिक स्तर का प्रबंधन केवल केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के जवानों द्वारा किया जाएगा और प्रत्येक केंद्र पर सीएपीएफ की एक कंपनी तैनात की जाएगी। सुरक्षा परत के दूसरे और तीसरे स्तर का प्रबंधन राज्य पुलिस बलों द्वारा किया जाएगा, जिसमें सशस्त्र बलों के कर्मी भी शामिल होंगे। सूत्र ने कहा, 'इसके अलावा, 200 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू की जाएगी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मतगणना हॉल सहित प्रत्येक मतगणना केंद्र पर सीसीटीवी लगाए जाएंगे। मतगणना संबंधी संभावित अनियमितताओं की जांच के उद्देश्य से इन सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को संरक्षित किया जाएगा।' सुरक्षा बढ़ा दी गई है क्योंकि कुछ राजनीतिक दलों ने मतगणना संबंधी अनियमितताओं की आशंका व्यक्त की है। भाजपा ने मांग की है कि केवल भविष्य निधि और पेंशन स्ट्रक्चर

- मतगणना केंद्रों पर सुरक्षा के आंतरिक स्तर का प्रबंधन केवल केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जवानों द्वारा किया जाएगा

के तहत आने वाले राज्य सरकार के स्थायी कर्मचारियों को ही गिनती से संबंधित कर्तव्य सौंपे जाने चाहिए, न कि अस्थायी कर्मचारियों को। बीजेपी के प्रदेश महासचिव जगन्नाथ चट्टोपाध्याय के मुताबिक, '2021 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में मतगणना संबंधी अनियमितताओं की कई शिकायतें मिलीं। ?

[अर्थ जगत]

सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

महिंद्रा एंड महिंद्रा	5.97 प्रतिशत
जेएसडब्ल्यू स्टील	2.36 प्रतिशत
अल्ट्रासिमको	1.85 प्रतिशत
कोटक बैंक	1.50 प्रतिशत
आईटीसी	1.24 प्रतिशत

सर्वाधिक घटने वाले शेयर

टीसीएस	1.70 प्रतिशत
एचसीएल टेक	1.11 प्रतिशत
हिंदुस्तान यूनिलीवर	1.00 प्रतिशत
नेस्ले इंडिया	0.85 प्रतिशत
बजाज फिनसर्व	0.73 प्रतिशत

सर्राफा

सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड	73,310
बिटुर	47,320
गिन्नी (प्रति आठ ग्राम)	39,795
चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर	74400
वायदा	70,857
चांदी सिक्का लिवाली	900
बिकवाली	880

मुद्रा विनिमय

मुद्रा	क्रय	विक्रय
अमेरिकी डॉलर	67.77	78.57
पौड स्टर्लिंग	90.94	105.45
यूरो	76.54	88.78
चीन युआन	08.24	13.38

अनाज

देसी गेहूँ एमपी	2400-3000
गेहूं दडा	2600-2700
आटा	2800-2900
मैदा	2900-2950
चोकर	2000-2100

मोटा आनाज

बाजरा	1300-1305
मक्का	1350-1500
ज्वार	3100-3200
जौ	1430-1440
काबुली चना	3500-4000

शुगर

चीनी एस	3740-3840
चीनी एम	4000-4100
मिल डिलीवरी	3620-3720
गुड़	4400-4500

दाल-दलहन

चना	6100-6200
दाल चना	7100-7200
मसूर काली	7550-7650
उड़द दाल	10600-10700
मूंग दाल	9850-9950
अरहर दाल	11700-11800

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

संरा ने बढ़ाया भारत का विकास अनुमान

- 2025 में 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना जताई
- फार्मास्यूटिकल्स व रसायनों के निर्यात में वृद्धि की उम्मीद

नई दिल्ली, 17 मई (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र ने मजबूत सार्वजनिक निवेश और निजी खपत में बढोतरी का हवाला देते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था के चालू वर्ष के वृद्धि पूर्वानुमान में 0.7 प्रतिशत की बढोतरी करते हुए इसे 6.9 प्रतिशत और 2025 में 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना जताई है।

संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक एवं समाजिक मामलों के विभाग द्वारा आज जारी विश्व आर्थिक स्थिति एवं परिदृश्य 2024 की मध्यावधि रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि कमजोर बाहरी मांग का माल निर्यात वृद्धि पर असर जारी रहेगा। फार्मास्यूटिकल्स और रसायनों के निर्यात में जोरदार वृद्धि की उम्मीद है।रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति के 2023 के 5.6 प्रतिशत से घटकर 2024 में 4.5 प्रतिशत पर आने का अनुमान है, जो भारतीय रिजर्व बैंक के इसके 2 से 6 प्रतिशत के बीच रखने के लक्ष्य सीमा के भीतर रहेगी।

संयुक्त राष्ट्र की इस रिपोर्ट में कहा गया है कि जनवरी के बाद से वैश्विक आर्थिक संभावनाओं में सुधार हुआ है, प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं गंभीर मंदी से बच रही हैं, बेरोजगारी में वृद्धि के बिना मुद्रास्फीति में कमी आई है। लंबे समय तक ऊंची ब्याज दरें, ऋण स्थिरता चुनौतियां, निरंतर भू-राजनीतिक तनाव और लगातार बिगड़ते जलवायु जोखिम विकास के लिए चुनौतियां पैदा कर रहे हैं, जिससे दशकों के विकास लाभ को खतरा है, खासकर कम विकसित देशों और छोटे द्वीप विकासशील देशों के लिए।

रिपोर्ट के अनुसार, विश्व अर्थव्यवस्था अब 2024 में 2.7 प्रतिशत (जनवरी पूर्वानुमान से 0.3 प्रतिशत अधिक) और 2025 में 2.8 प्रतिशत (जनवरी पूर्वानुमान से 0.1 प्रतिशत अधिक) बढ़ने का अनुमान है। आर्थिक विकास में यह संशोधन मुख्य रूप से अमेरिका , कई बड़ी उभरती अर्थव्यवस्थाओं, विशेष रूप से ब्राजील, भारत और रूसी संघ के साथ ही चीन के विकास अनुमान में सुधार के कारण हुआ है। अब 2024 में चीन की विकास दर 4.8 प्रतिशत होने की उम्मीद है। दूसरी ओर, अफ्रीका के लिए आर्थिक दृष्टिकोण जनवरी में जारी रिपोर्ट के बाद से खराब हो गया है, 2024 के लिए अपेक्षित विकास में 0.2 प्रतिशत अंक की कमी आई है, जिससे प्रतिकूल स्थिति का खतरा है।

हालांकि अंतरराष्ट्रीय कमोडिटी कीमतों में नरमी और अधिकांश केंद्रीय बैंकों द्वारा अपनाए गए सख्त मौद्रिक रुख ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को अवस्फीतिकारी मार्ग पर स्थापित कर दिया है, कई विकासशील अर्थव्यवस्थाएँ लगातार उच्च मुद्रास्फीति से जूझ रही हैं। कई विकासशील अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ी हुई उधारी लागत, लगातार विनिमय दर दबाव और लंबी राजनीतिक अस्थिरता जैसी चुनौतियों का भी सामना करना पड़ता है।

विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में स्थिर रोजगार की स्थिति विकसित अर्थव्यवस्थाओं के विपरीत है, विशेष रूप से अमेरिका, यूरोप और जापान में, जहां बेरोजगारी दर रिकॉर्ड निचले स्तर के करीब बनी हुई है। इसके अलावा, दुनिया भर में भू-राजनीतिक तनाव और कई संघर्षों की संभावित तीव्रता के कारण कुछ अर्थव्यवस्थाओं के लिए निकट अवधि का दृष्टिकोण प्रभावित हो गया है।

महिला उद्यमी सिविल एविएशन की चुनौतियों को करेंगी स्वीकार

रांची, 17 मई (एजेंसियां)। देश में आम चुनाव चल रहे हैं और अधिकांश मंत्री और मंत्रालय चुनाव के गहमागहमी में फंसे हुए हैं। इस दौरान एक बड़ा संकट देश के एविएशन सेक्टर में पैदा हो गया है क्योंकि गो एयर बंद हो चुकी है और स्पाइसजेट अपना विश्वास खो रही है। इससे पहले किंगफिशर और जेट एयरवेज़ पूरी तरह से बंद हो चुकी हैं। मौजूदा समय में देश की सामान्य और आपातकालीन लाइफ़लाइन सिर्फ और सिर्फ हवाई यातायात है, चाहे सामान्य समय हो या संकट का समय हो।

इस संकट के समय में भारत का सिविल एविएशन मंत्रालय इस का सामना करने के लिए दिन-रात काम रहा है और वह हर संभव सहायता एविएशन सेक्टर में सही और ईमानदारी से काम करने वाले उद्यमी को देना चाहता है। यद्यपि नागरिक उड्डयन मंत्री, ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां बहुत बीमार थीं और बाद में उनका निधन हो गया,फिर भी उनकी नज़र मंत्रालय के काम पर थी। इसी रोशनी में पिछली 10 मई को, उत्तर प्रदेश, पंजाब, और उत्तराखंड में हवाई सेवा देने वाली कंपनी फ्लाई बिग के साथ एफ़ ए एयरलाइन्स का एक समझौता हुआ जिसके तहत एफ़ ए एयरलाइन्स ने फ्लाई बिग को टेक-ओवर करने का प्रस्ताव दिया जिसे फ्लाई बिग ने स्वीकार कर लिया।

- वर्तमान में गो एयर बंद हो चुकी व स्पाइसजेट अपना विश्वास खो रही

सिविल एविएशन मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री, जनरल वी के सिंह के सामने 10 मई को शाम साढ़े चार बजे इस समझौता पत्र पर हस्ताक्षर एफ़ ए एयरलाइन्स की तरफ़ से फ़ौज़िया अर्शी और फ्लाई बिग की तरफ़ से संजय मांडविया ने हस्ताक्षर किए।

इस समझौते का मुख्य तत्व यह है कि संजय मांडविया कंपनी के सीईओ बने रहेंगे, लेकिन कंपनी का स्वामित्व एफ़ ए एयरलाइन्स के पास चला जाएगा और एफ़ ए एयरलाइन्स अगले एक साल में 20 जहाज़ों को फ्लाई बिग के बेड़े में शामिल करेगी।

उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं के क्षेत्र में लीडर बना क्रॉम्पटन

नई दिल्ली, 17 मई (एजेंसियां)। बिजली की बचत करने में सक्षम और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पादों की व्यापक रेंज के लिए मशहूर, क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड बेहतरीन पर्यावरणीय, सामाजिक और गर्वनेंस प्रदर्शन की वजह से डाऊ जोन्स सस्टेनेबिलिटी इंडेक्स में शीर्ष रैकिंग हासिल करने में सफल रही है। क्रॉम्पटन का कुल स्कोर 48 रहा, जिसकी वजह से यह वैश्विक स्तर पर 94 पर्सेंटाइल के साथ डीएचपी घरेलू टिकाऊ वस्तुओं सेक्टर में अपने प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले 7वें पायदान पर काबिज होने में सफल रही। डाऊ जोन्स सस्टेनेबिलिटी इंडेक्स की स्थापना 1999 में हुई थी और यह दुनिया भर के शेयर बाजार में लिस्टेड हजारों कंपनियों के सस्टेनेबिलिटी प्रदर्शन के मूल्यांकन के लिए मानदंड के तौर पर काम करता है। डीजेएसआई लंबे समय के लिए अपनाई जाने वाली टिकाऊ प्रथाओं के आधार पर आर्थिक, पर्यावरणीय और सामाजिक मानदंडों समेत सख्त मूल्यांकन प्रक्रियाओं के जरिए कंपनियों का मूल्यांकन करता है। क्रॉम्पटन का डीजेएसआई स्कोर इस वर्ष पर्यावरणीय स्थिरता, प्रोडक्ट प्रबंधन, उच्च प्रभाव वाली सामाजिक जिम्मेदारी पहल, विविधता, कर्मचारियोंकी कल्याण, मानव पूँजी प्रबंधन और मजबूत गवर्नेंस पद्धतियोंजैसे बेहद अहम क्षेत्रों में कंपनी की रेटिंग में जबरदस्त सुधार को दर्शाता है।

ई-कामर्स मंच ओएनडीसी के कार्यक्रम में 5 हजार स्टार्टअप इकाइयां शामिल

नई दिल्ली, 17 मई (एजेंसियां)। उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) ने राष्ट्रीय राजधानी में वाणिज्य भवन में शुक्रवार को ओएनडीसी स्टार्टअप महोत्सव आयोजित किया जिसमें स्टार्ट अप इकाइयों को एक खुले डिजिटल बाजार मंच प्रस्तुत करने की सरकार की पहल ओएनडीसी का लाभ उठाने का खुला आमंत्रण प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग पांच हजार इकाइयों ने हिस्सा लिया और 125 से अधिक समझौते किए गए। डीपीआईआईटी की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि यह कार्यक्रम डीपीआईआईटी की दो प्रमुख पहलों - स्टार्टअप इंडिया पहल और ओएनडीसी के जश्न और सहयोग का प्रतीक है। डीपीआईआईटी सचिव राजेश कुमार सिंह ने इस अवसर पर स्टार्टअप विकास और नवाचार के लिए पारिस्थितिकी तंत्र के पोषण और प्रोत्साहन के लिए सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि ओएनडीसी स्टार्टअप महोत्सव भारत में स्टार्टअप इकाइयों ओएनडीसी द्वारा प्राप्त अवसरों का लाभ उठाने का अवसर दिखाने का एक महत्वपूर्ण स्थान है। पिछले डेढ़ वर्षों में नेटवर्क तेजी से विकसित और परिपक्व हुआ है, और आज का सत्र भारत में डिजिटल कॉमर्स को लोकतांत्रिक बनाने के लिए डीपीआईआईटी और उद्योग जगत दोनों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

- कार्यक्रम में 125 से अधिक समझौते किए गए

विभाग का कहना है कि ये एलओआई ओएनडीसी की क्षमता और मंच के साथ सहयोग करने के लिए देश के अग्रणी स्टार्टअप की उत्सुकता को दर्शाते हैं। डीपीआईआईटी के संयुक्त सचिव संजीव ने स्टार्टअप्स और ओएनडीसी के बीच निरंतर सहयोग के लिए सरकार के दृष्टिकोण को प्रस्तुत किया।

सार संक्षेप

जेएसडब्ल्यू वन प्लेटफ़ॉर्म ने वित्तीय वर्ष 24 में 1 बिलियन यूएस डॉलर्स के जीएमवी लक्ष्य दर को पूरा किया

नई दिल्ली। जेएसडब्ल्यू ग्रुप का बी2बी ई-कॉमर्स उद्यम, जेएसडब्ल्यू वन प्लेटफॉर्म ने वित्त वर्ष 24 के लिए 1 बिलियन यूएस डॉलर्स के जीएमवी रन रेट को पार किया है। कंपनी ने वित्तीय वर्ष 24 के लिए 99,420 करोड़ रुपयों के एग्जिट जीएमवी रन रेट के साथ, मार्च 2024 के लिए आईएनआर 9785 करोड़ का जीएमवी दर्ज किया था। वित्त वर्ष 24 के लिए 5,200 करोड़ रुपये के वास्तविक जीएमवी के साथ, पिछले वर्ष की तुलना में इसकी वृद्धि चौगुनी हो गई है। इसके साथ, कंपनी ने भारत में सबसे तेजी से बढ़ती तकनीकी कंपनियों में स्थान हासिल किया है। जेएसडब्ल्यू वन प्लेटफॉर्म्स के सीईओ गौरव सचदेवा ने कहा, 'बी2बी इकोसिस्टम के डिजिटलीकरण के लिए हमने किया हुआ निवेश सफल हो रहा है, हमारे ग्राहक विनिर्माण और निर्माण सामग्री के लिए ऑनलाइन और डिजिटल चैनलों पर निर्भर हैं।

प्लेआर के साथ सार्थक और स्वस्थ जीवन जिएं

नई दिल्ली। अव्यवस्थित और गतिहीन जीवनशैली के बीच हम अक्सर भूल जाते हैं कि शारीरिक फिटनेस का ध्यान रखना कितना जरूरी है। साथ ही, हम यह भी भूल जाते हैं कि अपने लिए सही ब्रांड चुनना कितना महत्वपूर्ण है जो हमारी जीवनशैली को बेहतर करे और उन्नत बनाए। अग्रणी जीवनशैली और खेल ब्रांड प्लेआर विभिन्न श्रेणियों में उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करता है। वैश्विक स्तर पर 350 से अधिक खुदरा स्टोरों में अपनी उपस्थिति के साथ, प्लेआर का लक्ष्य उपभोक्ताओं को एक स्वस्थ और अधिक सार्थक तथा उद्देश्यपूर्ण जीवनशैली जीने के लिए प्रोत्साहित करना है। प्लेआर का लक्ष्य हमेशा 'खिलाड़ी प्रथम पर ध्यान केंद्रित करना रहा है और उनका नारा' लेट्स प्ले ऐसे उत्पाद बनाने एवं लोगों को उपलब्ध कराने का वादा करता है जो उपभोक्ताओं को स्टाइल एवं कंफर्ट में रीयल फील कराए।

अमेज़न फ्रेश पर मैंगो ही है भारत की पसंद

नई दिल्ली। पूरे भारत में बढ़ते तापमान के कारण ग्रीष्म ऋतु के पसंदीदा आमों की मांग भी बढ़ गई है। अमेज़न फ्रेश ने हाल ही में मैंगो स्टोर लॉन्च किया है, जो सुनिश्चित करता है कि सर्वोत्तम गुणवत्ता वाले फल आपके दरवाजे तक पहुंचाए जाएं। अमेज़न फ्रेश पर 20 से अधिक किस्म के आम उपलब्ध है। भारत भर के ग्राहकों ने बैंगनपल्ली आम का सबसे अधिक आनंद लिया। इस मौसम में अन्य लोकप्रिय आम की किस्में रत्नागिरी अल्फांसो, सिंधुरा, तोतापरी और केसर हैं। फलों की गुणवत्ता, स्वास्थ्य और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, अमेज़न फ्रेश पर सभी आम कार्बाइड मुक्त होते हैं, सुरक्षित रूप से पकाए जाते हैं, और ग्राहकों तक पहुंचने से पहले 4-चरणीय कठोर गुणवत्ता जांच प्रक्रिया से गुजरते हैं। अमेज़न फ्रेश इन के निदेशक श्रीकांत श्री राम ने कहा, इस गर्मी में, हमने अमेज़न फ्रेश पर आम, आइसक्रीम और डेयरी उत्पादों की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि देखी है।

लिवाली की बदौलत शेयर बाजार में तेजी बरकरार

- सेंसेक्स 253.31 अंक उछलकर 73,917.03 पर रहा
- निफ्टी 62.25 अंक की बढ़त के साथ 22,466.10 पर बंद

मुंबई, 17 मई (एजेंसियां)। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन भी तेजी रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 253.31 अंक उछलकर 73,917.03 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 62.25 अंक की बढ़त के साथ 22,466.10 अंक पर बंद हुआ। दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई का मिडकैप 1.18 प्रतिशत की छलांग लगाकर 42,841.10 अंक और स्मॉलकैप 1.39 प्रतिशत की तेजी के साथ 47,591.67 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3939 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2403 में लिवाली जबकि 1410 में बिकवाली हुई वहीं 126 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 27 कंपनियां रहे जबकि शेष 23 लाल निशान पर रही। बीएसई में आईटी और टेक समूह की 0.74 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर शेष 18 समूहों में तेजी का रुख रहा। इससे कमोडिटीज 1.53, सीडी 1.55, ऊर्जा 0.86, इंडस्ट्रियल्स 1.26, यूटिलिटीज 0.57, ऑटो 1.80, कैपिटल गुड्स 0.78, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 2.41, धातु 1.50, तेल एवं गैस 1.19, पावर 0.71, रियल्टी 1.68 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.03 प्रतिशत चढ़ गए।



अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.39, जर्मनी का डैक्स 0.38 और जापान का निक्केई 0.34 प्रतिशत गिर गया जबकि हांगकांग का हैंगसेंग 0.91 और चीन के शंघाई कंपोजिट में 1.01 प्रतिशत की बढ़त रही। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 48 अंक बढ़कर 73,711.31 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद 73,459.80 अंक के निचले स्तर तक गिर गया। वहीं, लिवाली होने से दोपहर बाद यह 74,070.84 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 73,663.72 अंक के मुकाबले 0.34 प्रतिशत चढ़कर 73,917.03 अंक हो गया। इसी तरह निफ्टी 11 अंक उठकर 22,415.25 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,345.65 अंक के निचले जबकि 22,502.15 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,403.85 अंक की तुलना में 0.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,466.10 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा 5.97, जेएसडब्ल्यू स्टील 2.36, अल्ट्रासिमको 1.85, कोटक बैंक 1.50, आईटीसी 1.24, एनटीपीसी 1.11, मारुति 1.01, टाटा मोटर्स 1.00, टाटा स्टील 0.81, रिलायंस 0.73, एसबीआई 0.73, टाइटन 0.65, इंडसइंड बैंक 0.44, एचडीएफसी बैंक 0.33, एक्सिस बैंक 0.29 और पावरग्रिड 0.26 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, टीसीएस 1.70, एचसीएल टेक 1.11, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.00, नेस्ले इंडिया 0.85, बजाज फिनसर्व 0.73, विप्रो 0.71, इंफोसिस 0.61, सन फार्मा 0.41, टेक महिंद्रा 0.29, बजाज फाइनेंस 0.24, एलटी 0.21, एशियन पेंट 0.16, आईसीआईसीआई बैंक 0.07 और भारती एयरटेल ने 0.06 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

22 को खुलेगा ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस का आईपीओ

अहमदाबाद, 17 मई (एजेंसियां)। ऑफिस (एडब्ल्यूएफआइएस) स्पेस सॉल्यूशंस लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 22 मई को खुलेगा।

कंपनी की ओर से शुक्रवार को यहां जारी बयान में कहा है कि सीबीआरई रिपोर्ट के अनुसार भारत में सबसे बड़ी फ्लेक्सिबल वर्कस्पेस सॉल्यूशंस कंपनी एडब्ल्यूएफआइएस स्पेस सॉल्यूशंस लिमिटेड का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 22 मई को खुलेगा और 27 मई को बंद होगा। एंकर निवेशक बोली की तारीख बोली/ऑफर खुलने की तारीख से एक कार्य दिवस पहले है यानी 21 मई है। प्राइस बैंड 364 प्रति इक्विटी शेयर से 383 रुपए प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 39 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 39 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोलियां लगाई जा सकती हैं।

इस ऑफर में 128 करोड़ रुपए तक के कुल मिलाकर इक्विटी शेयरों का एक नया इश्यू और कुल मिलाकर 12,295,699 इक्विटी शेयरों तक की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है। कंपनी नए केंद्रों की स्थापना, कंपनी की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के वित्तपोषण के लिए पूंजीगत व्यय के वित्तपोषण के लिए शुद्ध आय का उपयोग करेगी।

खाद्य तेल सहित सभी जिंसों के भाव स्थिर

नई दिल्ली, 17 मई (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जून का पाम ऑयल वायदा 73 रिंगिट उबलकर 3896 रिंगिट प्रति टन हो गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.24 सेंट की तेजी लेकर 44.76 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा।

सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। **गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। **दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा।

इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

देश में वैश्विक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने की क्षमता : सीतारमण

- 2031 तक भारतीय उपभोक्ता बाजार दोगुना होने की उम्मीद

नई दिल्ली, 17 मई (एजेंसियां)। सीतारमण ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की वार्षिक बिजनेस बैठक में उद्योग जगत के दिग्गजों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अच्छे बहुमत के साथ वापस आ रहे हैं। देश में आम चुनाव चल रहे हैं। सात चरणों में से चार चरण संपन्न हो चुके हैं। वोटों की गिनती चार जून को होनी है।

वित्त मंत्री ने कहा कि सीआईआई टीम के साथ भी काफी विचार-विमर्श शुरू हो सकता है। देश में वैश्विक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने की क्षमता है, जिसे आईएमएफ और एसएंडपी जैसी वैश्विक एजेंसियों ने मान्यता दी है। उपभोग खर्च में वृद्धि के कारण 2031 तक बड़ा भारतीय उपभोक्ता बाजार दोगुना होने की उम्मीद है।उन्होंने कहा कि देश भविष्य में भी सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा। इस विषय पर विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, भारत अतीत की दोहरी बैलेंस शीट समस्या से आगे निकल चुका है। दोहरी बैलेंस शीट का लाभ, जिससे बाजार में जीवंतता आई है, जिससे एक तरफ कॉरपोरेट्स द्वारा निवेश विस्तार को बढ़ावा मिला है और दूसरी तरफ बैंकों की ऋण देने की इच्छा और क्षमता बढ़ी है।

- भारत अतीत की दोहरी बैलेंस शीट समस्या से आगे निकल चुका है। दोहरी बैलेंस शीट के लाभ से बाजार में जीवंतता आई है : निर्मला सीतारमण

उन्होंने कहा कि अगले 30 वर्षों तक जनसांख्यिकीय लाभांश देश के पास रहेगा। जब इसे सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से कौशल विकास के साथ पूरक किया जाता है, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता, बड़े डेटा आदि जैसे क्षेत्र शामिल होते हैं, तो यह समृद्धि लाने और उपभोक्ता मांग बढ़ाने के लिए एक निश्चित उपाय है। उन्होंने कहा कि हरित ऊर्जा और एक स्थायी भविष्य की ओर भारत का परिवर्तन नए बाजार और मांग पैदा करेगा। सरकार द्वारा सौर ऊर्जा पर जोर और हरित हाइड्रोजन और हरित अमोनिया के प्रति प्रोत्साहन भी युवाओं को रोजगार के महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा।

खेल जगत

चिराग-सात्विक की जोड़ी पहुंची थाईलैंड ओपन के सेमीफाइनल में

बैंकॉक। भारतीय शटलर चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की शीर्ष वरीयता प्राप्त युगल जोड़ी ने शुक्रवार को थाईलैंड ओपन 2024 में राउंड ऑफ आठ में मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग की जोड़ी को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आज यहां खेले गये इस सुपर 500 टूर्नामेंट में भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने 38 मिनट तक चले मुकाबले में मलेशियाई जोड़ी को 21-7, 21-14 से हराया। चिराग-सात्विक की जोड़ी ने जानदार शुरुआत करते हुए मलेशियाई जोड़ी पर दबाव बनाये रखा। 5-3 के स्कोर के बाद भारतीय जोड़ी ने लगातार अंक अर्जित करते हुए अपनी बढ़त को 11-3 कर दिया। इसके बाद मलेशियाई जोड़ी ने वापसी का प्रयास किया लेकिन चिराग-सात्विक की जोड़ी ने पहला गेम 21-7 से जीत लिया। दूसरे गेम में मलेशियाई जोड़ी के साथ कड़ा संघर्ष हुआ लेकिन फिर भी भारतीय जोड़ी उनपर भारी पड़ी।

आरसीबी को हराकर प्ले ऑफ में जगह पाने की आस में उतरेगी चेन्नई

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 17 मई (देशबन्धु)। एक शतक और पांच अर्द्धशतक सहित रन बनाने में शीर्ष पर चल रहे विराट कोहली, पांच अर्द्धशतक जड़ चुके रजत पाटीदार, तीन अर्द्धशतक जड़ने वाले कप्तान फाफ डू

■ सीएसके को प्ले ऑफ में पहुंचने के लिए मात्र एक अंक की जरूरत

प्लेसी, एक शतक और एक अर्द्धशतक जड़ने वाले विल जैक सहित देर से रंग मे आने वाले अपने शीर्ष क्रम की बदौलत अपने पिछले लगातार पांच मैच सहित 13 में से कुल छह मैच जीतने वाली विजय रथ पर सवार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) अपने घर बेंगलुरू मे शनिवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) पर रिटर्न व अपने 14 वें आखिरी मैच में जीत और नेट रन बेहतर कर अपने पहले बेहद करीबी मैच में चेन्नई में पांच विकेट की हार का हिसाब चुकता कर प्ले ऑफ में स्थान पाने की आस में उतरेगी। आरसीबी यदि सीएके से अपना अंतिम लीग मैच जीतती है तो दोनों टीमों के 14-14 मैचों से समान रूप से 14-14 अंक हो जाएंगे।

सीएसके ने आरसीबी से पिछले पांच में चार मैच जीते हैं। बावजूद इसके हकीकत यह है कि देर से रंगत पाने वाले आरसीबी को हराना सीएसके के लिए शनिवार को कतई आसान नहीं रहने वाला है। फिलहाल सीएसके का नेट रन रेट आरसीबी से बेहतर है। ऐसे में प्ले ऑफ में पहुंचने वाली चौथी टीम की दौड़ से सीएसके को बाहर करने के लिए मसलन 200 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी को ये रन 18.1 ओवर में बनाने होंगे। यदि आरसीबी पहले बल्लेबाजी करते हुए 200 रन बनाती है तो फिर उसे सीएसके को प्ले ऑफ की होड़ से बाहर करने के लिए 18 रन से हराना होगा। वहीं सीएसके को प्ले ऑफ में पहुंचने के लिए आरसीबी के खिलाफ अपने आखिरी लीग व रिटर्न मैच से मात्र एक अंक चाहिए। यदि ऐसे में सीएसके का बारिश के कारण आरसीबी के खिलाफ शनिवार का मैच धूल भी जाता है तो भी वह प्ले ऑफ में पहुंच जाएगी। सीएसके की टीम यदि आरसीबी से अपना मैच जीत जाती है और राजस्थान रॉयल्स की टीम एसआरएच से मैच हार जाती या एसआरएच अपने आखिरी मैच से एक से ज्यादा अंक नहीं पाती है सीएसके दूसरे स्थान की दावेदार हो सकती है। विराट कोहली (कुल 661 रन), कप्तान व उनके सलामी जोड़ीदार फाफ डू प्लेसी (कुल 367 रन), रजत पाटीदार (कुल 320 रन), विल जैक (8 मैच, 230 रन), फिनिशर दो अर्द्धशतक जड़ने वाले दिनेश कार्तिक (कुल 301 रन) के रूप में मौजूद आईपीएल में अब पूरे रंग में आ चुका आरसीबी का मजबूत शीर्षक्रम खासतौर पर सीएसके के बांग्लादेशी बाएं हाथ के मुस्तफिजुर रहमान (9 मैच , 14 विकेट), मतीशा पथिराना (6 मैच, 13 विकेट) के स्वदेश लौटने और चोट के चलते बाहर दीपक चाहर (8मैच, कुल 5विकेट) बाहर होने का लाभ उठाकर खासतौर पर सिमरजीत सिंह (3 मैच, 5 विकेट) और शार्दूल ठाकुर (8 मैच, 3 विकेट) जैसे तेज गेंदबाजों और अनुभवी बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा (8 विकेट), मोइन अली (8 मैच, 2 विकेट) और महेश तीक्ष्णा (4 मैच, 2 विकेट) को निशाना बना उसे जिताने और उसका नेट रन रेट बेहतर करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा।

आईपीएल 2024

चेन्नई-बेंगलुरु मैच पर बारिश व तूफान का खतरा

बेंगलुरु। आईपीएल 2024 में शनिवार को होने जा रहे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू - चेन्नई सुपर किंग्स मुक़ाबले पर बारिश का ख़तरा मंडरा रहा है। प्ले ऑफ़ की चौथी टीम बनने के लिए जहां चेनन्ई को इस मैच में जीत दर्ज करनी है या एक अंक से भी उनका काम चल सकता है, वहीं बेंगलुरु को नेट रन रेट बेहतर करने के साथ जीत भी दर्ज करनी होगी । भारतीय मौसम विभाग ने 18 मई को मध्य बेंगलुरू के इलाके में 40-50किमी/घंटे की तेज़ रफ़्तार की हवा, तूफ़ान और भारी बारिश का पूर्वानुमान लगाया है। पिछले दो सप्ताह से शहर में लगातार बारिश हो रही है। गुरूवार रात भी चिन्नास्वामी स्टेडियम के इलाके में बारिश हुई, जो कि शुक्रवार सुबह भी जारी रही। पूर्वानुमान के अनुसार शुक्रवार शाम भी बारिश और तूफ़ान दोनों आ सकते हैं। आईएमडी के अलावा एकुवेदर.कॉम ने भी मैच के समय भारी बारिश और तूफ़ान की आशंका जताई है। मैच की शुरुआत के समय शाम 7.30 बजे तापमान 23एसेल्सियस पर रहेगा, जबकि आसमान में 100 फीसदी बादल छाए रहेंगे। हालांकि यहां ध्यान देने वाली बात यह भी है कि चिन्नास्वामी का ड्रेनेज सिस्टम बहुत अच्छा है, जिससे बारिश थमने के 30 मिनट के भीतर ही खेल शुरू हो सकता है। अगर मैच धुल जाता है तो बेंगलुरु के प्ले ऑफ़ में पहुंचने की संभावना भी धुल जाएगी।

सुनील छेत्री की फैंस से खास अपील

'विदाई मैच में बड़ी संख्या में आएं'

नई दिल्ली, 17 मई (एजेंसियां)। फुटबॉल जगत में सुनील छेत्री एक बड़ा नाम है। सुनील इकलौते भारतीय फुटबॉलर हैं, जिनकी तुलना फैंस रोनाल्डो और मेसी जैसे दिग्गज खिलाड़ियों से करते हैं। यह वही खिलाड़ी हैं जिसने भारतीय फुटबॉल को नए मुकाम तक पहुंचाया है। भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने गुरुवार को संन्यास

■ भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने गुरुवार को संन्यास लेने का किया था ऐलान

लेने का ऐलान किया है। वह कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफायर के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेंगे। जब छेत्री से कोलकाता में घरेलू दर्शकों से उनकी उम्मीदों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने अपने फैंस से बड़ी संख्या में स्टेडियम पहुंचने और खेल का आनंद लेने की अपील की। सुनील छेत्री ने कहा कि बस आएं और हमें प्रोत्साहित करें। हमारे देश में कई शानदार मैदान हैं जिन्होंने इस खेल को और मजेदार बना दिया, लेकिन इन सब में साल्ट लेक शीर्ष पर है।

यह मैदान अविश्वसनीय है। यहां ऐसे प्रशंसक हैं जो मोहन बागान, ईस्ट बंगाल, मोहम्मडन एससी या स्थानीय क्लबों के समर्थक हैं, लेकिन अजीब बात है कि ये क्लब उस वर्ष कैसा भी प्रदर्शन कर रहे हों, वे राष्ट्रीय टीम के लिए बड़ी संख्या में आते हैं और अपनी टीम को सपोर्ट करते हैं। शुक्रवार को एआईएफएफ द्वारा आयोजित किए गए एक वर्चुअल बातचीत में सुनील छेत्री ने आईएएनएस से कहा कि घबराएं नहीं, मुझे पता है कि यह एक बड़ा मैच है। बड़ी संख्या में यहां आएं और मैच का आनंद लें। भारतीय फुटबॉल के 39 वर्षीय दिग्गज खिलाड़ी देश के शीर्ष गोल स्कोरर के रूप में खेल से संन्यास लेंगे।

हम महिला हॉकी प्रो लीग में हर मैच में अपनी छाप छोड़ने को बेताब : सलीमा

■ भारतीय महिला हॉकी टीम यूरोपीय दौरे के दौरान प्रो लीग में अर्जेंटीना, बेल्जियम, ब्रिटेन और जर्मनी से दो-दो बार भिड़ेगी

नई दिल्ली, 17 मई (देशबन्धु)। चतुर मिडफील्डर कप्तान सलीमा टेटे की अगुआई में भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 के यूरोपीय चरण में शिरकत करने के लिए शुक्रवार सुबह बेंगलुरू के कैम्पोगौड़ा इंटरनैशनल एयरपोर्ट से ब्रसेल्स के लिए रवाना हो गई। मिडफील्डर नवनीत कौर भारतीय महिला हॉकी टीम की उपकप्तान होंगी। भारतीय महिला हॉकी टीम लंदन होते हुए ब्रसेल्स पहुंचेगी। भारतीय महिला हॉकी टीम अपने एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में पहले 22 से 26 मई तक एंटवर्प (बेल्जियम) में खेलेगी और फिर वहां से 1 से 9 जून तक बाकी मैच खेलने लंदन जाएगी। भारतीय महिला हॉकी टीम इस यूरोपीय दौरे के दौरान प्रो लीग में अर्जेंटीना, बेल्जियम, ब्रिटेन और जर्मनी से दो-दो बार भिड़ेगी। भारतीय महिला हॉकी टीम फिलहाल एफआईएच प्रो हॉकी लीग 2023-24 में अंक तालिका में आठ मैचों से आठ अंक लेकर छठे स्थान पर है। भारतीय महिला हॉकी

टीम की एफआईएच प्रो लीग की तैयारियां जोरदार रही। भारतीय महिला हॉकी टीम ने तैयारी के क्रम में मेहमान दक्षिण अफ्रीकी महिला हॉकी टीम के खिलाफ 3 से 11 मई तक छह मैचों की दोस्ताना सीरीज साई बेंगलुरू में खेलीं। भारतीय महिला हॉकी टीम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इस दोस्ताना सीरीज में 1-0, 5-1 , 3-1 से जीत दर्ज की। दक्षिण अफ्रीका ने जोरदार वापसी की और चौथे मैच में निर्धारित समय में दो-दो की बराबरी के बाद शूटआउट में 4-2 से और पांचवें में निर्धारित समय में एक एक की बराबरी के बाद शूटआउट 3-1 से जीत दर्ज की। भारतीय महिला हॉकी टीम ने मेहमान दक्षिण अफ्रीका से छठा और आखिरी मैच निर्धारित समय में एक-एक की बराबरी के बाद शूटआउट में 4-3 से जीता। भारत की कप्तान सलीमा टेटे ने प्रो लीग के यूरोपीय चरण के लिए भारतीय हॉकी टीम के रवाना होने से पहले कहा, प्रतिभासम्पन्न भारतीय टीम का नेतृत्व करना बड़े गौरव की बात है। हम एफआईएच प्रो हॉकी लीग के यूरोपीय चरण में दमदार प्रदर्शन कर भारत का अंतरराष्ट्रीय मंच पर गौरव बढ़ाने को कृतसंकल्प है। मेहमान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने घर में हॉकी सीरीज खेलने से हमें काफी कुछ सीखने को मिला। हम इन सबक को यूरोप में मजबूत प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ मैचों में बतौर टीम, संकल्प और जीवट के साथ खेल लागू करने की कोशिश करेंगे।हम महिला हॉकी प्रो लीग में हर मैच में अपनी छाप छोड़ने को बेताब हैं। भारतीय महिला हॉकी टीम की उपकप्तान मिडफील्डर नवनीत कौर ने कहा कि भारतीय टीम की उपकप्तानी बड़ी जिम्मेदारी और फख्र की बात है। मैं अपनी कप्तान सलीमा टेटे के साथ अपनी टीम को हर मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ देने को प्रेरित करने को प्रतिबद्ध हूं। मेहमान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने घर में हाल ही की सीरीज में हमने जो जीवट और जज्बा दिखाया हम उसी लय को एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में भी जारी करने को बेताब हैं।

अगर वेस्टइंडीज लगातार और स्मार्ट क्रिकेट खेले तो जीत सकता है टी-20 विश्वकप : एम्ब्रोस

न्यूयॉर्क, 17 मई (एजेंसियां) महान तेज गेंदबाज कर्टली एम्ब्रोस का मानना है कि रोवमैन पॉवेल की अगुवाई वाली सह-मेजबान वेस्टइंडीज के पास 1 जून से शुरू होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप का बेजोड़ तीसरा खिताब जीतने के लिए पर्याप्त प्रतिभा है। वेस्टइंडीज ने क्रमश: 2012 और 2016 में दो बार पुरुष टी-20 विश्व कप जीता है। लेकिन शोपीस इवेंट के पिछले दो संस्करणों में उनका प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा है। 2021 में, कीरोन पोलार्ड की अगुवाई वाली वेस्टइंडीज ग्रुप चरण में सिर्फ एक मैच जीतने के बाद नॉकआउट में प्रवेश करने में विफल रही। एक साल बाद, ऑस्ट्रेलिया में निकोलस पूरन के नेतृत्व में, वे सुपर टेन चरण में प्रवेश नहीं कर सके। जिम्बाब्वे में क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में शीर्ष दो टीमें बनने में असफल रहने के बाद वेस्टइंडीज भारत में 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने से चूक गया। लेकिन टी20 में, वेस्टइंडीज का हालिया फॉर्म उत्साहजनक रहा है, उसने घरेलू मैदान पर पिछले 14 महीनों में दक्षिण अफ्रीका, भारत और इंग्लैंड पर श्रृंखला जीत दर्ज की है। एंब्रोस ने कहा कि हमारे पास एक बहुत अच्छी टीम है। जैसा कि हम बात कर रहे हैं वे एंटीगा में एक शिविर में हैं जो टी20 विश्व कप की शुरुआत के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं जो

■ वेस्टइंडीज ने क्रमशः 2012 और 2016 में दो बार पुरुष टी-20 विश्व कप जीता है

कुछ सप्ताह दूर है। एम्ब्रोस ने न्यूयॉर्क में काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के लांच के मौके पर कहा कि मेरा मानना है कि एक बार जब खिलाड़ी लगातार क्रिकेट और स्मार्ट क्रिकेट खेलना शुरू कर देंगे, तो मेरा मानना है कि हम ट्रॉफी ले सकते हैं। यह आसान नहीं होगा, लेकिन हम इसे दो बार जीतने वाले केवल दो देशों में से एक हैं, इसलिए हम कोशिश करेंगे और इसे तीन बनाओ। और किसी भी अन्य देश ने कभी भी इसे घरेलू धरती पर नहीं जीता है, इसलिए यह सब लोगों के लिए अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरणा है और मुझे उम्मीद है कि वे ऐसा कर सकते हैं, वेस्टइंडीज को 2024 पुरुष टी20 विश्व कप के ग्रुप सी में रखा गया है ।

सार संक्षेप

तीरंदाज दीपिका कुमारी विश्व क्वालीफायर से पहले कोरिया में लेंगी ट्रेनिंग

नई दिल्ली। खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) से रिकर्व तीरंदाज दीपिका कुमारी के पेरिस ओलंपिक के लिए विश्व क्वालीफायर से पहले दक्षिण कोरिया में प्रशिक्षण के लिए वित्तीय सहायता के अनुरोध को मंजूरी मिल गई है। दीपिका उस भारतीय महिला टीम का हिस्सा हैं जो अगले महीने तुर्की में फाइनल वर्ल्ड क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट में पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए कोटा हासिल करने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। मंत्रालय की विज्ञप्ति में बताया गया है, कि वह सभी महत्वपूर्ण आयोजन के लिए अंताल्या, तुर्की जाने से पहले 13 दिनों के लिए किम तीरंदाजी स्कूल में प्रशिक्षण लेंगी। अपने लक्ष्य ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के तहत, मंत्रालय उनके एयर टिकट, खाने से ले लेकर रहने तक और प्रशिक्षण से जुड़ी हर चीज की व्यवस्था करेगा। एमओसी ने ओलंपिक खेलों से पहले फिजियोथेरेपी उपकरणों की खरीद को लेकर वित्तीय सहायता के लिए भारतीय तीरंदाजी टीमों (पुरुष और महिला) के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी। इसके अलावा एथलीट एल्डोस पॉल, किशोर कुमार जेना और बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय के प्रस्तावों को भी मंजूरी दे दी गई।

हॉकी प्रो लीग के लिए यूरोप रवाना हुई भारतीय महिला टीम

बेंगलुरु। भारतीय महिला हॉकी टीम शुक्रवार सुबह केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से लंदन के रास्ते ब्रुसेल्स के लिए अपनी यात्रा पर निकली, जो एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 के यूरोपीय लीग चरण में उनकी भागीदारी की शुरुआत है। लीग का यह चरण बेल्जियम और इंग्लैंड में होगा, जिसमें एंटवर्प 22 से 26 मई तक मैचों की मेजबानी करेगा और लंदन 1 से 9 जून तक मैचों की मेजबानी करेगा। सलीमा टेटे भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगी, मिडफील्डर नवनीत कौर उनकी डिप्टी होंगी। इस चरण के दौरान भारत का सामना अर्जेंटीना, बेल्जियम, ग्रेट ब्रिटेन और जर्मनी से दो-दो बार होगा। वर्तमान में टीम एफआईएच प्रो लीग 2023-24 अंक तालिका में आठ अंक के साथ छठे स्थान पर है। तैयारियां बहुत तीव्र थीं, टीम कठोर प्रशिक्षण सत्रों से गुजरी और साई बेंगलुरु में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ छह मैचों की एक फ्रेंडली सीरीज में भाग लिया, जो 3 से 11 मई तक था। शुरुआती तीन मैचों में भारत ने अपना दबदबा दिखाया और क्रमशः 1-0, 5-1 और 3-1 के स्कोर से जीत हासिल की।

जैरी रोम में सितसिपास एटीपी 1000 सेमीफाइनल में

रोम। निकोलस जैरी ने छठी वरीयता प्राप्त और 2022 के फाइनलिस्ट स्टेफानोस सितसिपास को 3-6, 7-5, 6-4 से हराकर इटालियन ओपन में अपने पहले एटीपी मास्टर्स 1000 सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इंफोसिस एटीपी स्टैट्स के अनुसार, 28 वर्षीय ने दो घंटे और 38 मिनट के थ्रिलर के दौरान मानसिक दृढ़ता का प्रदर्शन किया, जिसके दौरान उन्होंने 13 में से 11 ब्रेक प्वाइंट का सामना किया। रोम में लगातार तीसरी बार सेमीफ़ाइनल में पहुंचने के लिए सितसिपास की खोज को विफल करने के लिए, चिली के खिलाड़ी ने बेसलाइन से अथक शक्ति का प्रदर्शन किया।

लॉर्ड्स टेस्ट के बाद संन्यास लेंगे जेम्स एंडरसन

■ 700 टेस्ट विकेट के आंकड़े तक पहुंचने वाले तीसरे गेंदबाज हैं जेम्स एंडरसन

लंदन, 17 मई (एजेंसियां)। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एंड्रयू स्ट्रॉस ने कहा है कि अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन, जो जुलाई में वेस्टइंडीज के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट के बाद संन्यास लेने वाले हैं, सर्वकालिक महान गेंदबाजों में से एक हैं, लेकिन उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि टीम को अपनी गेंदबाजी लाइन-अप में उनके बाद एक जीवन की जरूरत है। शनिवार को, एंडरसन ने घोषणा की कि वह 10 जुलाई से वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू होने वाले लॉर्ड्स टेस्ट के बाद संन्यास ले लेंगे, जिससे खेल के सबसे लंबे प्रारूप में उनके लंबे समय से चले आ रहे शानदार करियर का अंत हो जाएगा, उन्होंने 2003 में अपने पदार्पण के बाद से इंग्लैंड के लिए 187 कैप अर्जित किए हैं। इस साल की शुरुआत में, मार्च में धर्मशाला में इंग्लैंड के भारत दौरे के पांचवें और अंतिम मैच के दौरान एंडरसन शेन वार्न और मुथैया मुरलीधरन के बाद 700 टेस्ट विकेट के आंकड़े तक पहुंचने वाले तीसरे गेंदबाज बने - किसी भी तेज गेंदबाज द्वारा सबसे अधिक। एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड के एक साल से भी कम समय में रिटायर होने का मतलब है कि इंग्लैंड के पास टेस्ट गेंदबाजी लाइन-अप के मामले में बहुत बड़ी कमी है। अब और अगली एशेज के बीच हमें केवल निश्चित संख्या में ही कार्यक्रम मिले हैं, और यहां तक कि खुद जिमी भी स्वीकार करेंगे कि अगली एशेज लंबी खिंचती दिख रही है।

नीदरलैंड टी-20 ट्राई सीरीज के लिए फिओन हैंड आयरलैंड टीम में शामिल

डबलिन, 17 मई (एजेंसियां)। गेंदबाजी ऑलराउंडर फिओन हैंड नीदरलैंड में आगामी टी20 ट्राई सीरीज के लिए आयरलैंड की पुरुषों की टी20 टीम में शामिल होंगे, जबकि ग्राहम ह्यूम वीजा में देरी के कारण यात्रा से चूक गए हैं। क्रिकेट आयरलैंड ने शुक्रवार को अपने बयान में कहा कि वीजा प्रक्रिया में देरी का मतलब है कि दक्षिण अफ्रीका में जन्मे ह्यूम को नीदरलैंड में खेलने के लिए शेंगेन वीजा की आवश्यकता होगी और वह अब दौरे से चूक जाएंगे। इसमें कहा गया है कि इस मामले का आगामी आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप टीम में ह्यूम के शामिल होने पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, जिसके लिए उन्हें पिछले सप्ताह नामित किया गया था। 25 वर्षीय हैंड ने आयरलैंड के लिए 10 टी20 मैच खेले हैं, जिसमें ऑस्ट्रेलिया में 2022 टी20 विश्व कप में खेलना भी शामिल है।

पैरा एथलीट कैल्काग्नि ने पुरुषों की 100 मीटर टी-72 में बनाया नया विश्व रिकॉर्ड

कोबे, 17 मई (एजेंसियां)। इटली के पैरा एथलीट कार्लो फैबियो मार्सेलो कैल्काग्नि ने शुक्रवार को पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप 2024 में पुरुषों की 100 मीटर टी72 के फाइनल में नए विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। आज यहां जापान के बंदरगाह शहर कोबे के यूनिवर्सिएड मेमोरियल स्टेडियम में पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप के 11वें संस्करण के पहले दिन फ्रेम-रनिंग एथलीट कैल्काग्नि ने 15.39 सेकंड का समय दर्ज करते हुए मार्च में बनाए गए 15.80 सेकेंड के अपने विश्व रिकॉर्ड को तोड़ दिया। ब्राजील के विनीसियस मार्क्स क्राइगर क्विंटिनोबरा और लिथुआनिया के डेविडास पोडोबाजेवास ने टी72-श्रेणी प्रतियोगिता में क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीते। इस स्पर्धा को फ्रेम रनिंग के रूप में भी जाना जाता है, जहां एथलीट तीन पहियों वाले फ्रेम की सहायता से दौड़ते हैं।

ब्राजील के पैरा धावक जैक्स ने पुरुषों की पांच हजार मीटर टी11 विश्व रिकॉर्ड तोड़ा

कोबे। ब्राजील के पैरा एथलीट येल्तसिन जैक्स ने शुक्रवार को पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की पांच हजार मीटर टी11 फाइनल में नए विश्व रिकॉर्ड के साथ जीत दर्ज की। आज यहां मध्य जापान के बंदरगाह शहर कोबे के यूनिवर्सिएड मेमोरियल स्टेडियम में 32 वर्षीय दृष्टिबाधित एथलीट जैक्स ने 14 मिनट 53.97 सेकंड का समय के साथ विश्व रिकार्ड बनाया।



मुझे उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने पर गर्व है : रोनाल्डो

■ रोनाल्डो 128 गोल के साथ अंतरराष्ट्रीय सर्किट में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी

नई दिल्ली, 17 मई (एजेंसियां)। पुर्तगाल और अल-नासर के स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपनी सेवानिवृत्ति की योजना को ज्यादा महत्व नहीं देते हुए कहा है कि वह अभी भी उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धी हैं। 39 वर्षीय खिलाड़ी 128 गोल के साथ अंतरराष्ट्रीय सर्किट में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं और मैदान पर बहुत ऊर्जावान रहते हैं। सऊदी फ्रेंचाइजी अल-नासर के लिए अपने पहले सीज़न में, स्ट्राइकर ने सभी प्रतियोगिताओं में 48 गोल किए हैं। अपनी निकट भविष्य की सेवानिवृत्ति की योजना से इनकार करते हुए, रोनाल्डो ने खेल में अपना करियर जारी रखने की इच्छा व्यक्त की। गोल.कॉम ने व्हूप पॉडकास्ट पर उनके हवाले से कहा कि मुझे इस उम्र में होने और अभी भी उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने पर गर्व है। यह बहुत अच्छा है और इससे मुझे आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। अगर आप मेरे पिछले 20 साल के करियर पर नजर डालें तो मेरा स्तर ऊंचा है। यदि आप 20 वर्षों से शीर्ष पर हैं, तो यह अविश्वसनीय है। मैं ऐसा करता हूं और वैसा ही करता रहूंगा, मेरे लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। अपने नाम पर 891 गोल के साथ, रोनाल्डो अपने लक्ष्य की संख्या को 1,000 तक ले जाने की क्षमता रखते हैं और फुटबॉल के इतिहास में यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी बन सकते हैं। रोनाल्डो ने कहा कि पांच चैंपियंस लीग जीत के अलावा इंग्लैंड, स्पेन और इटली में लीग खिताब जीतने के बाद उन्हें इस स्तर पर बने रहने के लिए खुद को आगे बढ़ाना होगा। मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा आगे बढ़ना है। इस स्तर पर रहना आसान नहीं है. अभी भी प्रयास करना, अभी भी प्रेरित करना, आगे बढ़ना, गोल करना, अच्छे आकार में रहना, आने वाले युवा खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करना और जब वे मेरे खिलाफ खेलते हैं, तो वे मुझे दिखाना चाहते हैं कि वे मुझ से मजबूत और तेज़ हैं।

ब्राजील फीफा महिला विश्वकप 2027 का मेजबान बना

बैंकॉक। ब्राजील को शुक्रवार को यहां 74वीं फीफा कांग्रेस में महिला विश्व कप 2027 के लिए मेजबान नामित किया गया है। ब्राजील की बोली बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड के खिलाफ प्रबल रही, और फीफा कांग्रेस में खुले वोट के साथ मेजबानी का अधिकार पाने वाला पहला देश बन गया। ब्राज़ील को 119 वोट मिले जबकि जर्मनी, नीदरलैंड और बेल्जियम की संयुक्त बोली को 78 वोट मिले। महिला विश्व कप पहली बार दक्षिण अमेरिका में आयोजित किया जाएगा। चीन, स्वीडन, अमेरिका, जर्मनी, कनाडा और फ्रांस सभी ने 2023 के आयोजन से पहले कम से कम एक अवसर पर मेजबानी की। इससे पहले, ब्राजील ने 1950 में पुरुष विश्व कप और 2014 विश्व कप का आयोजन किया था। ब्राजीलियाई फुटबॉल परिसंघ के अध्यक्ष एडनाल्डो रोड्रिग्स ने कह कि आज हम बैंकॉक में एक ऐतिहासिक दिन का अनुभव कर रहे हैं। यह विश्व महिला फुटबॉल की जीत है। मैं आप सभी को आश्वस्त करता हूं कि यह इतिहास का सर्वश्रेष्ठ महिला विश्व कप होगा। उन्होंने कहा कि विश्व कप में निवेश के अलावा, ब्राजील और उत्तरी अमेरिका दक्षिण में महिला फुटबॉल विकास में एक बड़ी छलांग लगाएंगे।